CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 24 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


# सामिआ इन्टर नेशनल बिल्डर्स लि.

## के स्थापना दिवस 19 सितम्बर 2025 को 23 वे वर्ष में गौरव पूर्ण प्रवेश

## हमारे गौरव पूर्ण पल

SAMIAH

### सामिआ इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड








**MAKE IN INDIA CONCLAVE 2025**
















अमर उजाला बिजनेस एक्सीलेंस 2024 कार्यक्रम अमर उजाला समूह व हमारी कंपनी सामिआ इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड के साथ (UAE दुबई) में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के द्वारा सम्मानित






## सामिआ इन्टरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट्स


























उत्तराखंड सरकार के मंत्री ... के द्वारा सम्मानित होते हुए मकसूद त्यागी




## वारसी न्यूज टुडे



### लंदन में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

Awarded In House Of Lord London (Birtish Parliament)
With Minister Of Technology England
Mr Paul Scully And Shri Kc Tyagi Ji Ex Mp Indian Parliament Both House

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के नेता नजरबंद किए जा रहे: महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने प्रशासन पर नेताओं को नजरबंद करने का आरोप गुरुवार को लगाया। उन्होंने कहा हुर्रियत के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुल गनी भट के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सोपोर जाने नहीं दिया जा रहा और राजनेताओं को नजरबंद किया गया है। उदारवादी हुर्रियत नेता दिवंगत भट (90) का कल शाम सोपोर के बोटेंगो गांव स्थित घर पर संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया था। इसके बाद कल देर रात उन्हें उनके पैतृक गांव में दफना दिया गया। अपने सोशल मीडिया एक्स के एक पोस्ट में सुश्री महबूबा ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं को श्रद्धांजलि देने से रोकने के लिए उन्हें नजरबंद करने का निर्णय जम्मू-कश्मीर प्रशासन की कठोर और अलोकतांत्रिक वास्तविकता को दिखाता है।

### इच्छुक कर्मचारी समय से पहले चुनें यूपीएस का विकल्प

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में जाने के इच्छुक अपने पात्र कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों को 30 सितम्बर को समय सीमा समाप्त होने से पहले इसके लिए आवेदन करने का आग्रह किया है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एनपीएस से यूपीएस में जाने के लिए अंतिम समय सीमा 30 सितम्बर है और इसके लिए इच्छुक केंद्र सरकार के पात्र कर्मचारियों को जल्द से जल्द आवेदन करना चाहिए, ताकि अंतिम समय में होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

# जीएसटी सुधार कर प्रणाली में ऐतिहासिक कदम: योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि नवीनतम जीएसटी सुधार, भारत की कर प्रणाली में अपनी शुरुआत से अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है।

योगी ने अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अब इन्हें सरल बनाकर केवल दो मुख्य स्लैब में विभाजित कर दिया गया है, जो पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत है। यह कदम आम आदमी के लिए एक बड़ी राहत है, चाहे वह घर की रसोई हो या किसान। आवास निर्माण से लेकर राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं तक। साथ ही यह सुधार उपभोग क्षमता को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगा और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, जिसका प्रभाव 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के क्षेत्रों पर पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने देश की स्वतंत्रता के अवसर पर देश के सामने जो टैक्स रिफार्म के बारे में जो चर्चा की थी, वह 20 दिन में जनता के सामने आ गए हैं और 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का देशवासियों के लिए टैक्स रिफार्म दीपावली का उपहार भी है।

### कई जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी बदले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा विभाग के अंतर्गत कई बेसिक शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं।संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय के स्तर से बुधवार को जारी स्थानांतरण सूची में शामिल गाजीपुर के बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव को वाराणसी में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक के पद पर तैनाती दी गई है। बिजनौर के बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र कुमार को उत्तर प्रदेश का पाठ्य पुस्तक अधिकारी बनाया गया है। रायबरेली के बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह को डायट लखनऊ का उप प्राचार्य और उन्नाव की बीएसए संगीता सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक गोरखपुर के पद पर तैनाती दी गई है।

# दस जिलों के कप्तान समेत 16 आईपीएस के तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने त्योहारों से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए दस जिलों के कप्तान समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 16 अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

गुरुवार को जारी तबादला सूची के अनुसार आजमगढ़, देवरिया, अलीगढ़, उन्नाव, कुशीनगर, प्रतापगढ़, औरैया, सोनभद्र , हरदोई, अंबेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, लखनऊ में तैनात जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया का एसपी बनाया गया है। हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को अलीगढ़ का एसएसपी बनाया गया है। सोनभद्र के एसपी अशोक कुमार मीना को पुलिस अधीक्षक, हरदोई की जिम्मेदारी मिली है। एसपी, रेलवे आगरा में तैनात अभिषेक वर्मा




■ आजमगढ़ से लखनऊ बुलाए गए हेमराज मीणा, संतोष मिश्रा का भी किया गया तबादला

को सोनभद्र का एसपी बनाया गया है। एसपी, उन्नाव दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी, प्रतापगढ़ डा. अनिल कुमार-।। को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ बनाया गया है। अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर को पुलिस अधीक्षक, अंबेडकरनगर बनाया गया है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र भेजा गया है। कुशीनगर के एसपी संतोष कुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महा. निदेशक, उप्र भेजा गया है। देवरिया के एसपी विक्रांत वीर को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक भेजा गया है। प्रयागराज में 4 वाहिनी पीएसी में सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, बलिया के रूप में तैनात अनिल कुमार झा को पुलिस अधीक्षक, रेलवे आगरा बनाया गया है। सेनानायक और उपस. नानायक, 27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर में तैनात सर्वेश कुमार मिश्रा को सेनानायक, 4 वाहिनी पीएसी, प्रयागराज बनाया गया है।

### सीआईडी ने 18 महीने में ईसी को 18 पत्र भेजे, लेकिन नहीं दिया जवाब

# वोट चोरी को छिपा रहा चुनाव आयोग: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कर्नाटक में अलंद विधानसभा क्षेत्र में वोट चोरी की जांच आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) कर रहा है और इस मामले में उसने स्पष्टीकरण मांगते हुए चुनाव आयोग को पत्र लिखे हैं, लेकिन आयोग उसके सवालों का जवाब नहीं दे रहा है।

खड़गे ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले की जांच कर रही सीआईडी ने 18 महीनों में मुख्य चुनाव आयोग को 18 पत्र लिखे, लेकिन आयोग ने दोषियों का पता लगाने के लिए जरूरी अहम जानकारी को दबा दिया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के इस मामले में ठोस सबूतों के साथ कांग्रेस नेता राहुल



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-आयोग ने दोषियों का पता लगाने के लिए अहम जानकारी को दबा दिया है

गांधी ने कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले का पूरी तरह से पर्दाफाश किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इससे तीन अहम सवाल उठते हैं -चुनाव आयोग किसे बचा रहा है।

क्या भाजपा उन संस्थानों को खोखला कर रही है, जिनका काम हमारे लोकतंत्र की रक्षा करना है और क्या हम ऐसे लो. कतंत्र को बर्दाश्त कर सकते हैं जहां चुनाव प्रणाली को 'वोट चोरी फैक्ट्री' के जरिए पूरी तरह से ध्वस्त किया जा रहा हो। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गंभीर सवाल हैं और इन सवालों को देश के लोगों और खासकर युवाओं से जोरदार तरीके से पूछने की आवश्यकता है।

### देश में बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं राहुल गांधी : भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं एवं लोकतंत्र पर प्रहार कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अस्थिरता पैदा कर बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं। पार्टी मुख्यालय में भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने यहां गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 90 चुनाव हारने में बाद कांग्रेस और उनके प्रमुख नेता हताश हैं, जिसके चलते निराधार आरोप लगाना गांधी की अब आदत बन गई है। ठाकुर ने कहा कि गांधी का चुनाव आयोग पर ताजा आरोप 'हाइड्रोजन बम की जगह फुलझड़ी' साबित हुआ है, क्योंकि आयोग ने कहा है कि ऑनलाइन किसी का वोट नहीं काटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी से जब लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए कहा जाता है, तो वह पीछे हट जाते हैं, शपथ पत्र देने को कहा जाता है, तो मुकर जाते है और आधारहीन आरोप लगाना उनकी आदत बन गई है। भाजपा नेता ने गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव आयोग पर गलत और निराधार आरोप लगाना, कभी वीवीपैट, कभी ईवीएम, कभी चुनावी नतीजों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना, कभी टूलकिट के सहारे भारत की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना, उनकी आदत बन चुकी है।

# कहां गई विदेश नीति, जिसका डंका पीट रहे: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

ड्रग उत्पादक व निर्यातक देशों में चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत 23 देशों की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को शामिल किए जाने पर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कड़ा विरोध जताया है।

उन्होंने ड्रग उत्पादक और निर्यातक देशों में शामिल किया जाना देश के लिए बेहद शर्मनाक है। साथ ही उन्होंने पूछा है कि कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भाजपा के लोग हवन पूजन करते फिर रहे थे, जीत की कामना कर रहे थे और खुशियां मना रहे थे, पटाखे फोड़ रहे थे उसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत का घोर अपमान किया। भारत को ड्रग्स उत्पादक एवं निर्यातक देशों में पाकिस्तान के साथ ही सूची में डाल दिया, यह देश के लिए बेहद शर्मनाक है। कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था।



### लोकल मेनिफेस्टो पर सपा का फोकस

**लखनऊ।** 2027 विस चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी का फोकस 'लोकल मेनिफ़ेस्टो' पर होगा। अखिलेश यादव ने आगरा, हाथरस, मथुरा के बाद तीन और शहरों के नाम सुझाएं हैं, जिनमें नोयडा लोकल मेनिफ़ेस्टो, गाजियाबाद लोकल मेनिफ़ेस्टो और बागपत लोकल मेनिफ़ेस्टो शामिल है।



सेंसेक्स 83013.96
निफ्टी 25423.60



सोना रु. 109264
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 126000
प्रति किलो



# फेड के ब्याज दर घटाने से शेयर बाजारों में रौनक

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक करीब ढाई महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 415.21 अंक की बढ़त के साथ 83,108.92 अंक पर खुला और अंत में 320.25 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 83,141.21 अंक और नीचे 82,704.92 अंक तक गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 110.80 अंक की तेजी में 25,441.05 अंक पर खुला और अंत में 93.35 अंक चढ़कर 25,423.60 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 25,448.95 अंक निचला स्तर 25,329.75 अंक रहा। फार्मा और आईटी सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही, जिनके कारोबार का बड़ा हिस्सा अमेरिका के जुड़ा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने



बुधवार को नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। इसकी उम्मीद पहले से ही की जा रही थी। इस कारण पिछले सप्ताह से ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में पूंजी निवेश बढ़ा दिया है। लिवाली के दम पर सेंसेक्स 10 जुलाई के बाद पहली बार 83,000 अंक के ऊपर बंद हुआ है। निफ्टी-50 भी 09 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर पर रहा। एचडीएफसी बैंक, इटरनल, इंफोसिस, सनफार्मा, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 2.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलि. वर और पावरग्रिड के शेयर भी मजबूत हुए। सबसे अधिक 1.13 फीसदी की गिरावट टाटा मोटर्स में देखी गई। ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक भी नुकसान उठाने वाली सेंसेक्स की आठ कंपनियों में शामिल थीं। चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 0. 37 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और फार्मा के अलावा एफएमसीजी, वित्तीय सेवा, धातु, निजी बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में लिवाली रही। वहीं सार्वजनिक बैंक, तेल एंव गैस और रियलिटी समूहों में बिकवाली का जोर रहा। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.15 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

हांगकांग के हैंगसेंग में 1.35 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.15 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.22 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत की बढ़त में कारोबार कर रहा था।

### आज सोने-चांदी के दाम में गिरावट

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने और चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई। सोना 469 गिरकर 1.09 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया, चांदी भी 1.26 लाख किलो बिक रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 469 रुपए गिरकर 1,09,264 पर आ गया है। इससे पहले कल ये 1,09,733 रुपए पर था। गिरावट के समय हर निवेशक सोना खरीदने का प्लान बना रहा है।सोने और चांदी में निवेश से जुड़े सवाल कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया और या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता के अनुसार शॉर्ट टर्म में सोने और चांदी में कितनी करेक्शन देखी जा सकती है? या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता का कहना है कि सोने का भाव 106000 रुपये से 107000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। ऐसे ही चांदी का दाम 1,20,000 रुपये से 122,000 रुपये तक जा सकता है।

# कृषि प्रणाली के लिए फसल विविधीकरण पर जोर



**नई दिल्ली।** तिलहन और दलहन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि मंत्रालय प्रति हेक्टेयर उत्पादकता पर विशेष जोर देते हुए पैदावार बढ़ाने की योजना तैयार करेगा। मंत्रालय एक स्थायी कृषि प्रणाली के लिए फसल विविधीकरण की आवश्यकता पर जोर दे रहा है और दलहन- तिलहन पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा।

फसल विविधीकरण के महत्व को समझाते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दलहन और तिलहन की खेती न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार करती है, बल्कि पोषण सुरक्षा को मजबूत करने और किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि भारत का चावल और गेहूं का प्रोडक्शन पहले से ही वैश्विक स्तर पर है, इसलिए दलहन और तिलहन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रति हेक्टेयर प्रोडक्टिविटी पर विशेष जोर देते हुए पैदावार बढ़ाने के लिए एक रणनीति विकसित की जाएगी। चावल और गेहूं की तुलना में दलहन और तिलहन का उत्पादन कम होने के बारे में बताते हुए चौहान ने आगे कहा कि मैंने आईसीएआर के वैज्ञानिकों से आग्रह किया है कि दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने में कोई कसर न छोड़ें। साथ ही ऐसी नई किस्में विकसित की जाएं, जो अधिक उपज देने में सक्षम हों। दलहन और तिलहन पर विशेष जोर देते हुए फसल विविधीकरण पर बोलते हुए हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने मृदा स्वास्थ्य, पोषण सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए दलहन और तिलहन को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक टिकाऊ फसल पद्धतियों की ओर रुख करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। राज्यों में सफल फसल विविधीकरण के लिए नीतिगत समर्थन, जागरूकता और बाज़ार संपर्क प्रमुख फैक्टर हैं।

■ ऐसी नई किस्में विकसित की जाएं, जो अधिक उपज देने में सक्षम हों: चौहान

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...** बुनियादी ढांचे को पंगु बना दिया है। बिजली आपूर्ति तुरंत ठप हो गई, और महत्वपूर्ण सड़कों को व्यापक नुकसान पहुंचा है, जिससे संपर्क टूट गए हैं और सभी आवाजाही रुक गई है। सेरा रोड पर एक पेट्रोल पंप मलबे में दब गया है, और बिजली न होने के कारण, मोबा. इल नेटवर्क भी काम नहीं कर रहे हैं, जिससे प्रभावित समुदाय और भी अलग-थलग पड़ गए हैं और राहत प्रयासों में बाधा आ रही है। दूसरी ओर वहीं देहरादून से मसूरी का 35 किलोमीटर का रास्ता कई जगह क्षतिग्रस्त है। इसके कारण मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स लगातार तीसरे दिन फंसे हुए हैं।

**साध्वी प्रज्ञा...** दर्ज हुए थे या नहीं। अदालत के सवालों का जवाब गुरुवार को एडवोकेट मतीन शेख और एडवोकेट शाहिद नदीम ने मौखिक और लिखित रूप से दिया, जिसके बाद दो जजों की बेंच नोटिस जारी करने पर राज़ी हुई। अधिवक्ताओं ने अदालत में सभी छह याचिकाकर्ताओं के दस्तावेज़ भी जमा किए और सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले की प्रति भी पेश की, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों को निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल करने का कानूनी अधिकार दिया है। पहली सुनवाई पर चीफ जस्टिस ने मौखिक टिप्पणी की थी कि बम धमाका जैसे संवेदनशील मामले में किसी को भी अपील दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, इसलिए याचिकाकर्ता पहले अदालत को संतुष्ट करें, उसके बाद ही नोटिस जारी होगा। अब बम धमाका पीड़ित जमीयत उलमा-ए-हिंद की कानूनी सहायता समिति के माध्यम से फिर से इंसाफ के लिए अदालत पहुंचे हैं और हाईकोर्ट ने उनकी अर्जी पर देर से ही सही लेकिन नोटिस जारी कर दिया है। यानी अब आरोपियों को अदालत में जवाब देना होगा। तीन दिनों तक बॉम्बे हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई चली, जिसके बाद जमीयत उलमा-ए-हिंद के वकीलों की दलीलें सुनकर अदालत ने याचिका को सुनवाई के लिए मंज़ूर कर लिया है। अब यह एनआईए की नैतिक और संवैधानिक ज़िम्मेदारी बनती है कि वह भी बाम्बे हाईकोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ पिटीशन दाख़िल करे। इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि बम धमाका पीड़ितों ने अपना जमीयत उलमा पर पूरा भरोसा जताया और उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की अनुमति दी, जिसके बाद ही हमारे अधिवक्ताओं ने अर्जी दाखिल की जिस पर गुरुवार को सुनवाई हुई। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के दौरान देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं लेने का प्लान बनाया जाएगा और हाईकोर्ट में पूरी गंभीरता से मुकदमे की पैरवी की जाएगी।

**'वोट चोरी'...** नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6018 मतदाताओं के नाम काटे गए जिसके उनके पास सबूत हैं। यह काम सिर्फ आलंद में ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में भी उसी तरीके से हुआ है और वहां 6,850 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों में इसी तरह से 'वोट चोरी' का काम किया जा रहा है। यह चोरी केंद्रीकृत रूप में हो रही है ओर इसके मास्टरमाइंड का पकड़ा जाना जरूरी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिनके वोट काटे जा रहे हैं उन्हें इसका पता ही नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'वोट चोरी' एक बीएलओ के जरिये पकड़ी गई, जिसके रिश्तेदार का वोट काट दिया गया था। बीएलओ ने पता किया, तो पता चला कि उनके रिश्तेदार का वोट उसी के पड़ोसी ने कटवाया है।

# नवम्बर में उत्तर प्रदेश में होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच लाख करोड़ से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के आयोजन की तैयारी के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ बीते साढ़े आठ वर्षों में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है। इसके माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारंटी मिली। अब आगामी नवंबर माह में जीबीसी 5 के आयोजन की तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित करें और प्रत्एक निवेश प्रस्ताव की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। विभिन्न निजी औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया सामंजस्य के साथ ही होनी चाहिए। अपनी भूमि के साथ हर किसी का एक भावनात्मक संबंध होता है। यह उसके जीवन भर की पूंजी है। यदि प्रदेश हित में उनकी भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है, तो उन्हें अच्छा मुआवजा मिलना चाहिए। कहीं से भी उत्पीड्न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। संवाद और समन्वय से यह काम बड़ी आसानी से हो सकता है। सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप भूमि अधिग्रहण के लिए वर्तमान मुआवजे की दर में बढ़ोतरी पर विचार करें। यह समय की मांग है, इसी में किसानों का हित है। निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों को बघने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए। यहां बड़े बैंकिंग संस्थाओं के कार्यालय हों। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात को और बेहतर करने के लिए नियोजित प्रयास की आवश्यकता है।

■ पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं उतरेंगी जमीं पर

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 22°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 24 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 रबीउलअव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




कहां गई विदेश नीति, जिसका डंका पीटा जा रहा था: अखिलेश यादव पेज 2




21 सितम्बर को फिर भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान खेल टाइम्स



सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते सड़क हादसे सम्पादकीय



सऊदी-पाकिस्तान के बीच हुआ अहम रक्षा समझौता दोनों मिलकर देंगे हमले का जवाब पेज 12

# उत्तराखंड में कुदरत का रौद्र रूप

## चमोली में बादल फटने से 14 जिंदा दबे, पूरा परिवार लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/चमोली।** उत्तराखंड में बादल फटने और मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। बीते 24 घंटों में राज्य में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 36 हो गया है। ताजा त्रासदी चमोली जिले के नंदनगर ब्लॉक में गुरुवार को हुई, जहां बादल फटने से 14 लोगों के मलबे में दबने की आशंका है। बचाव दल ने अब तक एक शव बरामद किया है। यह बढ़ता संकट बुधवार की चरम मौसमी घटनाओं के बाद आया है, जिसमें 22 लोगों की जान चली गई थी और 18 शव बरामद किए जा चुके थे।

राज्य अब व्यापक विनाश से जूझ रहा है, खासकर पहले से ही संवेदनशील चमोली क्षेत्र में। नंदनी और चुफलागाड़ नदियों के किनारे बसा नंदनगर बुधवार रात के कहर का शिकार हुआ। एक भयावह बादल फटने से एक पूरा परिवार और नौ अन्य व्यक्ति कुल 14 लोग लापता हो गए हैं, जबकि दो के घायल होने की सूचना है। बंजरबगड़, मोक्ष धुरमा और आसपास के इलाकों के निवासियों ने प्रलयकारी दृश्य का वर्णन किया। हताश ग्रामीणों ने जिलाधिकारी संदीप तिवारी से संपर्क कर तत्काल आकलन और राहत की गुहार लगाई है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से मिली आधिकारिक जानकारी इस गंभीर वास्तविकता की पुष्टि करती है। नंदनगर की कुंट्रिलागा फाली से कुंवर सिंह (42), उनकी पत्नी कोना देवी और उनके दो बेटे विकास और विशाल का पूरा परिवार लापता है। इसी गांव से देवेश्वरी देवी और नरेंद्र सिंह भी लापता हैं। सरपानी गांव में 70 वर्षीय जगधाथा प्रसाद और उनकी पत्नी भागा देवी भी गायब हो गई हैं। धुरमा गांव में गुमान सिंह और ममता देवी भी लापता लोगों में शामिल हैं। गुरुवार को आपदा



■ 24 घंटे के दौरान मरने वालों का आंकड़ा 36 हुआ, मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स फंसे

संचालन केंद्र की शुरुआती रिपोर्टों ने क्षति के पैमाने का खुलासा किया। एक प्रवक्ता ने बताया कि बादल फटने से हुई भारी बारिश और मलबे ने कुंट्रिलागा फाली, नंदनगर में छह आवासीय भवनों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित दस व्यक्ति लापता हैं, और दो को बचाया गया है। मोक्ष नदी के किनारे स्थित सेरा गांव सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यह समुदाय 8 जुलाई को इसी तरह की आपदा से उबर ही रहा था, जब बुधवार रात के बादल फटने ने सारी प्रगति को मिटा दिया। एक परेशान निवासी ने अपनी भयावह पलायन का वर्णन करते हुए कहा कि हमें लगा जैसे आसमान फिर से हम पर गिर गया। हम सब कुछ छोड़कर जान बचाने के लिए भागे। सेरा में महिपाल सिंह और अवतार सिंह के आवासीय भवन खतरनाक स्थिति में हैं, बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। धुरमा गांव में कई घर अब असुरक्षित हो गए हैं और बगाड़ टाप में कई दुकानें और घर बह गए हैं। बगाड़ बस्ती के ऊपर से भारी मलबे के प्रवाह से नदी का मार्ग बदल गया है, जिससे सेरा में व्यापक क्षति हुई है। कुंती, फाफाली और बंजरबगड़ से भी इसी तरह के विनाश के दृश्य सामने आ रहे हैं, जहां कई घर मलबे में दबे हुए हैं। इस आपदा ने क्षेत्र के -शेष पृष्ठ दो पर

# ‘वोट चोरी’ के मास्टरमाइंड का पकड़ा जाना जरूरी

## ज्ञानेश कुमार दें जवाब: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि देश में ‘वोट चोरी’ की जा रही है और सोची समझी रणनीति के तहत अत्यंत व्यवस्थित तरीके से विपक्षी दलों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार यह काम करने वालों को बचा रहे हैं।

राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने का काम व्यवस्थित तथा केन्द्रीयकृत रूप से किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और उनके खिलाफ की जा रही जांच में कोई मदद -शेष पृष्ठ दो पर



### राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार: आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के बिना सहमति के मतदाताओं के नाम सूचियों से हटाने के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। आयोग ने श्री गांधी के मतदाताओं की सहमति बगैर उनके नाम मतदाता सूची से हटा देने के लगाए गए आरोपों के बाद एक बयान में कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार हैं।

# साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपियों व एनआईए को हाईकोर्ट का नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने आज आखिरकार मालेगांव 2008 भिक्कू चौक बम धमाका पीड़ितों की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल पिटीशन को सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया और साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपियों और एनआईए को नोटिस जारी कर दिया।



मालेगांव 2008 बम धमाका

■ पीड़ितों की अर्जी पर सुनवाई के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट तैयार

पिछले तीन दिनों से बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस गौतम अंकुड़ास इस मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले धमाके में मारे गए लोगों के परिजनों की हैसियत के बारे में पूछताछ की, उनकी कानूनी स्थिति पर वकीलों से सवाल किए और उन्हें अदालत के दस्तावेज़ों की रोशनी में बहस करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने यह भी सवाल उठाया कि क्या याचिकाकर्ताओं के बयान विशेष अदालत में -शेष पृष्ठ दो पर

# क्वालिटी बार कब्जा मामले में आजम खां को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा के मामले में सपा नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा के मामले में दर्ज मुकदमे की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आजम खां की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है, यह मुकदमा 2021 में राजस्व निरीक्षक की तरफ से दर्ज कराया गया था। इसके साथ ही आजम को लगभग सभी मुकदमों में जमानत मिल चुकी थी। अब वह जल्द बाहर आ सकते हैं।




# पुलिस कस्टडी से चरस तस्कर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पुलिस कस्टडी से भागे आरोपी का दूसरे दिन भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा। पुलिस बल पूरे दिन व रात आरोपी की ढूंढ खोज में लगी रही। बता दें कि चरस तस्करी के दो आरोपी को बुधवार अपराह्न पुलिस सुरक्षा से भाग गए थे। एक को पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। जहां से युवक कूदकर फरार हुआ, उसके नीचे सरयू नदी बह रही है। युवक के नदी में कूदने की भी आशंका जताई जा रही है। कपकोट थाना पुलिस व एसओजी की टीम मंगलवार शाम को चेकिंग कर रही थी। डणों से 200 मीटर पहले कपकोट की ओर स्कूटी की चेकिंग में 23 वर्षीय साहिल पुत्र दानिश अली निवासी वार्ड नंबर एक स्नोव्यू मल्लीताल नैनीताल के पास से 230 ग्राम तथा 21 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र तारा चंद्र निवासी राजमहल कंपाउंड मल्लीताल नैनीताल के पास से 220 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर कपकोट थाने लाई। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बुधवार को दोनों को न्यायालय में पेश किया जाना था। कपकोट थाना पुलिस पेश करने को जिला मुख्यालय ले जा रहे थे, लेकिन झटक्वाली के पास एक काचवे के पास वाहन की गति धीमी हुई। इसका फायदा उठाकर दोनों युवक जीप से कूद गए। उनके कूदते ही पुलिस ने गाड़ी रोकी और एक युवक को दबोच लिया, लेकिन दूसरा वहां से खाई में कूदकर फरार गया। घने जंगल और नदी में कूदा आरोपी जहां से वह कूदा है वहां से जंगल और नदी दोनों का रास्ता है। युवक के दोनों जगह जाने की आशंका बनी हुई है। सूचना के बाद पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल साह मौके पर मौजूद रहे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और दमकल पुलिस देर शाम तक खोजबीन में लगी हुई थी, लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया। दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ नाकामी ही लगी। जबकि अभी भी आरोपी की तलाश जारी है।

# गांवों और नगरों को सशक्त बनाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** छठे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. रविशंकर, सदस्य डा. एमसी जोशी और पीएस जंगपांगी ने स्थानीय विकास भवन सभागार में अधिकारियों, जनप्रति. निधियों और संस्थाओं के प्रति. निधियों के साथ समीक्षा व परामर्श बैठक की। बैठक का उद्देश्य गांवों और नगरों को सशक्त व विकसित बनाने के लिए सुझाव जुटाना था। आयोग अध्यक्ष एन. रविशंकर ने राज्य वित्त आयोग की भूमिका और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संसाधनों का संतुलित उपयोग और स्थानीय निकायों के साथ सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि योजनाएं स्थानीय जरूरतों और जनभागीदारी के आधार पर बनाई जानी चाहिए। बैठक में जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहमी ने पंचायत प्रतिनिधियों को अधिक अधिकार देने और पंचायतों का बजट बढ़ाने की मांग रखी। जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने बताया कि जिला पंचायत का भवन अब तक पंचायत के नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने गृहकर की विसंगतियों, कचरा निस्तारण, सीवरेज और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं को उठाया। बैठक में राजस्व, व्यय, कर संग्रह, पंचायत भवनों, नगर सुविधाओं और शहरी नियोजन से जुड़े कई मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। आयोग ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और राज्य सरकार को ठोस सिफारिशें भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाधिकारी आशीष भटगाई, सीडीओ आर.सी. तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, ब्लॉक प्रमुख, नगर व जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार खाई में गिरी, पूर्व सैनिक की मौत

**कपकोट।** बागेश्वर-कपकोट मोटर मार्ग स्थित डणूं के पास बुधवार की रात एक स्विफ्ट डिजायर कार यूके 01 बी 4344 खाई में गिर गई। इस हादसे में एक पूर्व सैनिक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डणूं पुलिया के पास बुधवार की रात फालदा गधेरे में कार असंतुलित होकर गिर गई। इस हादसे में पूर्व सैनिक 65 वर्षीय बिशन गिरी पुत्र सोबन गिरी निवासी फरसाली मल्लादेश की मौत हो गई, जबकि 36 वर्षीय अनिल गिरी (चालक) पुत्र गोबिंद गिरी गोस्वामी, व 36 वर्षीय बसंत गिरी पुत्र भवान गिरी घायल हो गए। वाहन गिरने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा एनडीआरएफ व पुलिस को दी गई। जिसके बाद रात में टीमों ने घायलों व मृतक को खाई से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि मृतक बिशन सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। जो बरेली से उपचार करवाकर घर लौटे रहे थे।

## एक नजर

### हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** अवैध शस्त्रों की तस्करी एवं शस्त्र लाइसेंसों के दुरुपयोग की रोकथाम को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। बैठक में जिलाधि. कारी आलोक कुमार पांडे ने जनपद में स्वीकृत शस्त्र लाइसेंसों का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद की सीमाओं पर नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाए जिससे हथियारों एवं गोली-बारूद की तस्करी पर पूर्णतया: अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए लाइसेंसों की अनुशंसा केवल गहन जांच-पड़ताल के बाद ही की जाए, केवल उन्हीं व्यक्तियों के लाइसेंस आवे. दनों को अग्रेषित किया जाए जिनके जीवन को वास्तविक खतरा हो और आत्मरक्षा के लिए शस्त्र अत्यंत आवश्यक हो। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जनपद में संचालित गन हाउसों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा उनमें सीसीटीवी कैमरे स्थापित किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक जीडी जोशी सहित अन्य मौजूद रहे।

### कर्तव्यों का निर्वहन करने के दिए निर्देश

**अल्मोड़ा।** एसएसपी अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी द्वारा गुरुवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड में मौजूद जवानों का टर्न आउट एवं जवानों से वैपन हैंडलिंग के अभ्यास के साथ-साथ शस्त्रों से संबंधित जानकारियां पूछी गई। शस्त्रागार में राजकीय संपत्ति सूची के अनुसार सभी आर्म्स एवं एम्युनेशन का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन के विभिन्न शाखाओं एवं मौजूदा वाहनों का, स्टोर प्रथम व द्वितीय, व्यायामशाला, भोजनालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ ने जवानों को गार्ड, वीआईपी, संस्थान सुरक्षा, एस्कॉर्ट, अपराध ड्यूटियों को सतर्कता व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

### महिला का अश्लील वीडियो वायरल, मुकदमा

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला का अश्लील वीडियो वायरल का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि उसकी ककड़ाई निवासी हरीश नयाल नामक युवक से इंस्टाग्राम में दोस्ती हुई। इसके बाद वह लगातार बातचीत करने लगे। एक सितम्बर को हरीश नयाल प्राइवेट नौकरी के लिए रुद्रपुर चला गया। दो दिन बाद दोनों की बात व्हाट्सएप और कॉल से होने लगी। इस दौरान आरोपी ने व्हाट्सएप पर उसकी अश्लील वीडियो मांगी। आरोपी के कहने पर महिला ने उसे वीडियो भेज दिया। इसके बाद दोनों आपस में बात करते रहे। 14 सितम्बर को आरोपी ने ही बताया कि उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामले में महिला ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल मदन मोहन जोशी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आईटीआई थाने में हुई वाहन नीलामी

**काशीपुर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे माल निस्तारण अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा के आदेश पर पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह व क्षेत्राधिकारी काशीपुर दीपक कुमार के निकट प्रवेक्षण में थानाध्यक्ष थाना आईटीआई कुंदन रौतेला के नेतृत्व में आईटीआई थाना पुलिस द्वारा बुधवार को थाना आईटीआई में निरुद्ध माल मुकदमाती/ एमवी एक्ट के कुल 54 वाहनों व 4 मोबाइल तथा 01 इंजन को हस्व आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर के आदेश 20 अगस्त 2025 के अनुपालन में गठित कमेटी के समक्ष नियमानुसार नीलामी व नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। नीलामी के तहत कुल 3,77,130 रु राजस्व प्राप्त किया गया, जिसे नियमानुसार राज. कोष में जमा किया जाएगा। कमेटी में सदस्य उपजिलाधिकारी काशीपुर, क्षेत्राधिकारी काशीपुर, सहायक अभियोजन अधिकारी काशीपुर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी काशीपुर, थानाध्यक्ष थाना आईटीआई व नामित सदस्य तेज बहादुर गुप्ता शामिल रहे।

### बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** अज्ञात चोर मेडिकल स्टोर के बाहर खड़ी बाइक को चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। शरीफ नगर थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद निवासी मौ. अंश सैफी पुत्र मौ. मसरूल अहमद ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 सितंबर 2025 की सुबह करीब 10:45 बजे अपनी बाइक सं. यूपी21सीसी 7279 से मोहल्ला महेश. पुरा स्थित ब्लू लाइफ फार्मा मेडिकल के बाहर खड़ी कर मेडिकल के अंदर काम से गए थे। 15 मिनट के बाद लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली।

### स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन: शुभम चमोली

**काशीपुर।** सूर्या फाउंडेशन के तत्वावधान में हरियावाला गांव स्थित सूर्या रोशनी परिसर में सेवा पखवाड़ा अभियान में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन केवीआर हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी बीमारियों की जानकारी दी। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गई और नेत्र दोष से पीड़ित लोगों को चश्मे भी प्रदान किए गए। सूर्या रोशनी लिमिटेड काशीपुर के प्लांट हेड शुभम चमोली ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। नियमित जांच और समय पर उपचार से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

## सरकार पर अतिथि शिक्षकों का शोषण करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर अतिथि शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को नाराज अतिथि शिक्षक मांगों के निराकरण को लेकर सीईओ का घेराव कर धरने में बैठ गए। इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सरकार पर अतिथि शिक्षकों का शोषण करने आरोप लगाया। अतिथि शिक्षकों ने कहा कि जनवरी और जून का वेतन नहीं दिया गया है। जबकि अन्य जिलों में अतिथि शिक्षकों को वेतन का भुगतान किया गया है। कहा कि वह पूर्ण मनोयोग से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके बाद भी उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। कहा कि अतिथि शिक्षकों की मुख्यमंत्री मेधावी प्रोत्साहन परीक्षा में ड्यूटी लगाई गई है। जिसका वह पूर्ण रूप से विरोध करते हैं। उन्होंने अवकाश का मानदेय देने और अन्यत्र ड्यूटी नहीं लगाने की मांग की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां सुमन त्रिपाठी, डोलू धौनी, हरीश मेवाड़ी, संतोष टम्टा, विनीता पांडे, मुकुल तिवारी, विक्रम रावत, शंकर मठपाल, दिनेश रावत, दिग्दर्शन फुलोरिया, महेश चंद्र गौड़, हेम सती, रघुवर सिंह, रमेश साना, राज कुमार जाटव, आनंद सिंह मेर, नवीन चंद्र भट्ट, मदन सिंह, नवल किशोर, सतपाल सिंह, पूरन चंद्र, लीला रौतेला, नरेंद्र सिंह, भूपेश चंद्र पांडे, लता जोशी, शीला आर्या, मनीशा शाही, कल्पना चौधरी, विशाखा रानी, बीना नयाल, अंजना सुयाल, मीनू जोशी, रक्षिता पंत, रेनू टम्टा, हेमा आर्या, मीनाक्षी भट्ट, भगवती गोस्वामी, हेमलता बोरा आदि थीं।

# कांग्रेस ने फूंका अजय टम्टा का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** क्वारब मुद्दे को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के बयान पर कांग्रेसियों का आक्रोश भड़क गया है। गुरुवार को नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री का पुतला फूंक जमकर नारेबा. जी की। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि क्वारब भाजपा सरकार और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा की किलताओं का स्मारक बन कर रह गया है। आरोप लगाया कि मंत्री जी आपदा में अपने चहेतों को टेंडर दिला रहे थे। जिसका विरोध विधायक मनोज तिवारी ने किया। ऐसे में उनका स्थानीय विधायक पर आरोप लगाना उनकी नकारात्मक मानसिकता का परिचायक हैं। यहां पुतला फूंकने



वालों में नगर अध्यक्ष ताराचंद्र जोशी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, संजू सिंह, शोभा जोशी, पीतांबर पांडे, गोविंद मेहरा, नरेंद्र अधिकारी, अंबीराम आर्य, मनोज वर्मा, निर्मल रावत, सूरज वाणी, प्रदीप बिष्ट, बाल विक्रम सिंह रावत, पारस डसीला, दीपेश कांडपाल, आशीष भारती, जया जोशी, तारा तिवारी, अरविंद रौतेला, विनोद वैष्णव, आनंद बिष्ट, किरण आर्य, फेमिना खान, कार्तिक शाह, दीप डांगी, सुशील साह, संजय दुर्गापाल, अमित बिष्ट, शुभांशु रौतेला, शहाब. ुद्दीन, अजीत कार्की, पवन मेहरा, पंकज कार्की, परितोष जोशी, संजू सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भुगतान न होने पर रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर ठेकेदार वेलफेयर समिति की चार सूत्रीय मांगों को लेकर बृहस्पतिवार को लो. निवि गेस्ट हाउस में बैठक हुई। बैठक में ठेकेदारों ने निर्णय लिया कि वे समस्याओं को केंद्रीय मंत्री सांसद अजय टम्टा को पत्र देंगे। ठेकेदारों ने कहा कि वर्ष 2017-18 से वर्तमान समय तक जीएसटी विभाग द्वारा ठेकेदारों का जीएसटी में पैनाल्टी व ब्याज का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। जबकि ठेकेदार जीएसटी का पूरा मूलधन जमा करने को तैयार है। जनपद में माह जनवरी से समस्त क्रेशर बंद है, जिससे ठेकेदारों के निर्माण कार्य हेतु सामग्री उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसके चलते ठेकेदारों को कार्य पूर्ण न कर पाना व आर्थिक हानि का समाना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्यों में थर्डपार्टी के नाम पर ठेकेदारों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जबकि थर्डपार्टी होने बावजूद ठेकेदारों के भुगतान नहीं किया जा रहा है। ठेकेदारों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में बनाई गई निर्माण नियमावली में ठेकेदारों का अहित है। कहा कि सीएम द्वारा घोषणा की गई थी कि 10 करोड़ तक के कार्य स्थानीय ठेकेदारों प्राथमिकता दी जाएगी। लेकिन घोषित नियमावली के अनुसार ठेकेदारों के हित में नहीं है। उन्होंने समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। इस मौके पर अध्यक्ष हीरा बल्लभ भट्ट, सुबोध लाल साह, राजेंद्र परिहार, अनिल सिंह, जगदीश पाठक, भगत डसीला, संजय नेगी, मोहन रावत, दिनेश मेहता, सुरेंद्र, मनीष आदि मौजूद थे।

# खेलकूद में दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राजकीय इंटर कॉलेज कमलेश्वर में दो दिवसीय विद्यालय स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। गुरुवार को प्रतियोगिता के तहत दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद एवं गोला फेंक में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और यह अनुशासन, सहयोग तथा नेतृत्व की भावना विकसित करते हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन छात्र-छात्राओं के बीच दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद एवं गोला फेंक आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वहीं, विद्यालय में सहभोज का भी आयोजन किया गया। यहां प्रवक्ता खजान चंद्र कांडपाल, चन्द्र प्रकाश बिष्ट, मनोज कुमार पाठक, गणेश जोशी, मोहन चन्द्र भट्ट, नरेन्द्र सिंह बनकोटी, निर्मला लोहुमी, प्रीतिका भटनागर, शर्मिला, ललिता रौतेला, संगीता पंत, डा. इन्द्रा बिष्ट, चन्द्र प्रकाश बिष्ट, ललिता रौतेला, चन्द्र शेखर, मनोज जोशी, गोविन्दी, अंजना नेगी आदि मौजूद रहे।



# विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** वन प्रभाग अल्मोड़ा की ओर से गुरुवार को सिमतोला ईको पार्क में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने लोगों के साथ मिलकर वृहद पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जन कल्याण के लिए घोषित मुख्य योजनाओं की जानक. ारी दी। आम जनमानस तक योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने तथा पौधारोपण कार्यकम में रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान रुद्राक्ष, बेलपत्र, माल्टा पदम, चमखड़िक, नीबू व अन्य प्रजातियों के पौधों का पौधारोपण कार्य किया गया। कार्यक्रम में विक्टर मोहन जोशी राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज व गुरु एकडमी, पपरसली, अल्मोड़ा के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा द्वारा जन कल्याण से सम्बन्धित कार्यकमों की जानकारी प्रदान करते हुए व वृक्षारोपण अन्तर्गत पौधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राज्य महिला उद्यमिता परिषद गंगा बिष्ट, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा महेश नयाल, जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, उप प्रभागीय वनाधिकारी काकुल पुंडीर, वन क्षेत्राधिकारी एमआर आर्या सहित अन्य मौजूद रहे।



# वेतन के लिए कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट झिरौली के कर्मचारी क्षेत्र के लोगों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि बीते आठ माह से फैक्ट्री बंद पड़ी है। जिसके कारण कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाया है। उन्होंने शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। गुरुवार को ग्रामीण तथा कर्मचारी बड़ी संख्या में कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। कहा कि अल्मोड़ा मैग्नेसाइट झिरौली का खदान बंद है। जिससे कर्मचारी परेशान हो गए हैं। उनके सामने वित्तीय संकट पैदा हो गया है। वे वित्तीय संकट से जूझ रहे है। कई लोगों ने बैंक से लोन लेकर रोजगार चलाया था, जो अब बैंक की किस्त नहीं भर पा रहे है। इसके अलावा बच्चों के स्कूल की फीस तक भरने में असमर्थ है। स्थानीय लोगों ने कहा कि क्षेत्र में लगी कंपनी लोगों के आजीविका का एकमात्र साधन थी।



पिछले 8 माह से कंपनी बंद होने पर लोग पलायन करने के लिए मजबूर हो गए है। कंपनी बंद होने से मुख्य रूप से झिरौली, देवलधार, नैनी, बिलौरी, मटेला, बसखोला, सिंदूरी, करासीब. ुगा आदि सहित करीब 3000 से अधिक परिवार बेरोजगार हो चुके है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी के प्रबंधक के अनुसार कंपनी को पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र खनन चलाने हेतु नहीं मिल प रही है। पूर्व में मिली अनुमति की अवधि 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। सभी ने एक स्वर में शीघ्र कंपनी को पुनः खोलने की मांग की। साथ ही लोगों को रोजगार देने की अपील की गई। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के मध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य फते सिंह करायत, राजेंद्र कुमार, प्रकाश जोशी, उमेश तिवाड़ी, विनोद चन्द्र, अनिल कुमार, जीवन सिंह, आनंद सिंह, बलवंत सिंह, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# तीन स्वर्ण समेत पांच पदक जीते





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विद्यालयी शिक्षा के तहत आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विवेकानंद विद्या मंदिर बागेश्वर का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। यहां के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण समेत पांच पदक जीते हैं। बृहस्पतिबार को खिलाड़ियों का विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वागत किया। बता दें कि विद्यालय के 7 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। अंडर 14 बालिका वर्ग में भूमिका टाकुली, आराध्या जोशी ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि बालक वर्ग में हर्षित मेहता ने रजत पदक जीता। इसी क्रम में अंडर 17 बालिका वर्ग में निवेदिता नगरकोटी ने स्वर्ण पदक, रागिनी जोशी ने ब्रांज पदक जीता। सभी खिलाड़ियों का विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्बल सिंह तोपाल के नेतृत्व में प्रबंधन कमेटी ने उन्हें सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर अध्यक्ष उत्तम टाकुली, प्रबंधक कुंदन परिहार, सह प्रबंधक आशीष धपोला, सहित समस्त शिक्षकों द्वारा उन्हें बधाई दी गई।

# ओपनफोर्ज़ सॉफ्टवेयर पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पीसीटी सभागार में ओपनफोर्ज़ सॉफ्टवेयर पर दो-दिवसीय छात्रों के क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन कार्यवाहक अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. लोकेश वार्ष्णेय द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी का आयोजन भारत सरकार के राष्ट्रीय ई गवर्नेन्स प्रभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं उत्तराखण्ड सरकार के आईटी, सुशासन और विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य छात्रों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कौशल विकास एवं नवाचार हेतु प्रेरित करना है। संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञों एसईएमटी सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग, उत्तराखण्ड सरकार के प्रमुख रविशंकर सिंह तथा राष्ट्रीय ई गवर्नेन्स प्रभाग भारत सरकार के सीनियर मैनेजर संजय कुमार एवं डिप्टी जनरल मैनेजर अमित कुमार द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संगोष्ठी समन्वयक डा. राजीव सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये तथा ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के विषय में छात्रों को जानकारी दी। आयोजन सचिव डा. अशोक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। संगोष्ठी में डा. राजेश सिंह, डा. बिनय पाण्डेय एवं अन्य संकाय सदस्य, विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में वंशिका गोयल, प्रज्ञा जैन, अशोक कुमार, पूनम त्रिपाठी एवं अन्य छात्रों का विशेष सहयोग रहा।



# महापौर का अभिनंदन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** जो व्यापारी बरसात के दौरान जल भराव होने से हर वर्ष करोड़ों रुपए का नुकसान झेलते थे इस बार उनके चेहरे पर पहली बार खुशी नजर आई क्योंकि महापौर के प्रयासों के चलते इस बार जल भराव नहीं हुआ जिससे व्यापारियों ने महापौर के नगर निगम स्थित कार्यालय पहुंचकर उनका जोरदार स्वागत किया। नगर निगम कार्यालय पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि इस बार बरसात तो काफी हुई लेकिन महापौर ने नाले नालियों की रात रात भर खड़े होकर जिस तरह से सफाई कराई उसके चलते-जल भराव नहीं हुआ और उसी का नतीजा है कि हर वर्ष दुकानदारों को दुकानों में पानी भर जाने से होने वाली करोड़ों रुपए की क्षति नहीं झेलनी पड़ी। महापौर ने कहा कि अगले वर्ष तक जल भराव को 0 प्रतिशत कर दिया जाएगा लेकिन साथ ही दुक. ानदारों से उन्होंने अनुरोध कर सहयोग मांगा कि जिन दुकानों के सामने नालियों पर पक्की स्लेप डाल रखी है कृपया वे फोल्डिंग जाल डाललें। महापौर का अभिनंदन करने वालों में महेंद्र खुराना, राजीव सेतिया, राजू सेठी, मुकेश पाहवा, पंकज छाबड़ा, दीपक गुलाटी, राजीव परनामी, सचिन चुघ, जगदीश सेठी, प्रदीप चावला, जयप्रकाश शर्मा, ललित बाली, मनीष जैन, रोहित भटनागर, राजकुमार यादव, शिवम अरोरा, मनोज शर्मा सहित दर्जनों व्यापारी शामिल रहे।



# सर्टिफिकेट पर वर्कशॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चन्द्र गुड़िया लॉ कॉलेज काशीपुर में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के विधि विभाग के संयोजक डॉ दीपांकुर जोशी द्वारा नई शिक्षा नीति और उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित मानव अधिकार में परास्नातक, सूचना के अधिकार विषय में सर्टिफिकेट प्रोग्राम, साइबर स्पेस व डेटा संरक्षण में सर्टिफिकेट प्रोग्राम आदि प्रोग्रामों के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा की।

डॉ. दीपांकुर ने उक्त के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार छात्र एक पाठ्यक्रम के साथ साथ अन्य कोर्स भी कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न सर्टिफिकेट प्रोग्राम, डिप्लोमा पाठ्यक्रम आदि के महत्व के बारे में भी बताया। वहीं मानव अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय विधि की सहायक प्राध्यापिका स्वाति उपाध्याय एवं अंशु जोशी ने उक्त पाठ्यक्रमों के बारे में यूनिट वाइज विवरण प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के उपरांत डॉ. नीरज आत्रेय प्रिंसिपल साइंटिस्ट आईआईपी देहरादून (सदस्य एकेडमिक काउंसिल सत्येंद्र चन्द्र गुड़िया मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज) ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर डॉ. दीपांकुर जोशी का स्वागत किया वहीं डॉ. दीप्ति भटनागर ने स्वाति उपाध्याय एवं आकांक्षा शर्मा ने अंशु जोशी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। संचालन सहायक प्राध्यापिका मंजू उप्पल के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पीके बक्शी निदेशक, डॉ. सुधीर दुबे रजिस्ट्रार, लॉ. फैकल्टी आशुतोष कुमार, आरडी शर्मा, भुवन केडियाल, पार्थ चतुर्वेदी, आकांक्षा बाठला आदि उपस्थित रहे।



## तारे जमीन पर कार्यक्रम तीन अक्टूबर को

**काशीपुर।** बच्चों के लिए भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म एवं देशप्रेम पर आधारित प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने बाला फैंसी ड्रेस शो तारे जमीन पर शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 को सायं 3 बजे से श्री रामा कृष्णा ड्रामेटिक क्लब पोस्ट ऑफिस के सामने काशीपुर में सम्पन्न होगा। फैंसी ड्रेस शो के इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण काशीपुर एवं आसपास के सभी विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन श्याम मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल, कानूनगोयान काशीपुर द्वारा किया जा रहा है साथ ही कार्यक्रम में सम्पूर्ण काशीपुर एवं आसपास के बच्चों को मंच हेतु उपलब्ध कराने के लिए मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक संघ, काशीपुर का विशेष सहयोग रहेगा। भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म एवं देशप्रेम पर आधारित बच्चों के इस फैंसी ड्रैस शो में बच्चों को अभिनय, गायन, संवाद एवं नृत्य का प्रदर्शन भद्र एवं शालीन वेशभूषा के साथ करना होगा।

# विधायक ने किया सड़कों का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** खड़कपुर देवीपुरा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 9 में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने पहुंचकर विधायक निधि से 29 लाख की लागत से बनने वाली दो टाइल्स सड़कों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पार्षद अभिषेक के नेतृत्व में विधायक व पूर्व विधायक का फूल मालाओं से तथा स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना गीतों से स्वागत किया।

इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि उनके विधनसभा क्षेत्र में जितनी भी पुरानी सड़के हैं उनको उनके द्वारा नया बनाया जाएगा और किसी भी सूरत में पुरानी सड़के पुरानी ना रह करके नई सड़कों के रूप में दिखाई देंगी। पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि उनको पूरे क्षेत्र का ज्ञान है हर एक सड़क उनके पैरों तले निकली है। आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धमी के आशीर्वाद से पूरे उत्तराखंड में चहुमुखी विकास चल रहा है और काशीपुर में भी मुख्यमंत्री धामी ने अपनी विशेष दया दृष्टि रखी हुई है।

# नन्ही कली को इंसाफ दो, आक्रोश के साथ सड़कों पर जनसैलाब

## बुद्धपार्क में जनसभा के बाद एसडीएम कोर्ट तक आक्रोश रैली, पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 10 साल पहले वर्ष 2014 में पूरे उत्तराखण्ड को झकझोर कर रख देने वाले काठगोदाम शीशमहल के नन्ही कली हत्याकांड में मुख्य आरोपी के सुप्रीम कोर्ट से बरी हो जाने के बाद लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। जब से मुख्य आरोपी बरी हुआ है तब से ही पूरे कुमाऊं मंडल में यह मामला सुर्खियों में बना हुआ है और जगह-जगह जुलूस, रैली और कैंडिल मार्च निकाले जा रहे हैं। आक्रोश, ग़म की इसी कड़ी में गुरुवार को हल्द्वानी शहर भी पीछे नहीं रहा और सड़कों पर हज़ारों की संख्या में लोग उतर आए और मासूम से दरिंदगी करने वालों को फांसी की मांग कर बुद्धपार्क से एसडीएम कोर्ट तक आक्रोश रैली निकाली। 10 वर्ष पहले 2014 के नवम्बर माह में काठगोदाम के शीशमहल में पिथौरागढ़ निवासी लाडली अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। समारोह से देर रात बच्ची अचानक गायब हो गयी। काफी ढूंढखोज के बीच एक सप्ताह के बाद लाडली का शव शीशमहल के पास ही गौला के जंगल में मिला था। लाडली के साथ



दरिंदगी कर उसकी निर्मम हत्या की गयी थी। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से दो को पहले ही दोषमुक्त कर दिया गया था। मुख्य आरोपी अख्तर अली को निचली अदालत और हाईकोर्ट ने मौत की सजा दी थी, लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने उसे बरी कर दिया। इस फैसले के बाद पूरे उत्तराखंड में गुस्सा भड़क उठा है। एक ओर जहां पुलिस मुख्यालय इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पुर्नविचार याचिका दायर करने का फैसला कर चुका है तो वहीं जन भावनाओं के मद्देनज़र सरकार भी इसमें संवेदनशीलता बरत रही है। शासन स्तर से भी इस मामले की मज़बूत पैरवी की जाएगी।

गुरुवार को बुद्धपार्क में जनसभा कर लोगों ने आक्रोश जताया। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक जुलूस की शक्ल में पहुंचकर नारेबाजी कर राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांगपत्र सौंपा। लोगों ने इस मामले में सरकार से पुर्नविचार याचिका दायर करने की मांग की। गुरुवार को दोपहर ढाई बजे बुद्धपार्क में कुमाऊं के लोक गायकों, कलाकारों व पहाड़ी आर्मी के आह्वान पर लोगों के जुटने का सिलसिला शुरू हुआ। साढ़े तीन बजे तक बुद्धपार्क लोगों से खचाखच भर गया। यहां जनसभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए पहाड़ी आर्मी के संयोजक हरीश रावत ने कहा कि 10 साल पहले पिथौरागढ़ से लाडली हंसी खुशी अपने परिजनों के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए हल्द्वानी आई थी। रात को उसका अपहरण व हत्या कर दी गई थी।



जिसका विरोध हल्द्वानी से लेकर पूरे कुमाऊं में हुआ। इस मामले में अख्तर अली नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। हाईकोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे बरी कर दिया है। जिससे लाडली के परिजनों के साथ कुमाऊं के हर एक व्यक्ति की भावनाएं आहत हुई हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ज्योति ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुष्कर्म करने वाले आरोपी को हम लोग ही सजा दिलाएं। लाडली हत्याकांड के आरोपी के छूट जाने पर कानून व्यवस्था से लोगों का विश्वास उठ गया है। मेघा जोशी ने कहा कि हमें बेटियों को पराठे बनाने के साथ अब कराटे सिखाने का समय आ गया है। ताकि वह अपने अधिकारों के लिए लड़ सके। लोगों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस व खुफिया एजेंसियों के हाथ पैर फूलने लगे। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ज्ञापन लेने के लिए बुद्धपार्क पहुंच रहे हैं तो लोग नहीं माने। भीड़ ने जुलूस निकालने की तैयारी की लेकिन पुलिस ने गेट बंद कर उन्हें रोकने का प्रयास किया। जिससे लोग भड़क गए। पहाड़ी आर्मी के संयोजक हरीश रावत गेट के ऊपर चढ़े और उसे फांदकर बाहर आ गए। जिसके बाद पुलिस को मजबूरन गेट खोलना




पड़ा। इस दौरान भीड़ की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई। साथ ही बाहर निकलीं कुछ महिलाएं सड़क पर धरने पर बैठ गईं।

### जनसभा और आक्रोश रैली में यह रहे शामिल

पहाड़ी आर्मी के हरीश रावत, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, कांग्रेस नेता ललित जोशी, लोक कलाकार श्वेता महरा, इंदर आर्य, प्रियंका मेहरा और गोविंद दिगारी, ज्योति अधिकारी, प्रमोद बोरा, कविता जीना, प्रेमा मेर, पुष्कर मेहरा, कृष्णकांत कफलटिया, नारायण सिंह बर्गली, राजेन्द्र कांडपाल, भुवन पांडे, प्रकाश दानू, पार्षद शैलेन्द्र दानू, बबीता जोशी, इन्द्रजीत सिंह बिष्ट, तारा सिंह, रेखा बिष्ट, पुष्पा अधिकारी, गीता देवी, मुन्नी बिष्ट, अंजू पांडे, दीपा मिश्रा, कंचन रौतेला, सुभाष आर्या, भूपेन्द्र सिंह, जीएस रौतेला, हरेन्द्र सिंह राणा, भूपेश जोशी, लीला भंडारी, पियूष नेगी, गौरव रावत, गोविंद सिंह मेहरा, गोकुल मेहरा, राकेश खनवाल, कमल मेहरा, पवन पहाड़ी, विनोद शाही, भगवत सिंह राणा, जोगिन्दर राणा, योगिता बनौला, विनोद कार्की, हिमांशु कबड्वाल समेत हज़ारों लोग।

# दारू पीकर गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 26 नशेड़ी सलाखों के पीछे



**हल्द्वानी।** बुधवार रात ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ पूरे जिले में पुलिस ने जबरदस्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान नशे में रफ्तार भरने वाले 26 वाहन चालकों को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया। साथ ही तीन दर्जन के करीब वाहनों को सीज कर दिया और कई वाहन चालकों के ड्राइविंग लाईसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी गयी। ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ चले अभियान के दौरान नैनीताल में एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र ने कमान संभाली। नैनीताल में दाखिल होने वाले वाहन और चालकों की जांच की गई। नशे में होने के अंदेशे पर चालकों को अल्कोमीटर से जांचा गया। हल्द्वानी में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र की अगुवाई में अभियान चला। सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी के साथ टीमों ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की। इस बार अभियान में रोडवेज बस चालकों की भी अल्कोमीटर से जांच की गई। लालकुआं में सीओ दीपशिखा अग्रवाल, रामनगर में सीओ सुमित पांडे ने अपने थाना और चौकी प्रभारियों के साथ अभियान चलाया। इस दौरान ड्रंक एंड ड्राइव में 26 चालकों की गिरफ्तारी की गई। 34 वाहन सीज किए गए और ओवरस्पीड में वाहन चलाने पर 38 चालकों पर कार्रवाई की गई। जबकि 9 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट संभागीय परिवहन विभाग को भेजी गई। इसके अलावा जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 520 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई और 1,31,900 रुपये जुर्माना जमा कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाना और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

# 42 हाइटेक कैमरे रखेंगे शहर पर नज़र

## अपराध नियंत्रण के लिए 'तीसरी आंख' की निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में बढ़ते अपराध और सुरक्षा खतरों को देखते हुए हल्द्वानी पुलिस प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शहर के प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर 42 हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो अब 'तीसरी आंख' बनकर अपराधियों पर नजर रखेंगे। इन कैमरों को दिल्ली की एक निजी कंपनी द्वारा लगाया जा रहा है। कैमरों में बुलेट कैमरा, 360 डिग्री रोटेटिंग कैमरा और अत्याधुनिक एएनपीआर (ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रीडर) जैसे उपकरण शामिल हैं। ये कैमरे न सिर्फ हर कोण से स्पष्ट रिकॉर्डिंग करेंगे, बल्कि संदिग्ध गतिविधियों और दुर्घटनाओं पर भी तुरंत नजर रखेंगे। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस कैमरों से निगरानी कर रही है। अपराध नियंत्रण के लिए यह एक बड़ा और जरूरी कदम है। पुराने कैमरों की भी मरम्मत कराई गई है ताकि निगरानी व्यवस्था कहीं से भी कमजोर न पड़े।



**कहां-कहां लगाए गए कैमरे?**

कैमरों को रामपुर रोड, बरेली रोड, काठगोदाम, गौलापार सहित शहर के कई प्रमुख और व्यस्त इलाकों में लगाया गया है। इससे ट्रैफिक नियंत्रण, आपराधिक घटनाओं की पहचान और आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी।

**मानसून में क्षतिग्रस्त कैमरे भी हुए दुरुस्त**

मानसून के दौरान कई स्थानों पर तेज हवा और आंधी के चलते लगे हुए कैमरों का एलाइनमेंट बिगड़ गया था, कुछ कैमरे टूट भी गए थे। पुलिस ने ऐसे सभी कैमरों की मरम्मत कराकर उन्हें फिर से सक्रिय कर दिया है। अब हर महत्वपूर्ण स्थान पर निगरानी फिर से पूरी तरह से बहाल कर दी गई है।

# स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान शीशमहल गैस गोदाम के पास खंडहर से एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 4.58 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की रात्रि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वालों पर अंकुश लगाने काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में काठगोदाम मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मय टीम के साथ शीशमहल क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी एक युवक पुलिस टीम को देख भागने लगा। युवक पर शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए शीशमहल गैस गोदाम के पास बने एक खंडहर से उसे दबोच लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 4.58 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम नीरज रावत पुत्र खीम सिंह रावत निवासी कृष्णा विहार फेस-1 कैनाल रोड नैनीताल बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।



# दिन की रामलीला मंचन का श्रीगणेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामलीला मैदान में गणेश पूजन के साथ शहर की सबसे प्राचीनतम दिन की रामलीला मंचन की शुरुआत हो गयी है। शुक्रवार को रावण जन्म तथा नारद मोह की लीला का मंचन रामलीला मैदान में किया जाएगा। व्यास पीठ पर बैठे पंडित पुष्कर दत्त त्रिपाठी ने व्यास पीठ पूजन संपन्न कराया। समिति के मीडिया प्रभारी विनीत अग्रवाल ने बताया कि कल को नारद मोह और रावण जन्म की लीला का मंचन रामलीला मैदान में किया जाएगा। इस मौके पर समिति के रिसीवर एवं सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, विवेक कश्यप, साकेत अग्रवाल, पंकज कपूर, मनोज गुप्ता, हरि मोहन अग्रवाल, भोलानाथ केसरवानी, गोपाल पाल, सौरभ अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, तरंग अग्रवाल, राजीव जायसवाल, सीमा देवल, रविंद्र बाली, संदीप कुकसाल, देवेन्द्र बिष्ट सहित कई लोग मौजूद रहे।

### राम बारात की तैयारियों ने पकडी रफ्तार

**हल्द्वानी।** प्राचीन श्री शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री राम बारात की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी शहरभर में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। सोमवार को समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता और कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मीरामार्ग, सदर बाजार, पटेल चौक सहित कई स्थानों पर दुकानों में जाकर आमंत्रण पत्र बांटे। अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि राम बारात को सफल बनाने के लिए सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि सामाजिक समरसता का संदेश जाए। मीडिया प्रभारी हेमंत साहू व अमित आशवनी ने बताया कि आयोजन को भव्य बनाने के लिए हर स्तर पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। कार्ड वितरण अभियान में समिति के संरक्षक रूपेन्द्र नागर, सुनील गुप्ता, शिव कपूर, राजेश साहू, पद्म पाल, अखिलेश पाल, अनूप टंडन, राजू जायसवाल, धर्मेंद्र साहू, अशोक सिंधी, पूरन सागर, प्रदीप कक्कड़ समेत कई पदाधिकारी सक्रिय रूप से शामिल रहे।



# पुष्पा बनीं आत्मनिर्भरता की पहचान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही रीप परिजनों के तहत मोटाहल्दू की पुष्पा पढ़ालनी ने अपने घर पर फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर आत्मनिर्भरता की नई मिशाल पेश की है।

उन्होंने परियोजना के तहत 75.000 रूपये की वित्तीय सहायता मिली, जिसके साथ उन्होंने स्वयं 75.000 रूपये का निवेश किया और बैंक से 1.50.000 रूपये का ऋण लेकर कुल 3.00.000 रूपये की पूंजी जुटाई। पुष्पा पढ़ालनी अपने समूह की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर मांस की बड़ी, उड़द दाल की बड़ी, मुगौड़ी, अचार, चिप्स जैसे पारंपरिक और पौष्टिक उत्पाद तैयार करती हैं।



इन उत्पादों की बिक्री स्थानीय बाजारों, हिलांस स्टोर, मेलों तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जा रही है। पुष्पा का यह प्रयास न केवल उनकी आर्थिक स्वतंत्रता का आधार बन चुका है, बल्कि उन्हें सालाना लगभग 6,00,000 की आमदनी भी हो रही है, जिसमें से खर्चों को निकालने के बाद लगभग 3,00,000 की शुद्ध बचत होती है। यह उपलब्धि पुष्पा पढ़ालनी की मेहनत और लगन के साथ-साथ राज्य सरकार की योजनाओं की सफलता का प्रमाण है। पुष्पा पढ़ालनी आज समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और यह साबित करती हैं कि जब अवसर और संकल्प मिलते हैं, तो आत्मनिर्भरता की राह किसी भी महिला के लिए असंभव नहीं रह जाती।

## भूमि अधिकार सम्मेलन के लिए संपर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना 32वें दिन गुरूवार को भी जारी रहा। इस दौरान 20 सितंबर को बुधपार्क हल्द्वानी में आयोजित होने वाले भूमि अधिकार सम्मेलन के लिए दानी बंगर, सुल्तानगरी, बिंदुखत्ता, पुछड़ी रामनगर, हसपुर, जौलासाल, पीपलपड़ाव, बौड़, रेखाल खत्ता, प्रतापपुर, चोरगलिया, खोलिया बंगर आदि गांवों में संपर्क कर उन्हें भूमि अधिकार सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया। इसके साथ ही धरने की शुरुआत अंकिता और शीशमहल की मासूम बच्ची और महिला हिंसा की शिकार हुई बेटियों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। अंकिता हत्याकांड को आज तीन साल हो गए हैं, लेकिन वीआईपी जिसके कारण अंकिता की हत्या हुई, उसका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। शीशमहल की मासूम को भी न्याय नहीं मिला है। किसान महासभा मांग करती है कि अंकिता और शीशमहल की मासूम बच्ची को न्याय मिले। धरने में आनंद सिंह नेगी, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, डा. कैलाश पांडे, गोपाल सिंह बिष्ट, उमा, हीरा, तुलसी, चंपा, रेखा देवी, सुनीता, शकुंतला, दीपिका, रूबदती, सलमा, तेजपाल मौजूद रहे।



# सूदखोरों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में अवैध रूप से ब्याज पर पैसा देने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर गुरूवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव मुकेश बिष्ट और जिलाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक ज्ञापन एसडीएम राहुल साह को सौंपा गया। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन के लोगों ने कहा कि नैनीताल जिले में कई लोग ऐसे हैं जो ब्याज का काम करते हैं और गरीब लोगों को झांसे में लेकर उनको ब्याज पर पैसा देते हैं।

वे मकान के कागजात और कीमती सामान रखकर 10 प्रतिशत और 20 प्रतिशत पर पैसा देते हैं। अगर गरीब लोग प्रतिमाह ब्याज के पैसे नहीं चुका पाते हैं तो ब्याज पर ब्याज लगाने का काम करते हैं और फिर उनके मकान में कब्जा करने की कोशिश करते हैं। कहा कि ऐसे लोगों पर सरकार और प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ब्याज की आड़ में ये लोग उल्टे सीधे कामों को अंजाम देते हैं और गरीब लोगों को परेशान करते हैं। उन्होंने चेताया अगर शीघ्र ही कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में मुकेश बिष्ट, शिवम सिंह ठाकुर, पंकज आर्य, पंकज कुमार, राजेन्द्र कांडपाल, दिनेश चन्द्र आर्य, इंतजार अहमद, गिरधारी सिंह बिष्ट, नवीन पांडे, राजेश ठाकुर, निशा आर्य, आर्येन्द्र शर्मा, मोहम्मद नवी, शशि गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, कैलाश आदि मौजूद रहे।



# सेवा पखवाड़ा के तहत वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी काठगोदाम मंडल ने सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए हाइडिल गेट केशव दत्त बल्यूटिया स्कूल में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए कामना की। भाजपा काठगोदाम मंडल ने सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, महामंत्री अरुण कुमार टम्टा, मनोज रावत, जिला महामंत्री महिला मोर्चा पूनम जोशी, विकास सिजवाली, पार्षद सचिन तिवारी, अंजू जोशी, नरेंद्र बिष्ट, विक्रम अधिकारी, भावना शाह, विपिन जोशी, आनंद आर्या, पन राम, बॉबी आर्या, कामायनी मिश्रा, प्रेमा बिष्ट, टीना जोशी, हेमा चौहान, सचिन सिंह, लोकेश यादव, रजत नेगी आदि मौजूद रहे।

# बिजली विभाग ने लगाया कैंप

## बढ़ते बिलों की समस्या का करवाया समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्मार्ट मीटर में लगातार आ रही परेशानियों को लेकर तल्ली हल्द्वानी में बिजली विभाग द्वारा गुरूवार को एक कैंप लगाया गया, जिसमें लगभग 70 से अधिक लोगों ने पहुंचकर अपने बढ़ते बिलों की समस्या का समाधान करवाया। इस दौरान स्थानीय पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि स्मार्ट मीटर के मामले में लोगों को संतुष्ट किया गया और जिन लोगों का समाधान नहीं हुआ, उनके लिए चेक मीटर लगाया जाएगा। पार्षद मनोज ने कहा कि बिल डोर टू डोर लोगों तक पहुंचेंगे तो हर माह बिल जमा होगा और लोगों पर भार भी नहीं पड़ेगा। इससे लोगों को अपने बिलों का भुगतान करने में आसानी होगी और वें अपने वित्तीय योजनाओं को बेहतर ढंग से बना पाएंगे। कैंप में विभागीय अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने के लिए विभाग की ओर से हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विभाग की ओर ग्रामीण क्षेत्र की एसडीओ शुभा जोशी, शहरी क्षेत्र के एसडीओ मनीष जोशी जेई धीरज पंत, लाइन मेन सहित क्षेत्र के पार्षद मनोज जोशी, निवर्तमान पार्षद मनोज मठपाल सहित कई लोग मौजूद रहे।



# सड़क निर्माण के लिए ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** ब्लॉक रामगढ़ के सिनौली जाजर क्षेत्र में सड़क की समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश चन्द्र (जीतू), और मण्डल अध्यक्ष अंकित पाण्डे के नेतृत्व में क्षेत्रीय क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैड़ा से मिले और एक ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि जाजर और सिनौली क्षेत्र में रोड न होने से ग्रामीणों को फल, सब्जी और राशन जैसी दैनिक जीवन की चीजें गांव तक पहुंचाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, गांव में किसी का स्वास्थ्य खराब होने पर ग्रामीणों को हॉस्पिटल जाने के लिए गांव से रोड तक डोली का सहारा लेना पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने शीघ्र ही क्षेत्र की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। इस दौरान विधायक राम सिंह कैड़ा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य तुलसी देवी, जगदीश चन्द्र जीतू, अंकित पांडे आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो दिवसीय अंतर–महाविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** केआईटीएम महाविद्यालय में आज गुरुवार सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की दो दिवसीय अंतर–महाविद्यालय वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) सतपाल सिंह बिष्ट उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. बिष्ट ने रिबन काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास का मजबूत स्तंभ हैं। युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों को स्वस्थ जीवन का माध्यम बनाने का संदेश भी दिया। डॉ. बिष्ट ने पहली बार खटीमा में विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए ज्ञप्ज्ड समूह को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। केआईटीएम महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक कमल सिंह बिष्ट ने कुलपति का शॉल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि खटीमा में विश्वविद्यालय की अंतर–महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन केआईटीएम के लिए मील का पत्थर है। साथ ही उन्होंने छात्रों की खेलों के प्रति बढ़ती रुचि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध 11 महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया, जिनमें पिथौरागढ़, चंपावत, रानीखेत, अल्मोड़ा और उधम सिंह नगर के कॉलेज शामिल हैं। प्रथम मैच बेरीनाग बनाम चम्पावत का हुआ जिसमें चम्पावत ने मैच अपने नाम किया। विशिष्ट अतिथियों में लियाकत अली, एस एम भट्ट , चंदन बिष्ट, बृजेश उप्रेती, आशा पांडेय, सीए नारायण चंद, प्रवीण भंडारी, बॉबी खोलिया, लक्ष्मण सिंह पाटनी, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**■ मृतका के परिजनों ने मौत पर जताया संदेह, पुलिस जांच में जुटी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** हादसे में 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से जा रही थी। परिजनों ने महिला की मौत पर संदेह जताया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई ने बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर शक जताया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार कपिल पुत्र कालीचरण निवासी मुंडिया, थाना देवरनिया, जिला बरेली ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी पत्नी विनीता (22) मोटरसाइकिल संख्या यूपी–25 डीबी 5896 से चलते समय अचानक सड़क पर गिर गई। हादसे में विनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे तत्काल ग्लोबल अस्पताल किच्छा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा ले आए। इस दौरान मृतका का भाई संदीप कुमार पुत्र देवी दत्त गंगवार निवासी केशवपुरम कॉलोनी बहेड़ी भी अस्पताल पहुंचा। उसने अपनी बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर शक जताया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतका विनीता की मौत की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत होता है, लेकिन परिजनों के शक को देखते हुए सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जाएगी।

# छात्र की आत्महत्या के मामले की होगी मजिस्ट्रेट जांच



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पिछले दिनों पंतनगर यूनिवर्सिटी में हास्टल में संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र लटका मिला था। इस मामले में विधायक किच्छा तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में परिवार के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने डीएम नितिन भदौरिया से मिले।

परिजनों ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई। डीएम ने परिजनों को मजिस्ट्रेट जांच बैठा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

गुरुवार को दरऊ निवासी छोटे लाल ने डीएम को बताया कि उसका पुत्र नीरज पंतनगर यूनिवर्सिटी में बीटेक का छात्र था। पिछले दिनों नीरज जिस हास्टल में रहता था, उसी में नीरज संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला था।

परिजनों ने यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर पर आरोप लगाया कि पुत्र को परेशान किया जाता था। विधायक किच्छा ने बताया कि बच्चा अंग्रेजी में कमजोर था तो कभी परिजनों को बुला कर काउंस. लिंग नहीं कराई।

विधायक ने उक्त प्रोफेसर पर गंभीर आरोप लगाए और कहा इसकी मजिस्ट्रेट जांच होनी चाहिए। डीएम से मिलने वालों में छोटे लाल, चंद्रपाल, सतनाम सिंह, राक. ेश, मेहताब, जीवन लाल, जसपाल, दीपक, जगदीश, छत्रपाल, राम सिंह, मोनू,सोनू, आशीष, धारा सिंह आदि मौजूद रहे।

# कोली समाज ने मां के नाम पौधा लगाकर मनाया सीएम धामी का जन्म दिन

## कार्यक्रम संयोजक पूर्व महामंत्री शैलेंद्र कोली के नेतृत्व में हुए विभिन्न कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तराखंड के ऊर्जावान युवा यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन अखिल भारतीय युवा कोली समाज ने महापौर विकास शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता नत्थूलाल गुप्ता और युवा नेता रविन्द्र सिंह धामी की उपस्थिति व संत कबीर मंडल भाजपा के अध्यक्ष की अध्यक्षता में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया।

सीएम धामी के जन्मदिन के अवसर सर्वप्रथम सीएमकी मां के नाम पौधारोपण कर उनकी दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की और केक काटकर मुख्यमंत्रीको शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी का रम्पुरा के लोगों से विशेष लगाव रहा है और उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरे रम्पुरा में काफी उत्साह है। वरिष्ठ भाजपा नेता नत्थूलाल गुप्ता ने कहा कि सीएम धामी ने जब से मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली है तब से एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली और वह निरंतर जनता के बीच में रहते हैं और उनके सुख दुख को बांटने का काम कर रहे हैं।




युवा नेता रविन्द्र धामी ने कहा कि सीएम धामी उत्तराखंड की रक्षा के लिए लव जिहाद, लैंड जिहाद और समान नागरिक संहिता जैसे कानून बनाए हैं, जिनका पूरा देश अनुसरण कर रहा है।

कार्यक्रम संयोजक पूर्व महामंत्री शैलेंद्र कोली ने सीएम धामी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें ऐसा युवा ऊर्जावान मुख्यमंत्री मिला जो प्रदेश के नेता नहीं बल्कि देवभूमि का बेटा बनकर सेवा कर रहे हैं। जहां भी विपदा या आपदा आती है वहां स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर उनकी ढाल बनकर जनता के राहत कार्यों में लग जाते हैं। कार्यक्रम सह संयोजक राजकुमार कोली ने कहा कि सीएम धामी ने युवाओं के लिए 25 हजार से अधिक नौकरियां दी हैं और वह निरंतर हर वर्ग को साथ लेकर चल रहे हैं उनके नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास की गंगा वह रही है।

इस मौके पर पार्षद पूनम कोली, पार्षद सोनी कोली, पार्षद गिरीशपाल, पार्षद राणा, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेकदीप सिंह, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू,जिला मंत्री मोर सिंह यादव,नगर मंडल के कार्यालय प्रमुख राज. कुमार कोली, राजू कोली, दीपक सागर, दीपक कोली, अमन सागर, अभिषेक कोली, कृष्ण अवतार कोली, संजय कोली, हरीश कोली, राजीव कोली, कांति कोली, लक्ष्मी कोली, राजरानी कोली, सुमित्रा कोली, राधा कोली, विनय कोली, शुभम कोली, नरेंद्र कोली सहित दर्जनों कोली समाज के लोग उपस्थित थे।

# प्रदर्शनी में दिखी प्रधानमंत्री मोदी के जीवन संघर्ष और विकास गाथा की झलक

**■ नगर निगम में लगाई गई भव्य प्रदर्शनी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत नगर निगम रुद्रपुर की ओर से भव्य छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की संघर्षमयी यात्रा से लेकर आज तक की विकास गाथा और ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और मोदी जी के नेतृत्व में हुए क्रांतिकारी कार्यों को देखकर गर्व और आत्मविश्वास से परिपूर्ण हुए।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा और समर्पण का प्रतीक है। बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका प्रत्येक कदम देशहित और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जनसेवा के जीवंत प्रतीक हैं। मोदी जी ने देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी है और आमजन के जीवन को सरल व सुरक्षित बनाने वाली योजनाओं को धरातल पर उतारा है। इस प्रदर्शनी में उनके जीवन संघर्ष, राष्ट्रभक्ति और विकास गाथा की झलक मिलती है। यह प्रदर्शनी केवल छवियों का संग्रह नहीं बल्कि जनसेवा की प्रेरणा है, जिससे हमें लगातार सीखना चाहिए।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल, जिला मंत्री अक्षय अरोरा, अक्षय गहलोत, राम प्रकाश गुप्ता, संदीप बाजवा, मोर सिंह यादव, प्रवेश खान, मुकेश पाल, जितेंद्र संधू, सुनील ठुकराल, अरुण दीक्षित, पवन खनिजो, गजेंद्र प्रजापति,हरजीत राठी, आकाश रस्तोगी, संदीप वाल्मीकि, राजेश शुक्ला, विजय तोमर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नगर निगम अधिकारी, पार्षद और नागरिक उपस्थित रहे।

# अवैध शराब बिक्री एवं निर्माण पर रोक लगाने की मांग

**■ महिलाओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र**

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** वार्ड नंबर 18 खेतलसंडा खाम के सभासद मुक. रजीत सिंह राना के नेतृत्व में समस्त वार्डवासियों ने एसडीएम तुषार सैनी को एक शिकायती पत्र सौंपकर अवैध शराब निर्माण को हटाने व बिक्री को रोकने की मांग की।



शिकायती पत्र में लिखा गया है कि शराब माफिया द्वारा झोपड़ी में कच्ची शराब, स्मैक एवं अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही है। वहीं वार्ड वासियों को कहना है कि पूर्व में कई बार पुलिस द्वारा छापेमारी की गई, लेकिन कोई विशेष प्रभाव नहीं दिखाई दिया। वर्तमान में भी मादक पदार्थों की बिक्री क्षेत्र में जोरों शोरों पर चल रही है तथा शराब माफिया बैखौफ हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खुलेआम शराब आदि की बिक्री होने से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। असामाजिक तत्व खुलेआम सड़कों पर घूमते रहते हैं, जिससे महिलाओं एवं छात्र–छात्राओं में असुरक्षा और भय का माहौल बना रहता है। सूर्यास्त के बाद महिलाओं एवं छात्र–छात्राओं को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। वहीं उन्होंने बताया कि सामाजिक तत्वों के रेलवे पटरी पर बैठने से रेलवे सुरक्षा को भी खतरा की संभावना बनी रहती है।

वहीं आक्रोशित वार्ड वासियों ने शराब माफिया के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही करने, अवैध शराब निर्माण के अड्डे को नष्ट करने तथा अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दिया है कि अगर कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। शिकायती पत्र में गिरधर राणा, मनिंदर सिंह, कुलदीप सिंह राणा, कुलदीप सिंह राणा, चेतन राणा, दिलीप कुमार, हरिश चंद्र राणा, करतार सिंह, सोहन सिंह, पवन कुमार सक्सेना, पार्वती देवी, जया जोशी, मीना जोशी, कनिका जोशी, लता पाठक, नैना पाठक तथा पूजा सती सहित बड़ी संख्या में वार्डवासियों के हस्ताक्षर थे।

# ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**■ प्रतियोगिता में ब्लॉक के 12 स्कूलों के लगभग 90 विद्यार्थियों ने लिया भाग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा रुद्रपुर स्टेडियम में ब्लॉक लेवल पर बालक तथा बालिकाओं दोनों की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के 12 स्कूलों ने प्रतिभाग किया तथा लगभग 90 विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की।

विजडम पब्लिक स्कूल की अदिति रावत तथा पावनी परसवाल ने बालिका वर्ग अंडर 14 में अपनी जगह जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए दर्ज कराई। बालक वर्ग अंडर 14 में अंश, सरीश डसीला, मानस तथा दिव्यांश कुमार ने जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई। अंडर 17 बालिका वर्ग में वैष्णवी, राधिका, मनीषा, आरती, ज्योति तथा प्रियांशी ने जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की।



अंडर 17 बालक वर्ग में आलोक ने जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई। अंडर–19 बालक वर्ग में प्रियांशु चंद्र ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक गोपाल सिंह पटवाल, खेल प्रशिक्षक आदर्श, खेल प्रशिक्षिका राखी राय, अजय मिश्रा, देव मंडल तथा समस्त विद्यालयों के खेल प्रशिक्षक आदि उपस्थित रहे । विद्यालय के प्रबंधक गोपाल सिंह पटवाल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा इसी प्रकार निरंतर अपने कर्तव्य पथ पर संघर्षरत का संदेश दिया।

# पौधारोपण किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 'स्वच्छता पखवाड़े' के तहत तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर द्वारा 15 दिन चलने वाले स्वच्छता अभियान के अवसर पर हनुमान धाम अंजनी ग्राम छोई, रामनगर के समीप 34 हैक्टेयर वन भूमि में ईको–पार्क में पौधारोपण का कार्य रामनगर के विधायक दीवान सिंह बिष्ट और तराई पश्चिमी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चन्द्र आर्या के द्वारा किया गया।

# रक्तदान शिविर का आयोजन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व और केवीआर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रामनगर वन विश्राम भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभांरम्भ विधायक दीवान सिंह बिष्ट और कार्बेट के डायरेक्टर डा. साकेत बडोला द्वारा किया गया।

इस रक्तदान शिविर में लगभग 70 से अधिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति स्वयं की जिम्मेदारी का परिचय दिया। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि रक्तदान एक महादान है और इससे अनेक जीवन बचाये जा सकते है। उन्होंने इस प्रकार के शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। डा. साकेत बडोला कार्बेट टाइगर रिजर्व ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। केवीआर हास्पिटल की टीम ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्बेट डायरेक्टर ने बताया कि वन मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत स्थापित 48 ईको विकास समितियों को 1 करोड़ 14 लाख 50 हजार की राशि के चेक वितरित किए गये। टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन फॉर सीटीआर का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है कि अनुमोदित संरक्षण योजनाओं के अनुसार बाघ एवं जैव–विविधता के संरक्षण के लिए हो रहे प्रयासों को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा ''स्वच्छोत्सव" का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर पंचायत महुआडाबरा द्वारा आज आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) की थीम "स्वच्छोत्सव" के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत सभी कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों और सम्मानित नागरिकों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

यह स्वास्थ्य शिविर आयुष्मान आरोग्य मंदिर(आयुष), महुआडाबरा के सहयोग से आयोजित किया गया।शिविर में प्रतिभागियों की स्वास्थ्य जांच के साथ–साथ शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट, रक्त परीक्षण (CBC] LFT] KFT] RBS) किए गए। मरीजों की आवश्यकता अनुसार प्रतिभागियों को ब्लड प्रेशर, शुगर, खाँसी तथा अन्य रोगों की दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। यह कार्यक्रम महुवा डाबरा नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री देवी एवं अधिशासी अधिकारी आदित्य जोशी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## एक नजर

# डॉक्टर अक्षत ने मरीजों को फ्री दवाई व निशुल्क उपचार प्रदान किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीजों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन तालबपुर/ महुवा डाबरा में किया गया। चिकित्सा शिविर में पहुंचे डॉक्टर अक्षत अग्रवाल ने मरीजों की निशुल्क जांच एवं दवाई वितरण की और अन्य जांच की गई, जिसमें आशाएं एवं अन्य स्टाफ शामिल हुआ। मरीजों ने कैंप का भरपूर लाभ उठाया।

# आईडी हैक कर बैंक खाते से उड़ाई धनराशि

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर ।** साइबर ठगों ने पंतनगर निवासी श्याम गिरी के बैंक खाते से एक लाख छत्तीस हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, कुमायूं रेंज रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

श्याम गिरी ने बताया कि उनका बैंक ऑफ बड़ौदा की सिविल लाइन शाखा रुद्रपुर में खाता है। 6 सितंबर को जब वह पासबुक एंट्री कराने बैंक पहुंचे तो उन्हें पता चला कि 18 अगस्त से 6 सितंबर के बीच उनके खाते से बिना किसी मैसेज के 1.36 लाख रुपये कट चुके हैं। खाते का स्टेटमेंट निकलवाने पर सामने आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी यूपीआई आईडी हैक कर तीन ट्रांजेक्शन किए। इनमें 90 हजार रुपये, 19 हजार रुपये और 27 हजार रुपये की रकम अलग–अलग आईडी के जरिए भेजी गई। पीड़ित ने 6 सितंबर की शाम 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। अब श्याम गिरी ने पुलिस से गुहार लगाई है कि ठगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साइबर क्राइम पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

# अंतर शाखा चित्रकला एवं संगीत प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल में अंतर शाखा चित्रकला एवं संगीत प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने "Segregative Art" विषय पर अपनी सृजनात्मकता और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

निर्णायक मंडल में धीरज (जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल), एकता शर्मा (मोनार्ड पब्लिक स्कूल) और नितिन कालरा (जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल) सम्मिलित रहे। भूरारानी ब्रांच की भूमिका पाल प्रथम, भूमिका अरोड़ा एवं रिद्धिमा गोयल द्वितीय तथा हंसिका (भूरारानी) और सुखलीन कौर (डिबडिबा) तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को ट्रॉफी एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में डिबडिबा ब्रांच में अंतर शाखा संगीत प्रतियोगिता (सोलो एवं ग्रुप) भी आयोजित हुई। सोलो गायन में भूपेन्द्र प्रथम एवं स्पर्शिका द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि ग्रुप गायन में डिबडिबा ब्रांच प्रथम और भूरारानी ब्रांच द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एचके राय, प्रशासिका निधि राय तथा प्रधानाचार्या भावना भनोट ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि चित्रकला और संगीत अभिव्यक्ति के श्रेष्ठ माध्यम हैं, जो दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और सृजनशीलता को प्रोत्साहित करते हैं।

# मांगों को लेकर शिक्षकों काआंदोलन जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** राजकीय शिक्षक संघ द्वारा प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किए जाने,सभी स्तरों की पदोन्नति किए जाने,स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन गुरुवार को 32वें दिन भी जारी रहा। शिक्षकों ने आंदोलन के तय कार्यक्रम के तहत काली पट्टी बांध शैक्षणिक कार्य किया।

राजकीय इंटर कालेज में अवकाश के पश्चात हुई बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल ने देहरादून में 17 सितम्बर बुधवार को मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि हजारों शिक्षकों की मौजूदगी और जुझारूपन के चलते मुख्यमंत्री ने एक सप्ताह में सभी मांगों के निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी शीघ्र अपनी बैठक कर अगली रणनीति तय करेगी तब तक काली पट्टी बांध शैक्षणिक कार्य करने का आंदोलन जारी रहेगा। शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त कोई कार्य नहीं किया जाएगा। राजकीय इंटर कालेज ढेला में काली पट्टी बांध शैक्षणिक कार्य करने वालों में मनोज जोशी, सीपी खाती,दिनेश निखुरपा,महेंद्र आर्य,संत सिंह,शैलेन्द्र भट्ट ,बालकृष्ण चंद,संजीव कुमार,नरेश कुमार,जया बाफिला,प्रदीप शर्मा, पद्मा,हेमलता जोशी आदि मौजूद रहे।

# आगामी त्योहार को लेकर खाद्य सुरक्षा व व्यापारियों की हुई बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड के निर्देश पर रामनगर के नगरपालिका सभागार में देवभूमि व्यापार मण्डल एवं प्रान्तीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ नवरात्रि एवं आगामी त्यौहार को लेकर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन रामनगर, नैनीताल के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त खाद्य संरक्षा कुमाऊं मण्डल राजेंद्र सिंह ने कुट्टू का आटा खुला न बेचें और इसे बहुत जिम्मेदारी के साथ बेचने के निर्देश दिए है ।कोई भी लापरवाही नहीं करनी है। वहीं वरिष्ठ खाद्य संरक्षा अधिकारी रामनगर असलम खां ने कहा कुट्टू का आटा खुला न बेचें और खरीद एवं विक्रय बिलों को संभाल कर रखे हैं। साथ ही पैकेट बंद कुट्टू को ही बेचे हैं और उसकी उत्पादन तिथि और एक्सपायरी डेट देखकर ही बेचे है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश चंद्रा, मनमोहन अग्रवाल, प्रेम जैन, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रामनगर में 'स्वच्छता पखवाड़े' के तहत किया पौधारोपण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 'स्वच्छता पखवाड़े' के तहत तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर द्वारा 15 दिन चलने वाले स्वच्छता अभियान के अवसर पर हनुमान धाम अंजनी ग्राम छोई, रामनगर के समीप 34 हैक्टेयर वन भूमि में ईको–पार्क में पौधारोपण का कार्य रामनगर के विधायक दीवान सिंह बिष्ट और तराई पश्चिमी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चन्द्र आर्या के द्वारा किया गया। इस दौरान हनुमान सेवा ट्रस्ट के अशोक बंसल, सतनाम सिंह, प्रेम जैन, पवन अग्रवाल,राजेश अग्रवाल, पवन सिंघल,पवन अग्रवाल,भाजपा नेता नवीन करगेती डीएन सुनाल आदि थे।

# स्वास्थ्य विभाग ने किया दोराहा पर एमसीसी अस्पताल सील

**स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से दोराहा क्षेत्र के डॉक्टरों में मचा हड़कंप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 स्थित दोराहा में एमसीसी अस्पताल का लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी एमसीसी अस्पताल संचालित होने की शिकायत मिलने पर सीएमएस डा. पीडी गुप्ता ने दोराहा पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के साथ एमसीसी अस्पताल को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही से दोराहा क्षेत्र के डॉक्टरों में हड़कंप मच गया।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के स्वार निवासी सुभान ने सीएमओ कार्यालय में शिकायत कर बताया था कि उसकी पत्नी नसरीन का उपचार बाजपुर के दोराहा स्थित एमसीसी अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान डॉक्टर द्वारा लापरवाही बरतने से उसकी पत्नी की मौत हो गई थी।

इस मामले को लेकर सीएमओ केके अग्रवाल ने जांच के लिए टीम का गठन किया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मामले की जांच की गई थी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम को जांच में पता चला कि एमसीसी अस्पताल बिना डिग्री के डॉक्टर द्वारा चलाया जा रहा है। इसी के चलते सीएमओ ने अस्पताल का पंजीकरण प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया और अस्पताल को बंद करने के निर्देश दिए।

अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद होने के बाद भी अस्पताल के संचालित होने की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्राप्त हुई। इसी के चलते सीएमओ के निर्देश पर बाजपुर सीएमएस डा. पीडी गुप्ता ने दोराहा पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अस्पताल को सील कर दिया।

इस दौरान सीएमएस डॉ पी डी गुप्ता ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश अस्पताल सील करने कार्यवाही की गई है।

# यातायात नियमों का कड़ाई से कराया जाए पालनः डीएम

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए दिए दिशा-निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने पर बल दिया ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों में सड़क सुरक्षा संबंधी जो भी जागरूकता गोष्ठिया नियमित रूप से आयोजन हो रही हैं, उनकी एक रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन और PWD को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। SE PWD द्वारा बताया गया कि PWD भी स्कूलों में जाकर जागरूकता गोष्ठिया नियमित रूप से आयोजन करेगा, जिस पर जिलाधिकारी ने PWD के इस कदम की सराहना की और कहा कि प्रशासन और शिक्षा विभाग निरंतर ये काम करना रहता है, लेकिन कब तीनों मिलकर और बेहतर तरीके से जागरूकता कार्यक्रम करवाएंगे।

धारचूला उपजिलाधिकारी को गस्कु पांगला से थानेधार तक कट रही सड़क का PMGSY टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, जिलाधिकारी ने बीआरओ को उन स्वीकृत सड़कों को, जिन पर कार्य नहीं हो रहा है, एनएच को हस्तांतरित करने का सुझाव दिया और प्रशासन द्वारा एक पत्र शासन को प्रेषित करने को कहा।

बैठक में क्रैश बैरियर हेतु शासन को शीघ्र पत्र प्रेषित करने तथा समय पर फंड जारी कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। देवत क्षेत्र में आए पत्थरों को तोड़कर सड़क कार्य में इस्तेमाल कर वहां से पत्थर को हटाने के भी निर्देश दिए। आदि कैलाश एवं कैलाश मानसरोवर यात्रा के सफल संचालन पर जिलाधिकारी ने पुलिस, BRO, प्रशासन एवं संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर बढ़िया कार्य करने हेतु सराहना की और बधाई दी और इस यात्रा को केस स्टडी के रूप में दस्तावेजित करने के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश दिए।

समिति में एसडीएम धारचूला (अध्यक्ष), पुलिस उपाधीक्षक धारचूला, एआरटीओ एवं बीआरओ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, एआरटीओ ई. शिवांश काण्डपाल, अधीक्षण अभियंता लोनिवि जेएस ह्यांकि, एसडीएम सदर मनजीत सिंह, एडीएम योगेन्द्र सिंह, एसडीएम धारचूला जितेन्द्र वर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**एक नजर**

# नगर निगम कार्यालय पर लगाई गई प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष गरीश जोशी द्वारा 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत नगर निगम कार्यालय प्रवेश द्वार पर 18 सितंबर से दो अक्टूबर तक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित व उनके द्वारा देश हित में चलाई जा रही ऐतिहासिक जनकल्याणकारी योजनाओं का चित्रण कर आम जनमानस के लिए प्रदर्शनी लगाई गई है, ताकी आमजन उनके संघर्षों को प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी ले सकें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, दर्जा मंत्री गणेश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, मेयर कल्पना देवलाल, प्रदेश मंत्री दीपिका बोहरा, विरेन्द्र शाह, राजेन्द्र रावत, उमेश महर, इन्द्र लुठी, राकेश देवलाल, विरेन्द्र बोहरा, कोमल मेहता, रघुवीर सिंह बिष्ट, दीपिका चुफाल, कृपाल वल्दिया, ललित मोहन भट्ट, हरिश रावत, दीपक लोहिया, रोहन बिष्ट, सुजीत धामी, सिद्धार्थ महर आदि उपस्थित रहे।

# ईओ दीपक शुक्ला ने संभाला कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के रूप में दीपक शुक्ला ने कार्यभार ग्रहण किया है। कार्यभार संभालने के बाद देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने स्वागत अभिनंदन किया।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह के स्थानांतरण के बाद केलाखेडा से स्थानांतरित होकर आए दीपक शुक्ला ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

नवागन्तुक अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि नगर पालिका का क्षेत्र को स्वच्छ बनाने एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के स्वच्छता अभियान को



अंतिम छोर तक ले जाना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका कार्यालय से संबंधित कार्य के लिए आम जन के लिए उनका कार्यालय खुला है तथा अपनी समस्या को लेकर उनसे सीधा संपर्क कर सकता है। वहीं अधिशासी अधिकारी के रूप में दीपक शुक्ला के पदभार ग्रहण करने के बाद देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बुकें भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। यहां देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरन, जिलाध्यक्ष विनोद कुमार, शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, नितिन चरन, मुकेश, श्याम बाबू, मैकिल, विवेक चरन, सचिन चरन, पप्पू लाल, सुनील, राजू, रमेश, सूरज, मीना, सपना, वीना, सुन्दरी, पूनम आदि।

# उत्तराखंड के ट्रक स्वामियों / ट्रान्सपोर्टरों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भाजपा मंडल महामंत्री हरप्रीत सिंह हैप्पी ने परिवहन विभाग हरियाणा सरकार में ढाबों पर खड़े दूसरे राज्यों से पहुंचे खाली खड़े ट्रक, टैंकर व कम हाईट लोडेड वाहनों, आरसी पास वाहनों के ऑनलाइन चालान व प्राइवेट बैंकों के एजेंटो द्वारा किए जा रहे शोषण बंद किए जाने हेतु एक मांग पत्र मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी को सौंपा।

भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री हरप्रीत सिंह/ सुखमनी रोड़ लाइन्स के स्वामी ने बताया कि वाहन स्वामियों/ड्राइवरों की गैर मौजूदगी में हरियाणा राज्य के ढाबों पर खड़े ट्रकों के ऑनलाइन बेतहाशा कट रहे चालानों से ट्रक मालिकों का



आर्थिक शोषण के साथ-साथ मानसिक शोषण भी हो रहा है। वैसे भी ट्रांसपोर्ट का उद्योग घाटे का सौदा हो रहा है और ऊपर से ऑनलाइन चालानों के बढ़ते बोझ ने ट्रक मालिकों की कमर तोड़ दी है, जिससे ट्रांसपोर्ट उद्योग बंद होने की कगार पर आ गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जो प्राइवेट बैंकों से फाइनेंस कर वाहन मालिक गाड़ियां ले रहे हैं लेकिन मंदी के चलते बैंकों की किस्त समय में जमा होने से थोड़ी चूक हो जाने पर भी बैंक के रिकवरी एजेंट सड़कों पर ट्रकों/वाहनों को रोककर उनसे अवैध वसूली या ट्रक छीन कर ले जा रहे हैं जो उचित नहीं है।

इन्हीं मुख्य मांगों को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर उक्त विषयों पर ट्रक स्वामियों व ट्रांसपोर्टरों की मदद करने का आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा उक्त विषय के संबंध में गहनता से विचार कर उचित जांच करने की बात कही गई है।

# विनीता बनी अध्यक्ष, निर्मला कोषाध्यक्ष तथा सुनीता विशवकर्मा को मिली सचिव की जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मनसा देवी महिला स्वायत्त सहकारिता भूमलाई की संपन्न हुई प्रथम वार्षिक आम सभा**

**लोहाघाट।** लोहाघाट विकास खंड के अंतर्गत ग्रामोत्थान रीप व यूएसआरएलएम के सहयोग से संचालित मंसा देवी महिला स्वायत्त सहकारिता भूमलाई की प्रथम वार्षिक आम सभा विनीता राय की अध्यक्षता में पंचायत घर चौडीराय के परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित राय व संघ की अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिक आम सभा का शुभारम्भ किया गया।

आम सभा में मंसा देवी स्वायत्त सहकारिता की अध्यक्ष विनीता राय द्वारा उपस्थित शेयरधारकों को संबोधित करते हुए करते हुए विगत वर्ष संघ द्वारा एनआरएलएम व ग्रामोत्थान के मार्गदर्शन में संचालित की गई गतिविधियों व संघ की व्यवसायिक व वित्तीय प्रगति से सदस्यों को अवगत कराया गया। उपस्थित शेयरधारकों द्वारा ग्राम संगठन वार सर्वसम्मति से नौ सदस्यीय संचालक मंडल का गठन करने के उपरांत अध्यक्ष पद पर विनीता राय, कोषाध्यक्ष निर्मला तिवारी, सचिव पद पर सुनीता विशवकर्मा , उपाध्यक्ष रेनुका राय व उपसचिव पद में पुष्पा देवी का चयन किया गया। मध्यस्थता समिति में गोदावरी, बिमला व हेमा जोशी तथा लेखा समिति में बबीता, पूजा व गीता देवी का चयन किया गया। बैठक में सहायक प्रबंधक मूल्यांकन सचिन चंखवान ने संघ के अंतर्गत ग्रामोत्थान संचालित योजना व एरिया कार्डिनेटर भगत कोहली द्वारा एनआरएलएम द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी दी गई। यहां बीडीसी सदस्य अमित राय, प्रकाश चंद्र पाठक, चंद्रशेखर जोशी, मनीषा, बजरंगी , लक्ष्मी, विनीत पाटनी समेत 200 सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# किसान ऐसा वैज्ञानिक, सहारा मिले, तो धरती से पैदा कर सकता है सोनाः डीएम

**पहली बार जिलाधिकारी की पहल पर किसानों एवं खेती से जुड़े सभी विभागों के बीच हुआ संवाद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद में पारंपरिक उत्पादों को जी आई -टैग देने के साथ यहां आलू लहसुन अदरक आदि का स्थानीय स्तर पर बीज तैयार कर किसानों के उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार की पहल पर जिले के किसानों एवं खेती से जुड़े विभागों के बीच सीधा संवाद की नई पहल की गई। इस कार्यक्रम में जिले के तमाम प्रगतिशील किसानों ने विभागों के सामने अपनी समस्याएं रखी।

सभी किसानों का स्वागत करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एक किसान का बेटा होने के कारण उन्हें उनकी सारी कठिनाइयों की जानकारी है। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य किसानों के लिए सम्मान से जीवन जीने के अवसर प्रदान करना है। जिला प्रशासन का इरादा उन सभी प्रकार के बीजों सब्जियों व फल पौधों का जिला स्तर में ही उत्पादन कर किसानों का हर स्तर पर प्रोत्साहन देना है।

किसान से बड़ा कोई वैज्ञानिक नहीं होता है यदि उन्हें सहारा दिया जाए तो वह जमीन से सोना पैदा करने लगते हैं। मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार के संचालन में यहां केवीके में रहते हुए किसानों के बीच उल्लेखनीय कार्य कर गए डॉ एके सिंह वर्चुअली संवाद में शामिल हुए। उन्होंने पौली हाउस, मल्चिंग, टपक सिंचाई के माध्यम से किसानों को भी बेमौसमी सब्जियों, फूलों की खेती आदि के लिए प्रोत्साहित किया। किसानों ने लोहाघाट में मंडी खोलना लाल चावल वह मिलटस के उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ दूध का मूल्य बढ़ाने की भी माग की।

विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा के वैज्ञानिक ने ऐसी प्रजातियों को अपनाने पर जोर दिया जिनमें औषधीय गुण होते हैं। दुर्गम क्षेत्र से आए प्रगतिशील किसान तुलसी प्रसाद को जिलाधिकारी ने सम्मान देते हुए उन्हें न केवल अपने पास बैठाया, बल्कि उनकी सभी जरूरतों को पूरा करते हुए उनके उत्पादों को बिकवाने का भी भरोसा दिलाया।

संवाद में प्रगतिशील किसान प्रदीप जोशी, उमेश जोशी, हरीश जोशी ,नवीन कुमार, कमल गिरी, नरेश करायत, रघुवर मुरारी, रमेश खर्कवाल, प्रदीप उपाध्याय ने दुग्ध संघ से समय में भुगतान न मिलने, चारे की समस्या, जंगली जानवरों की समस्या वर्ष 2016-17 का 10 माह का दूध उत्पादकों के प्रोत्साहन राषि न मिलने आदि तमाम मांग रखी। जिला अधिकारी ने किसानों से अपना फॉरम तैयार कर अपने ज्ञान को आपस में बांटने तथा उत्पादों को सही बाजार दिलाने के साथ यहां पहाड़ी बादाम के लिए मशहूर मूंगफली के उत्पादन को पुनर्जीवित करने के साथ किसानों की तमाम समस्याओ का मौके में ही समाधान किया।

इस अवसर पर कृषि, उद्यान , जड़ी बूटी, पशुपालन, डेयरी आदि सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने लगातार हो रही सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और शराब पीकर हुडदंगियों के खिलाफ अभियान चलाया गया।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर रामनगर पुलिस टीम द्वारा सघन चैकिंग अभियान चलाते हुए कुल 47 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई,जिसमे से 28 चालकों से कुल 16500 रुपये शुल्क वसूला गया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत शराब पीकर चला रहे चालकों के विरूद्ध अंतर्गत धारा 185 एमवी एक्ट मे कुल चार वाहन सीज किए गए और सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 41 चालान अंतर्गत धारा 81 पुलिस एक्ट में करते हुए कुल 10500 रुपए संयोजन शुल्क वसूला गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान पुलिस टीम में सीओ सुमित पांडे, कोतवाल अरुण कुमार सैनी, यातायात निरीक्षक वेदप्रकाश भट्ट, एसएसआई मोहम्मद यूनुस, गर्जिया पुलिस चौकी प्रभारी गगनदीप सिंह, पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील धनिक, मालधन पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, छोई चौकी इंचार्ज तारा सिंह राणा, एसआई सुरभि राणा, एसआई राजकुमारी, एसआई जोगा सिंह, एसआई सादिक हुसैन, हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन, कांस्टेबल विजेन्द्र गौतम, संजय कुमार, विपिन शर्मा, जसवीर सिंह, महबूब अली आदि शामिल रहे।

# फिटनेस कार्य की मांग को लेकर चक्का जाम रहा सफल



**यात्रियों, टूरिस्टों को उठानी पड़ी भारी परेशानी**

**आवश्यक सेवाएं व स्कूली बसों को रही छूट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सरकार व स्थानीय परिवहन प्रशासन के द्वारा बिना किसी उचित प्रबन्ध के रामनगर एआरटीओ कार्यालय से फिटनेस कार्य को हटाये जाने से गुस्साए कमर्शियल वाहन यूनियनों के द्वारा गुरुवार को रामनगर में कमर्शियल वाहनों का संचालन बंद रहा। चक्का जाम के चलते टूरिस्टों व आम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जबकि आवश्यक सेवाओ व स्कूली बसों को छूट दी गयी। इस मौके राजनीतिक दलों के नेताओं सहित कई जनप्रतिनिधियों ने एक दिवसीय धरना दिया।

रामनगर में विभिन्न मार्गो पर बसों का संचालन करने वाली पांच बस यूनियने हैं जिसमे रामनगर-मुरादबाद आपरेटर बस यूनियन, कुमाऊं आर्दश मोटर यूनियन, गढ़वाल मोटर यूजर्स वीरोखाल, गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन, कुमाऊं मोटर ओनर्स लि. टैक्सी यूनियन, ई-रिक्शा यूनियन,टैम्पू यूनियन, जिप्सी यूनियन आदि शामिल हैं। सरकार के द्वारा रामनगर एआरटीओ कार्यालय फिटनेस कार्य हटाये जाने से गुस्साए सभी यूनियनों के द्वारा सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित आलाधिकारियों को शिकायती पत्र प्रेषित किया गया है। नगर की विभिन्न परिवहन संस्थाओं द्वारा रामनगर एआरटीओ कार्यालय से फिटनेस कार्य बंद किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए अपनी नराजगी जतायी है। पूर्व में रामनगर में 18 सितंबर गुरुवार को कमर्शियल वाहनों के संचालन बंद को सभी यूनियनों ने अपना समर्थन दिया गया है। रामनगर में 18 को वाहन संचालन बंदी को लेकर संयुक्त कमर्शियल वाहन यूनियनों ने आधा दर्जन टीमें बनाई हैं जो नगर व आस-पास के इलाकों में वाहनों की आवाजाही पर रोक रही हैं और सभी ने स्वेच्छा से अपने वाहन बंद रखे। रामनगर में वाहनों के संचालन बंद से कॉर्बेट नेशनल पार्क के जोनों में भ्रमण को आने वाले पर्यटकों को भी परेशानी उठानी पड़ेगी। रानीखेत रोड पर विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।

वहीं धरने पर बैठे ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि अगर जल्द ही फिटनेस कार्य रामनगर में शुरू नहीं किया गया तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,कार्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष जगदीश छीमवाल, रेहान खान, यूसुफ कुरेशी, भगीरथ लाल, फैजुल हक, मिथलेश डंगवाल, नवीन सती, सचिन कुमार, नरेंद्र शर्मा, राहुल डंगवाल, महावीर सिंह रावत, पूरन पांडे, डॉक्टर निशांत पपने, नूर खान, मोहम्मद इसरार, महबूब आलम, तस्लीम अहमद, पुष्पराज जोशी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया कार चोरी का खुलासा, दो शातिर दबोचे

**चोरी की हॉन्डा क्रेटा कार और घटना में प्रयुक्त डिजायर कार बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी ने चोरी हुई हॉन्डा क्रेटा कार का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। और उनके पास से चोरी की हॉन्डा क्रेटा कार मय घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार को भी बरामद कर लिया है।

बाजपुर के बरहैनी निवासी संदीप कुमार पुत्र रमेश चन्द्र ने 10 सितम्बर को बाजपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी हॉन्डा क्रेटा कार संख्या-यूके-18-पी-9229 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी ने चोरी हुई हॉन्डा क्रेटा कार के खुलासे के लिए दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता संदीप कुमार को साथ लेकर क्षेत्र के समस्त सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पुलिस टीमों द्वारा उत्तराखण्ड उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में जाकर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से छानबीन की गई और सर्विलांस का सहारा लेते हुए पता लगाने सुरागरसी की गई। सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी मय पुलिस टीम द्वारा 18 सितम्बर को गढ़मुक्तेश्वर फ्लाई ओवर के नीचे शातिर बदमाश हनुमान सिंह गुज्जर उर्फ हन्नी पुत्र मंगतू राम गुज्जर निवासी बनावड़ थाना मंडावर जिला दोसा राजस्थान और दूसरा सतीश गुज्जर पुत्र भगवान सिंह गुज्जर निवासी हाडोली थाना मंडावर जिला दोसा राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया और दोनों शातिर बदमाशों के पास से चोरी हॉन्डा क्रेटा कार संख्या - यूके -18 - पी - 9229 और घटना में प्रयुक्त एक स्वीफ्ट डिजायर कार संख्या एचआर -55-एडब्लू -7371 को भी बरामद कर लिया है।

एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी द्वारा पूछताछ करने पर दोनों शातिर बदमाशों ने बताया कि हम लोग आठ सितम्बर को नैनीताल घूमने गए थे और वापसी में 10 सितम्बर को हमने




बाजपुर क्षेत्र से हॉन्डा क्रेटा कार चोरी की। एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि दोनो शातिर बदमाशों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। और पुलिस द्वारा दोनों शातिर बदमाशों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी, उप निरीक्षक संदीप शर्मा, उप निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह परिहार, हेड कांस्टेबल राजकुमार, विनय कुमार, कां. दिनेश चन्द्र, काशीपुर एसओजी कैलाश तोमक्याल, कां. सुरेश बिष्ट, जगदीश कोटियाल शामिल रहे।

# चेयरमैन के निवास पर जश्ने साबरी में कब्बालियों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिकाध्यक्ष हाजी मौ. अकरम के द्वारा जश्ने साबरी के तहत कब्बालियों का प्रोग्राम किया गया।



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलियर के मकदूम साबिर कलियरी के सलाना उर्स के बाद हाजी अकरम के लौहारा लाईन स्थित निवास पर जश्ने साबरी आयोजित किया गया जिसमे कब्बाल जावेद रामपुरी ने साबिर साहब की शान में कब्बालियों को पेश करके माहौल को सूफीयाना बना दिया। इस मौके पर प्रोग्राम के मुख्य अतिथि व पानीपत से तशरीफ लाए गद्दीनशीन सैय्यद मैराज साबरी, कलियर दरगाह के खादिम इस्तेखार साबरी, मास्टर अजीम साबरी, बिलाल साबरी, एजाज साबरी, हल्द्वानी से फईम साबरी, आमिर साबरी, अन्नू साबरी सहित चेयरमैन हाजी मो. अंकरम, बब्बू सैफी, मौ. आमिर सैफी, मौ. अमान सैफी, आरिफ अहमद, अहमद अली, मौ. शाहिद सैफी, अमीना बेगम, रूखसाना सैफी, फरहान सैफी, फैजान सैफी, डॉ. जफर सैफी, तनुज दुर्गापाल, शमीम अहमद, मोहम्मद नदीम, जफर इकबाल, राजा सलमानी, सोनू करीम, पुष्कर दुर्गापाल,ताईफ खान, नदीम कुरैशी ,वाजिद हुसैन, मौ. उस्मान, असद अली, फरमान कुरैशी, नदीम कुरेशी, याना खान, गुड्डू खान ठेकेदार, निजाम ठेकेदार, परवेज ठेकेदार, जहूर ठेकेदार, दानिश पलम्बर, लल्ला मियाँ, फिरोज जाफरी, आरिश सिद्दीकी, दिनेश सहित बड़ी संख्या में अकीदमंद मौजूद रहे।

# रक्तदान शिवर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बाजपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान शिवर का आयोजन ब्लड सेंटर बाजपुर में किया गया, जिसका शुभारम्भ दर्जा मंत्री व पूर्व सांसद बलराज पासी द्वारा फीता काटकर किया गया। बाजपुर मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव और कौशल्यपुरी मंडल अध्यक्ष गुरमुख सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिकों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रभारी अनंत जैन, संयोजक बिट्टू चौहान, सह संयोजक शुभम पांडे,रिंकू शर्मा, गोपाल कोछड़, इरफान अली, राजेश पांडे , सुशील वर्मा, देव सिंह, संदीप गुप्ता, मयंक शर्मा, बीडी मिश्रा, तनिकेत पासी, स्तुति गुप्ता, प्रतिमा सक्सैना, पूजा जिंदल, रविकांत शर्मा, अमन भारद्वाज, कुसुम सैनी, ममता जैन, दिव्या, मुकेश शर्मा, रमेश गर्ग, सुखविंदर गर्ग, इदरीश अहमद, राजू पंडित, सूरजपाल आदि थे।

# मरम्मत का शीघ्र प्रस्ताव बनाकर भेजा जाए

## कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत ने लोअर मालरोड में भूधंसाव का जायजा लिया



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल नगर के लोअर माल रोड में सड़क में भू धसाव होने के कारण ऐतियातन इस मार्ग पर यातायात को रोक दिया गया था साथ ही लोक विभाग नैनीताल की ओर मार्ग में हो रहे भू कटाव के स्थाई रोकथाम कार्य पूर्ण होने तक लोअर माल रोड को मालरोड से जोड़े जाने हेतु वैकल्पिक रूप से रैंप का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। मामले में वीरवार को कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत द्वारा लोक निर्माण विभाग तथा सिंचाई विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ नैनीताल स्थित मालरोड का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने सड़क के भू धसाव स्थल एवं रैंप निर्माण कार्य समेत भू धसाव क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सड़क सुरक्षा आदि कार्यो की जानकारी अधिका. रियों से ली। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

आयुक्त रावत द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित भू वैज्ञानिक लेघराज से क्षेत्र में पूर्व में कराए गए भू वैज्ञानिक सर्वे के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा सिंचाई विभाग को क्षेत्र में अधिक नुकसान न हो इस हेतु नैनी झील के चारों तरफ क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत का प्रस्ताव यथाशीघ्र तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने कहा कि यहां के स्थाई समाधान हेतु उत्तराखंड शासन द्वारा प्राथमिकता से इस परियोजना को लिया जा रहा है। इस हेतु इसके स्थाई मरम्मत हेतु यथाशीघ्र प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए। आयुक्त रावत ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यातायात शीघ्र सुचारू करने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 25 मीटर सड़क भाग में क्षति मरम्मत हेतु लोक निर्माण विभाग को वर्ष 2018 में लगभग 4 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है जिससे विभिन्न कार्य हुए भी हैं शेष कार्य जो होने हैं उन्हें यथाशीघ्र करने हेतु आयुक्त द्वारा लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भू वैज्ञानिकों की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार मालरोड में लगभग 190 मीटर सड़क में भू धसाव हो रहा है, उसके मरम्मत एवं स्थाई ट्रीटमेंट हेतु लोक निर्माण विभाग टीएचडीसी के साथ मिलकर शीघ्र ही डीपीआर तैयार कर शासन को भेजें। कुमाऊं आयुक्त रावत ने कहा कि मालरोड सड़क भू धसाव का स्थाई ट्रीटमेंट करना नितांत आवश्यकीय है। इस हेतु लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग इसे प्राथमिकता में रखते हुए कार्य करें। इस दौरान लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता द्वारा विभागीय स्तर पर क्षेत्र में हो रहे भू धसाव की रोकथाम एवं उसके स्थाई समाधान हेतु की जा रही कार्यवाही आदि के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग पी एस बृजवाल तथा मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ला, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, भू वैज्ञानिक लेघराज सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुस्तकालय के क्षतिग्रस्त भाग की तुरंत मरम्मत करें ईओ: कमिश्नर

**नैनीताल।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने वीरवार को माल रोड स्थित नगर पालिका पुस्तकालय का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पालिका के अधिशासी अभियंता रोहिताश शर्मा से पुस्तकालय के क्षतिग्रस्त भाग के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। निरीक्षण के बाद उन्होंने पुस्तकालय के क्षतिग्रस्त भवन की शीघ्र मरम्मत हेतु अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा को जरूर दिशा निर्देश दिए।

## एक नजर...

### चीतल के मांस के साथ पकड़े दो आरोपी

**कालाढूंगी।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर अंतर्गत बन्नाखेड़ा रेंज मै एसओजी टीम ने दो आरोपियों को चित्तल के मांस के साथ गिरफ्तार किया है। वन विभाग ने पुरन सिंह पुत्र कुशल सिंह ग्राम चननान गूलरभोज और मान सिंह पुत्र पुरन सिंह ग्राम खम्बारी बाजपुर को गिरफ्तार किया है वही मुख्य आरोपी जगत सिंह उर्फ जगता भागने मै कामयाब रहा। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 50-1(ग) के अंतर्गत आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नवल कपिल वन क्षेत्राधिकारी बन्नाखेड़ा रेंज और अशोक कुमार टम्टा, एसओजी प्रभारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर के द्वारा बन्नाखेड़ा के भूड़ी गांव मै जगत सिंह उर्फ जगता के घर से 13.5 ह चितल का मांस वरामद किया। व दो आरोपियों को पकड़ा। इस दौरान वन विभाग की टीम से बिपिन पलड़िया वन दरोगा, रघुवर सिंह रजवार वन आरक्षी, अजय रावत, मुराद मौजूद रहे।

### संकल्प कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता

**नैनीताल।** नैनी महिला जागृति संस्था नैनीताल द्वारा आयोजित एवं नैनीताल बैंक द्वारा प्रायोजित संकल्प कार्यक्रम के तृतीय दिवस यानी वीरवार में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नैनीताल क्लब में किया गया। इससे पूर्व मुख्य नितिन कार्की विशिष्ट अतिथि मोहित आर्या ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक, 79 यूके एनसीसी तथा 5 यूके एनसीसी समेत राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक निशांत, मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। निर्णायक नीरज बिष्ट एवं हरीश राणा रहे। आयोजक सचिव हरीश राणा ने बताया कि नैनीताल बैंक के सहयोग से दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक लोक नृत्य प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम नकुल देव साह, द्वितीय दीपांशु पालीवाल एवं तृतीय नंदिनी जोशी रही। सुनैना एवं वैशाली पाठक को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। संचालन विशाल वर्मा ने किया। इस दौरान युवराज करायत, प्रियांशु कुमार, सागर बिष्ट, गौरव हार्पर, कमल कार्की, गौरव बिष्ट, कपिल खोलिया, कुशाग्र, काव्या जोशी, वंशिका आर्य, सचिन कुमार, इमरान फारुकी, कपिल नगदली, पावनी लोधियाल, हया फातिमा एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### धरा को हर तरफ स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

**नैनीताल।** जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट में वीरवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि भवन नई दिल्ली द्वारा निर्देशित कार्यक्रम स्वच्छोत्सव के अन्तर्गत प्रभारी अधिकारी डा. सी. तिवारी के मार्गदर्शन में केन्द्र के कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों समेत कर्मचारियों एवं ग्रामसभा चोपडा की महिला कृषकों और किशोरी बालिक. ाओं द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शपथ लेते घर तथा गाँव तथा शहर एवं कार्य स्थल को स्वच्छ बनाये रखने तथा अन्य व्यक्तियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। इसी दौरान डा. बलवान सिंह द्वारा स्वच्छता जबकि डा. वीके सिंह द्वारा वर्षा ऋतु में मत्स्य तालाब की देख रेख और डा. सुधा जुकारिया द्वारा गृह वाटिका में कीटों से बचाव के लिये जैविक विधियों के बारे में बताया गया। डा. शशि तिवारी द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यकम के संचालन में केन्द्र के दीप कुमार, विमल कुमार शर्मा, कमला सत्यपाल, महिपाल चन्द्र लोहनी, डा. राकेश मेर, महेन्द्र कुमार शर्मा, सुभाष चन्द्रा, गोविन्दी देवी एवं सुमित कुमार द्वारा सहयोग दिया गया।

### दो पिकअप में 30 से ज्यादा सवारी

**नैनीताल।** दो पिकअप में 30 से ज्यादा लोगों को बैठाकर मालरोड से गुजरना चालकों को महंगा पड़ गया। तल्लीताल पुलिस की ओर से पिकअप चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात लगभग 10 बजे तल्लीताल पुलिस मालरोड पर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इस दौरान मल्लीताल से दो पिकअप में 30 से ज्यादा लोगों को बैठाकर चालक तल्लीताल को आ गए। मल्लीताल से मिली सूचना के आधार पर तल्लीताल पुलिस ने मालरोड पर दोनों वाहन यूके 04 सीबी-9528 व यूके 04 सीसी-1840 को रोक लिया। चैकिंग करने पर एक पिकअप में 18 व दूसरी में 15 लोग बैठे थे। पूछताछ में पिकअप में बैठे मजदूरों ने काम से वापस लौटने की बात कही। वाहन नहीं मिलने पर पिकअप में जाने की बात कही। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पिकअप चालक बिहार बेतिया निवासी आफताब व नुरेश के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर मजदूरों को दूसरे वाहन से भेजा गया।

### बौद्धिक प्रतियोगिता में किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के 7 छात्र-छात्राओं ने प्रांत स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता में जो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर किशनपुर गौलापार में संपन्न हुई थी, उसमें विद्यालय से सात छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्कूल के प्रधानाचार्य दीवान सिंह मेवाडी के मुताबिक प्रतियोगिता में चार छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और तीन छात्र-छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं में जिगर डालाकोटी गणित प्रयोग बाल वर्ग में, रौनक आर्य गणित प्रदर्श बाल वर्ग में जबकि नूर फातिमा गणित पत्र वाचन बाल वर्ग मेंतथा रित्विक बिष्ट गणित प्रदर्श शिशु वर्ग में द्वितीय स्थान, गणित पत्र वाचन शिशु वर्ग में नम्रता द्वितीय स्थान, कथा कथन बाल वर्ग में आयत अली द्वितीय स्थान में रहे। आचार्य पत्र वाचन में पूर्ण नयाल ने पूरे प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# छात्रसंघ चुनाव कार्यक्रम जारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की ओर से वीरवार को विवि के सभी परिसरों व डिग्री कालेजों में छात्र संघ चुनाव-2025-26 संपन्न कराए जाने के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अन्तर्गत छात्रसंघ चुनाव संबन्धी अधिसूचना 22 सितंबर सोमवार को प्रात: 11 बजे जारी होगी। छात्र संघ नामांकन हेतु प्रपत्रों की बिक्री 23 सितंबर मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे से शाम को 3 बजे तक की जाएगी जबकि नामांकन पत्र 24 सितंबर बुधवार की सुबह 10 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक लिये जायेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 25 सितंबर वीरवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। नाम वापसी 25 सितंबर वीरवार को अपराह्न 10 बजे से लेकर शाम को 3 बजे तक की जायेगी। छात्रों की आम सभा जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने की स्थिति में 26 सितंबर को पूर्वाहन 11 बजे से शाम को की जाएगी जबकि मतदान 27 सितंबर शनिवार को प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक होगा तथा मतगणना तथा परिणाम की घोषणा एवं शपथ ग्रहण उसी दिन शाम को संपन्न होगा। इस बीच कुविवि के कुलसर्ा. चव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव को सुचारू तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिये विश्व. विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं।

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर बैठक



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में वीरवार को छात्र संघ चुनाव को लेकर आर्ट ऑडिटोरियम में पुलिस प्रशासन तथा परिसर प्रशासन व संभावित छात्र संघ प्रत्याशियों की बैठक हुई। बैठक में बोलते हुए एसपी डा. जगदीश चंद्रा ने कहा कि छात्र-छात्राएं चुनाव में जरुर प्रतिभाग करें किंतु लिंगदोह समिति के नियमों का सख्ती से पालन करें, कहा कि विद्यार्थी जोश से काम करते हैं किन्तु वह रचनात्मक काम करें। उन्होंने कहा कि पुलिस का पूर्ण सहयोग है, किन्तु नियम तोड़ने पर सख्त कार्यवाही होगी।

डा. जगदीश चंद्रा ने परिसर व शहर में पोस्टर आदि प्रचार सामग्री से गंदगी न करने के निर्देश दिए तथा कहा कि परिसर में चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से लेकर चुनाव संपन्न होने के दिन तक हर छात्र-छात्रा को आइडेंटिटी कार्ड लाना जरूरी होगा। डा. जगदीश ने चुनाव संबंध में अन्य जानकारी तथा नियमों की जानकारी भी दी। बैठक में परिसर के डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत ने विद्यार्थियों को लिंगदोह समिति के नियमों की जानकारी दी। संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर डा. ललित तिवारी ने किया। बैठक में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत तथा तल्लीताल थाने के एसओ मनोज नयाल समेत डा. आर सी जोशी, प्रो. सुषमा टम्टा, डा. नीलू लोधियाल, डा. गीता तिवारी, डा. रितेश साह, डा. अशोक कुमार, डा. निधि वर्मा सहित छात्र संघ चुनाव में किस्मत जा रहे छात्र संघ के संभावित प्रत्याशी एवं अन्य छात्र छात्राएं शामिल हुई।

### हाईकोर्ट ने लोक सेवा प्राधिकरण का आदेश रद्द किया

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने महिला कर्मचारी मंजू बिष्ट की पदोन्नति रद्द करने के लोक सेवा प्राधिकरण के आदेश को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि एक बार पदोन्नति दिए जाने के बाद दोबारा प्रक्रिया शुरू करना गलत है। मंजू बिष्ट को 2021 में उच्च पद पर पदोन्नत किया गया था, लेकिन दुर्घटना के कारण वे कार्यभार नहीं ले सकीं। इसके बावजूद विभाग ने उनके मामले को फिर से पदोन्नति समिति को भेज दिया। हाईकोर्ट ने इस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए मंजू को दो सप्ताह में आवेदन देने और निदेशक को चार सप्ताह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह फैसला सरकारी कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# शेरवुड में नेतृत्व विकास पर गहन मंथन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज में वीरवार को आयोजित भविष्य के सशक्त नेतृत्व के निर्माण विषय पर प्रधानाचार्यो की कार्यशाला में वैश्विक शिक्षा का विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक विकास को लेकर गहन मंथन हुआ। विभिन्न प्रांतों से पहुंचे प्रधानाचार्यो में महत्वपूर्ण सुझाव व विचार व्यक्त किए।

विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यशाला के मुखय वक्ता प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में आधु. निक शिक्षा के जरिए नेतृत्व संवारने, सशक्त तथा समावेशी व प्रभावी बनाए जाने का दायित्व शिक्षकों की जिममेदारी है तभी बेहतर समाज की कल्पना को यथार्थ रूप दिया जा सकता हैं। आधुनिक शिक्षा विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा मनोविज्ञान और सामाजिक विज्ञान का वृहद स्वरूप है। शिक्षा जगत में भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता तथा कमांड एंड कंट्रोल, व्यावहारिक कौशल व समावेशिता का महत्व सर्वोपरि हो जाता है जिसे समझे बिना विकास की कल्पना अधूरी है। वर्तमान दौर अब वैश्विक हो चला है तो बेहतर नेतृत्व के लिए विद्यार्थियों को कौशल, बुद्धिमान व वैचारिक रूप से कुशल, रचनात्मक, राजनयिक चतुराई व संचार कौशल तथा मानव प्रबंधन, संगठित करना और प्रोत्साहित करने की क्षमता विक. सित करनी होगी।

बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही नेतृत्व की कुंजी है। कुशल नेतृत्व के अभाव में किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नहीं हैं। शिक्षकों को यह समझना होगा। लॉन्गव्यू सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी ने कहा कि इंटरनेट की राह में शिक्षकों की चुनौतियां भी बढ़ चली हैं। जिसका निदान के लिए सामूहिक प्रयास होने चाहिए। इस अवसर पर कार्यशाला के आयोजक सिल्वर जोन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर पंकज गेहलोत, आल सेंट्स कालेज प्रधानाचार्य अजीना रिचर्डस, प्रधानाचार्य रश्मि आनंद, अनुराग सिंह, अनुराग मथुर, सिस्टर लूर्ड, रोही. हत शर्मा, कैलाश देवी, सोहना, कल्पना राघव, योगेश कुमार, डा. रवि कुमार, भावना राणा, डा. देबारोटी बोस, संदीप चौहान, डा. मोनिका कपूर, एकता आर्य, भवना भनोत, गौरव पाठक, प्रवीण त्यागी, डा. निशि फोगट, वरुण मल्होत्रा व राहुल मल्होत्रा समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य मौजूद थे।

# नशे की रोकथाम और अमन व भाईचारे पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जामा मस्जिद नैनीताल में जमीयत उलेमा ए हिन्द हजरत मौलाना अरशद मदनी की एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सदर मौलाना मुकीम कासमी ने की। बैठक में समाज के बढ़ते नशे की प्रवृति पर गंभीर चिंता जताई गई और इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि नशा सिर्फ नौजवान पीढ़ी का भविष्य बर्बाद नहीं करता बल्कि पूरे समाज को कमजोर करता है। इस मौके पर तालीमए अमन और भाईचारे और नौजवानों की तरबियत (शिक्षा व मार्गदर्शन) को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। जमीयत उलेमा ए. हिन्द के राष्ट्रीय और सामाजिक भलाई के कार्यो को और मजबूती देने का भी संकल्प लिया गया। बैठक में यह तय किया गया कि मुस्लिम तालीमी और समाजी इदारों के बीच सहयोग को और मजबूत किया जाएगा ताकि समाज में शिक्षा और जागरूकता का प्रसार हो सके साथ ही गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने का ऐलान भी किया गया। बैठक के आखिर में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर मौलाना मोहममद कासिम, मुफ्ती अजमल, मुफ्ती फौजन, मौलाना आसिम, मुफ्ती लुकमान, मुफ्ती गुफरान तथा मल्लीताल मस्जिद के सदर शोएब अहमद व तल्लीताल मस्जिद के सदर मोहममद वसी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# 1880 के मृतकों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आज ही के दिन यानी 18 सितंबर 1880 में आलमा के पहाड़ी पर हुए भूस्खलन में मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। मृतकों की बरसी पर सेंट जोन्स चर्च में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर नगर के साथ विश्व शांति की कामना की गई। पादरी जॉन जॉर्ज मुनबर के नेतृत्व में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि 1880 की आपदा को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उस आपदा ने नैनीताल ही नहीं बल्कि समूचे पर्वतीय क्षेत्र के लोगों में दहशत पैदा कर दी थी। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मृतकों की आत्मा को शांति मिले और इस तरह की भयावह आपदा का कभी सामना नहीं करना पड़े। शेरवुड कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने कहा कि वर्तमान में बादल फटने और पहाड़ों के दरकने की घटनाएं हो रही हैं। इन घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभु से प्रार्थना करते हैं और जनमानस से पर्यावरण के प्रति सजग रहने की अपील की। कहा कि आपदाओं का कारण पर्यावरण का असंतुलन होना है। लिहाजा हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक होना चाहिए। तभी जलवायु परिवर्तन जैसी दुश्वारियों पर अंकुश लग सकेगा। इस अवसर पर विद्यालयों के छात्रों ने श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किए। श्रद्धांजलि सभा में आल सेंट्स कालेज की प्रधानाचार्य अजीना रिचर्डस, सेंट स्टीफन की प्रधानाचार्य वीना स्टीफन समेत सेंट मैरी की मंजूषा समेत छात्र व छात्राएं मौजूद थे।



# नैनीताल में अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर फिर उबाल



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में अंकिता भंडारी हत्याकांड की तीसरी बरसी पर वीरवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों व शहरवासियों ने रामलीला स्टेज मल्लीताल से लेकर तल्लीताल गांधी चौक तक जुलूस निकाला। इससे पूर्व मल्लीताल में कार्यक्रम की शुरुआत औरतें उठी नहीं तो जुल्म बढ़ता जाएगा... जनजीत से शुरुआत हुई जिसे सतीश धौलाखंडी व त्रिलोचन भट्ट ने गाया। वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह के शुरुआती संबोधन के बाद जुलूस के शक्ल में सभी लोग गांधी मूर्ति पर तल्लीताल डांठ की ओर चले। रास्ते में जनगीत और नारे लगते रहे और फिर वहां पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने अंकिता और अन्य पीड़ित महिलाओं के लिए न्याय की मांग की। कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने एकजुट होकर महिला हिंसा, प्रशासनिक लापरवाही और सत्ता व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई। कार्यक्रम का संचालन शीला रजवार ने किया। इस मौके पर सभा में मुकेश सेमवाल ने अंकिता के माता पिता की दयनीय स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि अंकिता की मां अस्पताल में भर्ती हैं जिस कारण पिता कार्यक्रम में नहीं आ सके। सेमवाल ने कहा कि प्रशासन ने कोर्ट आने जाने के लिए अंकिता के परिवार को कोई सुविधा नहीं दी पर लोग उसके साथ खड़े थे। होटल में कम करने वाले एक कुक ने अपराधी को राक्षस बताते हुए कठोर सजा की मांग की। सभा को कमला पंत ने महिला हिंसा को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा अंकिता के लिए न्याय की छोटी जीत एकजुटता के कारण संभव हुई लेकिन यह लड़ाई सभी पीडित महिलाओं के लिए जारी रहनी चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता करन मेहरा ने प्रशासन और शासन पर सबूत नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने मुख्यमंत्री और रीना बिष्ट से पूछताछ की मांग की तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपराधियों को राहत देने के आरोप लगाए। उन्होंने उत्राखंड के महिला हिंसा के मामले में पहले स्थान पर होने की चिंता जताई।

मुनीश कुमार ने अपने वक्तव्य में अंकि. कता हत्याकांड और नेपाल में हुए आंदोलन का जिक्र किया। केके बोरा (भाकपा माले) ने अपने संबोधन में दुनिया की आधी आबादी (महिलाओं) को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष की जरूरत पर जोर दिया जबकिधीरज ने सरकार पर अपरा. धियों को खुली छूट देने का आरोप लगाया, परिवर्तन पार्टी के पीसी तिवारी ने बार बार होने वाली घटनाओं को व्यवस्था की खामी बताया। हाइकोर्ट के वकील नवनीश नेगी ने अंकिता के परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति कमजोर होने का जिक्र के चलते सरकार पर केस दबाने का आरोप लगाया। सभा को तरुण जोशी, पूजा देवी, रजनी जोशी, खष्टी बिष्ट ने भी संबोधित किया। सभा के अंत में कैलाश जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष सरिता आर्या, पूर्व सांसद डा. महेंद्र पाल, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबडवाल समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आपसी समझौते के बाद दहेज उत्पीड़न का मामला हाईकोर्ट ने किया रद्द

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा से जुड़ा आपराधिक मामला आपसी समझौते के आधार पर समाप्त कर दिया है।

यह फैसला न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की एकल पीठ ने सुनाया। कोर्ट ने कहा कि पति-पत्नी के बीच तलाक हो चुका है और महिला ने दोबारा विवाह भी कर लिया है, ऐसे में मामले को जारी रखना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। मूल रूप से हल्द्वानी निवासी संजय सिंह भंडारी के खिलाफ उनकी पूर्व पत्नी कोमल नेगी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। संजय सिंह का कहना था कि पत्नी ने ससुराल लौटने से इनकार कर दिया था और जब उन्होंने वैवाहिक अधिकारों की पुन: स्थापना के लिए कोर्ट का रुख किया, तो जवाब में यह मामला दर्ज कराया गया। अब दोनों पक्षों में समझौता हो चुका है, गहने और नकद राशि भी लौटा दी गई है। कोर्ट ने यह भी माना कि संजय की बहन और वृद्ध मां को झूठे आरोपों में फंसाया गया था। सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों को खत्म करना न्यायहित में जरूरी है।

### सिख समुदाय के विवाहों का पंजीकरण अब अनिवार्य, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सुप्रीम कोर्ट ने सिख समुदाय के विवाहों को 'आनंद विवाह अधि. नियम 1909' के तहत पंजीकृत करना अनिवार्य करने का आदेश दिया है। यह निर्णय नैनीताल निवासी अमनजोत सिंह चड्ढा की जनहित याचिका पर सुनाया गया। कोर्ट ने कहा कि विवाह पंजीकरण केवल धार्मिक नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों की दृष्टि से बेहद जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार महीने के भीतर आवश्यक नियम और प्रक्रियाएं बनाने का निर्देश दिया है। यह फैसला उन सिख जोड़ों के लिए राहत लाएगा जिन्हें पासपोर्ट, वीजा और अन्य सरकारी कार्यों में विवाह प्रमाण की कमी से परेशानी होती थी। यह निर्णय धार्मिक और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# एयरपोर्ट अथॉरिटी के आदेश पर लगी रोक यथावत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने प्रदेश की राजधानी के जौली ग्रांट हवाई अड्डे पर फूड एवं वेवेरेज की दुकानों का लाइसेंस लगाने वाली कंपनी का टेंडर निरस्त करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आशीष नैथानी की खण्डपीठ ने मामले को विस्तृत सुनते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी के आदेश पर लगी रोक को आगे भी जारी रखते हुए अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। अब मामले की अंतिम सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। मामले के अनुसार मनीष टैकसी सर्विस ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि जौली ग्रांट एयरपोर्ट पर फूड व बेबरेज लगाने की करीब 12 दुकानें हैं जिनका संचालन करने के लिए उनके द्वारा निर्धारित शर्तों के मुताबिक 2023 में टेंडर डाला था। वह ठेका मानकों के आधार पर उन्हें 5 साल के लिए मिला लेकिन एयरपोर्ट अथॉरिटी के द्वारा इसी साल जून माह में उनका टेंडर यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि आपने शर्तो का उल्लंघन किया है। आपको हर महीने जो भुगतान करना था उसे आपने शर्तो के मुता. बिक नहीं किया। जबकि याचिका कर्ता का कहना था कि जो हर महीने भुगतान उनके द्वारा किया जाना था उसे एयरपोर्ट अथर्क्गरिटी के द्वारा बढ़ा चढ़ाकर नियमो के विरुद्ध जाकर उन्हें दे दिया जो कि टेंडर के नियमों के विपरीत था। समय पर उनके मुता. बिक भुगतान न होने के कारण उनका टैंडर इसी साल जून माह में एयरपोर्ट अथॉरिटी ने निरस्त कर दिया। जिसको उनके द्वारा उच्च न्यायलय में चुनोती दी गयी। जिसपर कोर्ट ने रोक लगा रखी है और कोर्ट ने आने वाली तिथि तक जारी रखी है।

# कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी पर रोक

## आनंद मेर पर आपदा प्रबंधन एक्ट में दर्ज हुआ है केस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने चंपावत जिले के बनबसा थाना क्षेत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत दर्ज मामले में कांग्रेस नेता आनन्द सिंह मेर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। उस पर बाढ़ की स्थिति के दौरान सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप है।

न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार याचिका में कहा कि बनबसा के भाजपा युवा मोर्चा के स्थानीय पदा. धिकारी ने थाना बनबसा में तहरीर दी जिसमें कहा था कि आनंद सिंह मेर नामक एक व्यक्ति जो फागपुर का निवासी है अपने फेसबुक अकाउंट और अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों से झूठी वीडियो, फोटो और सामग्री प्रसारित कर रहा है। शिकायत में कहा गया कि इन गतिविधियों से समाज में अशांति और भ्रम पैदा हो रहा है। यह भी आरोप था कि बनबसा व टनकपुर क्षेत्र में बाढ़ के कारण आपदा की स्थिति है और लोग भयभीत हैं।

ऐसे में यह व्यक्ति बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों को भड़काने का काम कर रहा था। यह भी आरोप लगाया कि उसने बिना किसी साक्ष्य के विभिन्न विभागों और प्रतिष्ठित सामा. जिक व्यक्तियों पर झूठे और निराधार आरोप लगाए जिससे सार्वजनिक छवि और लोक सेवकों के कार्यो पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। शिकायत के आधार पर बनबसा पुलिस ने 2 सितंबर 2025 को प्राथमिकी दर्ज की। यह मामला आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 45 और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 353(1), (बी) और 353 (2) के तहत दर्ज किया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से अपनी गिरफ्तारी से बचने और प्राथमिकी को रद्द कराने की मांग की गई थी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इस मामले में जांच जारी रहेगी लेकिन याचिकाकर्ता की गिरुतारी नहीं की जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता जांच अधिकारी के साथ पूरा सहयोग करना होगा और जब भी दस्तावेजों या बयान के लिए उसे बुलाया जाएगा उसे उपस्थित रहना होगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 अक्टूबर सोमवार की तिथि नियत करते हुए संबंधित पक्षों को तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

## 2013 के बाद इस वर्ष सर्वाधिक प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में रहा उत्तराखंड

# आपदा का कहर: इस वर्ष अब तक 61 की मौत, 84 लापता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड काफी लंबे समय से लगातार आसमानी आफत झेल रहा है। कभी बादल फटने की गड़गड़ाहट, कभी पहाड़ों का दरकना और कभी नदी-नाले का उफान... पहाड़ी जिलों से लेकर दून घाटी तक तबाही के निशान हर जगह दिखाई दे रहे हैं। गांव के गांव उजड़ गए, घरों की दीवारें ढह गईं और लोगों की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, 2025 में अब तक 61 लोगों की मौत हो चुकी है, 84 लोग लापता हैं और 94 घायल है। हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। आज उत्तराखंड के पहाड़ रो रहे हैं। हर गांव में उजड़े आंगन, हर घर में टूटी उम्मीदें और हर आंख में सवाल है, आखिर कब तक आसमानी आफत इस देवभूमि पर कहर ढाती रहेगी?

28 फरवरी को चमोली जिले के माणा गांव के पास सीमा सड़क संगठन का कैंप था। अचानक आया एवलांच सब कुछ निगल गया। बर्फ के नीचे से सैनिकों की लाशें निक.ाली गईं।

5 अगस्त की रात उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में बादल फटा। मिनटों में पानी और मलबे ने पूरे बाजार को बहा दिया। होटल, दुकानें और घर मलबे में समा गए। अगस्त के आखिरी हफ्ते में रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में बादल फटा। पहाड़ से गिरे मलबे ने खेतों को बर्बाद कर दिया। चार लोग मारे गए, कई लापता हो गए। 15 सितंबर के मध्य में देहरादून में तामसा नदी उफान पर आ गई। सहस्त्रधारा में बादल फटने से तबाही मच गई। कई गाव आपदा की चपेट में आ गये, एमडीडीए कॉलोनी से लेकर दर्जनों बस्तियों में घरों में पानी भर गया। इस आपदा में 23 लोगों की जान गई, कई अभी भी लापता है।

## लापता लोगों की खोज के लिए पूरी तत्परता से काम करें राहत व बचाव दल: सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन से गुरुवार देर रात चमोली जनपद में अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य संचालित करने, प्रभावितों को तत्काल मदद पहुंचाने तथा प्रभावित लोगों को असुरक्षित स्थानों से सुरक्षित स्थानों में पहुंचने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभिन्न घटनाओं में घायल हुए लोगों का बेहतर से बेहतर उपचार करने तथा लापता लोगों की खोज के लिए खोज एवं बचाव अभियान को तत्परता से संचालित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। राहत और बचाव दलों को प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन भाई बहनों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके रहने, भोजन के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द बिजली तथा पानी की आपूर्ति बहाल करने और क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।



### अतिवृष्टि के कारण आठ लोग लापता, 20 गौशालाओं को नुकसान: सुमन

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि बीती देर रात चमोली जनपद के तहसील नंदानगर के ग्राम कुन्तरी लगाफाली, ग्राम कुन्तरी लगा सरपाणी एवं ग्राम-धुर्मा में अतिवृष्टि के कारण भारी मलबा आने से नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर को को समय लगभग प्रात: 03:00 बजे तहसील नदांनगर अंतर्गत ग्राम-कुन्तारी लगाफाली में अतिवृष्टि के कारण 08 व्यक्तियों के लापता होने तथा मलबे में दबने एवं 15-20 भवन व गौशाला के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है।

**सरपाणी गांव मे अतिवृष्टि से दो व्यक्ति लापता:** घटना स्थल पर तुरन्त प्रभाव से एसडीआरएफ एनडीआरएफ एवं आई.टी.बी.पी. गौचर 8वीं वाहिनी की टीमों को बचाव कार्य के लिए भेजा गया है। भारी वर्षा एवं मार्गों में जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण रैस्क्यू टीमों को घटना स्थल पर पहुंचने में विलंब हो रहा है। एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ, की टीम पैदल मार्ग से मौके पर पहुंचने वाली है।

वहीं दूसरी घटना तहसील नदांनगर अंतर्गत कुन्तारी लगा सरपाणी गांव में घटी है। यहां अतिवृष्टि से 02 व्यक्तियों के लापता 02 भवनों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है।

**घटना की जानकारी मिलते ही बचाव दलों को मौके पर भेजा गया:** वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सुबह ही सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, जेसीईओ मो ओबेदुल्लाह अंसारी तथा यूएसडीएमए के विशेषज्ञ राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे। कंट्रोल रूम से राहत और बचाव दलों को तुरंत एक्टिवेट करते हुए घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से खोज एवं बचाव अभियान पर निगरानी रखी जा रही है।

### 100 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

घटना स्थल पर स्थानीय पुलिस, डीडीआरएफ, एवं राजस्व की टीम द्वारा खोज एवं बचाव का कार्य किया जा रहा है। लगभग 100 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। घटना स्थल पर तुरन्त प्रभाव से एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं आई.टी.बी.पी. गौचर 8वीं वाहिनी की टीमों को बचाव कार्य के लिए भेजा गया है। भारी वर्षा एवं मार्गों में जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण रैस्क्यू टीमों को घटना स्थल पर पहु.चने में विलंब हो रहा है। वहीं ग्राम-धुर्मा में अतिवृष्टि से मोक्ष नदी का जलस्तर बढ़ने से 02 व्यक्तियों के लापता होने तथा 8-10 भवनों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं आई.टी.बी.पी. गौचर 8वीं वाहिनी, राजस्व एवं डीडीआरएफ की टीमों को बचाव कार्य के लिए भेजा गया है। भारी वर्षा एवं मार्गों में जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण रैस्क्यू टीमों को घटनास्थल पर पहुंचने में विलंब हो रहा है। एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की टीम पैदल मार्ग से मौके पर पहुंचने वाली हैं।

### मलबे में दबे दो महिलाओं सहित तीन लोगों को बाहर निकाला

लबे में दबे 03 (02 महिलाओं एवं 01 बच्चे) को स्थानीय पुलिस, डीडीआरएफ एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा सुरक्षित रैस्क्यू कर लिया गया है। लगभग 150-200 ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। उपरोक्त घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नंदानगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

## टपकेश्वर मंदिर स्थित तमसा नदी पर बनेगा फोल्डिंग ब्रिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने दूसरे दिन भी देहरादून के भारी वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने से प्रभावित क्षेत्रों में हुए सड़कों, पुलों को हुए नुकसान और उसके बाद किये जा रहे मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।



महाराज ने गुरुवार को दूसरे दिन देहरादून के भारी वर्षा, भूस्खलन एवं बादल फटने से प्रभावित क्षेत्रों में हुए सड़कों, पुलों को हुए नुकसान और उसके बाद किये जा रहे मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 7, उत्तरांचल यूनिवर्सिटी, झाझरा सेतु के समीप और किमाड़ी-मसूरी रोड़ गजियावाला में क्षतिग्रस्त सिंचाई विभाग की नहर का स्थलीय निरीक्षण किया। महाराज ने नवरात्रि से पूर्व तमसा नदी के दोनों ओर स्थित मंदिरों में आवागमन के फोल्डिंग ब्रिज लगाने की संभावना के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त 8 सेतुओं में से 5 सेतुओं पर स्थाई रूप से कार्य करवा कर यातायात को चालू कर दिया गया है। देहरादून-मसूरी मोटर मार्ग में शिव मंदिर की पास क्षतिग्रस्त सेतु पर बैली ब्रिज बनाकर उसे यातायात हेतु खोल दिया गया है। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेश कुमार शर्मा सहित लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग के अनेक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## जार्ज एवरेस्ट: 30 हजार करोड़ की जमीन कौड़ियों में लुटाई: कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में आपदा राहत कार्यों में सरकार की नाकामी और मंसूरी स्थित जार्ज एवरेस्ट की ऐतिहासिक भूमि पर कथित घोटाले को लेकर गुरुवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अ.प्रा.) गुरमीत सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की सीबीआई जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की निगरानी में कराने की माँग की।



■ आपदा सहित हर मोर्चे पर सरकार नाकाम ■ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन ■ जनता बेहाल, सीबीआई से जांच कराने की उठाई मांग

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 172 एकड़ की बेशकीमती भूमि, जिसकी बाजार कीमत 30 हजार करोड़ रुपए आंकी जा रही है, मात्र 1 करोड़ रुपए वार्षिक किराए पर आचार्य बालकृष्ण की कम्पनी को सौंप दी गई। ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया के अंतिम समय पर नियम बदलकर कम्पनी को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। स्थानीय निवासियों के 200 साल पुराने रास्तों को बंद कर दिया गया है और पर्यटकों से मनमानी वसूली की जा रही है। बिना अनुमति के हेलिकॉप्टर संचालन भी जारी है। अब हरिद्वार के वैरागी कैम्प की भूमि भी इसी कम्पनी को देने की तैयारी है, जिस पर कांग्रेस ने गहरी आपत्ति जताई और टेंडर प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि क्या उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरें अब चंद माफियाओं और पूंजीपतियों के हवाले कर दी जाएंगी? प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने किया। उनके साथ सुरेंद्र अग्रवाल, लालचंद शर्मा, गोदावरी थापली, मनोज रावत, राज. कुमार, गरिमा मेहरा दसौनी, महेंद्र नेगी व सुशील राठी आदि मौजूद रहे।

### आपदा में लाचार जनता मूकदर्शक सरकार

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि हाल ही में आई आपदा ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। तीन दिन से कई क्षेत्रों में बिजली और पानी गायब है, राहत व पुनर्वास कार्य ठप है, जलजनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। सरकार की अनदेखी से आम जनजीवन त्रस्त है, और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

**कांग्रेस ने उठाई यह मांगे:** कांग्रेस ने कहा कि जार्ज एवरेस्ट की भूमि कम्पनी को देने का आदेश तुरंत निरस्त किया जाए। पूरे मामले की सीबीआई जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराई जाए। वैरागी कैम्प की भूमि की टेंडर प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए।

## कांग्रेस ने पुलवामा के शहीद सभी 40 जवानों की वीरांगनाओं को किया सम्मानित

### देहरादून में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने शहीद मोहन लाल रतूड़ी की धर्मपत्नी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/खटीमा।** पुलवामा आतंकवादी हमले में फरवरी वर्ष 2019 में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ के चालीस जवानों की वीरांगनाओं (धर्मपत्नियों) को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने सम्मानित किया व प्रत्येक परिवार को एक एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।



उत्तराखंड के दो बहादुर जवान मोहन लाल रतूड़ी और खटीमा के वीरेंद्र सिंह राणा इस हमले में शहीद हुए थे। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना प्रात: शहीद मोहन लाल रतूड़ी के कारगी चौक निवास पहुंचे और शहीद की पत्नी सरिता, सुपुत्र राम व बिटिया गंगा से मिले व उनकी कुशलक्षेम जानने के बाद धस्माना ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी का संदेश परिवार को दिया। धस्माना ने शहीद मोहन लाल रतूड़ी के परिजनों से कहा कि उनके पति ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है और अब उनके परिजनों की देखभाल की जिम्मेदारी देश की है और इसीलिए कांग्रेस हमेशा उनकी सेवा के लिए तैयार है। धस्माना ने रतूड़ी को शाल पहना कर सम्मानित किया व उनको एआईसीसी द्वारा भेजा गया एक लाख रुपए का चौक भेंट किया।

प्रदेश के पूर्व सैनिक विभाग अध्यक्ष कर्नल राम रतन नेगी और प्रदेश पूर्व सैनिक विभाग उपाध्यक्ष सूबे गोपाल सिंह गड़िया, उत्तराखंड प्रदेश के जिला उद्यम सिंह नगर के ब्लॉक खटीमा में ग्राम पंचायत गुड़िया निवासी सी आर पी एफ के शहीद कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह राणा की पत्नी रेणु राणा को 1 लाख का चेक अर्पित करने हेतु खटीमा पहुंचे। कांग्रेस के इन पदाधिकारियों द्वारा स्थानीय ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद चक्रधर,सूबे कुंवर सिंह खनका,पी सी सी उमेश राठौर जिला महिला अध्यक्ष और भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेस पदाधिरियों के सम्मुख वीरांगना को चेक सम्मान स्वरुप प्रदान किया।

## मुख्यमंत्री धामी ने टपकेश्वर महादेव मंदिर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टपकेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में अतिवृष्टि से प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया। अतिवृष्टि के कारण मंदिर के अंदर जलभराव के साथ ही मलबा आ गया था, मलबा हटाने का कार्य अब पूर्ण हो चुका है।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर के पुजारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने टपकेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर प्रदेश एवं प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## नन्हीं परी मामले में पुनर्विचार याचिका दायर करेगी सरकार: सीएम

### मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में फिर मजबूत पैरवी के लिए दिए निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** वर्ष 2014 में काठगोदाम में मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी सात वर्षीय बच्ची नन्ही परी के साथ हुई दरिंदगी के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।



इस मामले में आरोपित को सुप्रीम कोर्ट से दोषमुक्त किए जाने का संज्ञान लेते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों को सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस मामले में आरोपित को लोअर कोर्ट और हाईकोर्ट से सजा हो चुकी थी, लेकिन अब किन्हीं कारण से सुप्रीम कोर्ट से आरोपित बरी हो चुका है। इसलिए न्याय विभाग को इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुनर्विचार याचिका दाखिल करते हुए, मजबूत पैरवी के साथ सजा सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस केस को मजबूती से लड़ेगी, इसमें अच्छी से अच्छी लीगल टीम को लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि में इस तरह के कुकृत्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। न्याय की इस लड़ाई में सरकार पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए सरकार लगातार प्रदेश में सत्यापन अभियान चला रही है। सरकार देवभूमि की अस्मिता पर कोई चोट नहीं पहुंचने देगी।

## जीएसटी सुधार, आम आदमी की आर्थिकी में बड़ी वृद्धि लेकर आएंगे : प्रत्यूष

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों की घोषणा को पीएम मोदी का देशवासियों के लिए ऐतिहासिक दिवाली गिफ्ट बताया है।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रत्यूष कांत ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए देश करवट ले रहा है, ऐसे में केंद्र का ये कदम आम आदमी की आर्थिकी में बड़ी वृद्धि करने वाला साबित होगा। 22 सितंबर से आम आदमी को दैनिक जरूरत के सामान पहले से कम कीमत मिलेंगे। वहीं विपक्ष को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि पहले दर्जनों तरह के वेट के जाल में देश उलझा था, आज एक देश एक टैक्स से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। पार्टी मुख्यालय में जीएसटी सुधारों को लेकर राष्ट्रव्यापी जनजागरण के क्रम में गुरुवार को प्रत्यूष कांत ने पत्रकार वार्ता को संबंधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक एवं कल्याणकारी सुविधाओं के मोर्चे पर हाल में दी गई राहत का जिक्र करते हुए कहा, 12. 75 लाख तक की आय टैक्स फ्री की गई इन्फ्लेशन की दर 4 फीसदी से नीचे है, पीएम आवास योजना में 3.78 करोड़ शहरी क्षेत्र में और 1.17 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के लिए घर बनाए गए, 12 करोड़ से अधिक शौचालय, 9.5 करोड़ फ्री एलपीजी कनेक्शन, 17 करोड़ घरों में नल से जल, 41 करोड़ आयुष्मान कार्ड, 3.90 लाख करोड़ रुपए की किसान सम्मान निधि। उन्होंने कहा, मोदी सरकार का यह निर्णय नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म है, जिसका लाभ किसानों से उद्योगों तक, घरबार से व्यापार तक हर आमोखास व्यक्ति के जीवन में खुशियां लेकर आएगा।

यह कदम ऐतिहासिक इस मायने में भी है कि विगत 11 वर्षों में एक राष्ट्र एक टैक्स की नीति से देश ने आर्थिक सुधारों और समृद्धि के कई आयामों को छुआ है। आज 2 लाख करोड़ से अधिक का जीएसटी राजस्व देश को प्राप्त हो रहा है। हमारी सरकार इसका वास्तविक लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती है, इसीलिए टैक्स दरों को कई अहम क्षेत्रों में शून्य किया गया और अधिकांश में 10 से 20 फीसदी तक की कमी की गई है।

Universal Sompo General Insurance
Universal Sompo General Insurance Co Ltd
PUBLIC NOTICE
RELOCATION BRANCH OFFICE
All our Customers, Constituents and Members of Public are here by informed that our Branch office located at Hall No 7, First Floor, Durga City Centre (New Complex) Nainital Road, Bhotia Parao, Haldwani - 263139, Uttarakhand India will be relocated and would remain operational from 1st floor, Rajlaxmi Palace, Khasara no. 607, Rampur Road, Mangal Parow Tehsil-Haldwani, District-Nainital, Uttarakhand, India- 263139 India w.e.f Saturday, December 06 - 2025. Additionally, for any queries, feel free to contact us at our toll-free number 1800 22 4030 / 1800 200 4030/1800 200 5142 or write tous on contactus@universalsompocom. We shall be most pleased to service you at all time.
Head Administration

उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड चम्पावत
फोन/फैक्स न0:--05965-230572
E-Mail ID: eddept@yahoo.com
पत्रांक-2065/वि0वि0ख0(च0) दिनांक:18.09.2025
निविदा सूचना
अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा विद्युत निरीक्षक उत्तराखण्ड शासन हल्द्वानी से पंजीकृत/अनुभवी/प्रतिष्ठित ठेकेदारों से जो उत्तराखण्ड विद्युत सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत के साथ-साथ जीएसटी, ईपीएफ विभाग तथा आयकर में पंजीकृत हों निम्न विवरणानुसार कार्य संपादन हेतु पृथक-पृथक मुहर बंद निविदा दो भागों में प्रथम भाग में धरोहर धनराशि जो अधोहस्ताक्षरी के नाम बंधक हो (जो कि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं बैंक सावधी जमा पत्र में स्वीकार की जायेगी तथा यह निविदा प्रकाशित होने की पूर्व की ना हो) विद्युत निरीक्षक उत्तराखण्ड शासन पंजीकृत प्रमाण पत्र, जीएसटी आयकर व ईपीएफ पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं द्वितीय भाग में कार्य की दरे होगी निविदा हटाए प्रथम भाग में वांछित प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में निविदा द्वितीय भाग नहीं खोला जायेगा। दरों की वैधता के लिये रु0 100.00 का नान ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर में प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा एवं दिनांक 03.10.2025 के अपराहन 16:00 बजे तक निविदा फॉर्म बिक्री किये जायेगे तथा दिनांक 04.10.2025 के अपराह्न 15:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी कार्य दिवस में सायं 16:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा के सम्मुख अंकित निविदा मूल्य के बैंक ड्राफ्ट के भुगतान पर निविदा खुलने से एक दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में खरीदी जा सकती है। यदि निविदा खुलने की तिथि पर कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जायें तो निविदा अगले कार्य दिवस में यथावत खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी एक अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
निविदा खुलने की तिथि: 04-10-2025
1. निविदा संख्या ई0डी0डी0सी0 69/2025-26 विद्युत वितरण खण्ड चम्पावत के अधीन उपखण्ड लोहाघाट के 33/11 के0वी0 उपसंस्थान लोहाघाट के अन्तर्गत 12 वोल्ट बैटरी की आपूर्ति से सम्बन्धित कार्य। धरोहर राशि:- 7,100.00 निविदा मूल्य रुपया 250=00+45.00 (जीएसटी सहित) = रुपया 295.00 मात्र।
2. निविदा संख्या ई0डी0डी0सी0 70/2025-26 विद्युत वितरण खण्ड चम्पावत के अधीन उपखण्ड चम्पावत के 33/11 के0वी0 उपसंस्थान चम्पावत के अन्तर्गत 12 वोल्ट बैटरी की आपूर्ति से सम्बन्धित कार्य। धरोहर राशि:- 7,100.00 निविदा मूल्य रुपया 250=00 +45.00 (जीएसटी सहित) = रुपया 295.00 मात्र।
''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''
अधिशासी अभियन्ता

# 21 को फिर भिड़ेंगे भारत-पाक

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितम्बर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था। वहीं, ग्रुप-बी में आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के लिए करो या मरो का मैच है। प

ाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है। टूर्नामेंट से पहले ही एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने सुपर-4 स्टेज का शेडयूल भी बना लिया था। इसमें ग्रुप-ए से क्वालिफाई करने वालीं 2 टीमों को ।1 और ।2 नाम दिया गया। वहीं ग्रुप-बी से क्वालिफाई करने वालीं टीमों को बी1 और बी2 नाम दिया गया। शेडयूल के मुता. बिक, ।1 और ।2 के बीच 21 सितम्बर को दुबई में मैच खेला जाना है। इस तरह ग्रुप-ए की टीमें भारत और पाकिस्तान रविवार को एक बार फिर महामुकाबले में एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मैच टीम इंडिया ने आसानी से 7




- **एशिया कप में सुपर-4 की दो टीमें फाइनल, पाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में बनाई जगह**

विकेट से जीत लिया था। मैच के बाद और टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। जिसके बाद सलमान आगा ने मैच के बाद इंटरव्यू देने से मना कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाथ नहीं मिलाने के मामले को खेल भावना के खिलाफ बताया। बोर्ड ने आईसीसी से मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को हटाने की मांग भी की, लेकिन आईसीसी ने इसे ठुकरा दिया। पूरे विवाद के बाद अब पाकिस्तान टीम फिर एक बार इसी टूर्नामेंट में भारत का सामना करेगी। भारत और पाकिस्तान के सुपर-4 में पहुंचने के साथ ग्रुप-ए की बाकी 2 टीमें ओमान और यूएई टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। यूएई 3 में से 1 मैच ही जीत पाई। वहीं ओमान को 2 मुकाबलों में हार मिली, अब टीम का आखिरी मैच 19 सितम्बर को भारत के खिलाफ होगा। ग्रुप-बी का आखिरी मैच आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा।

इस ग्रुप से श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश अभी होड़ में है। अगर श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हरा दिया, श्रीलंका और बांग्लादेश क्वालिफाई कर जाएंगे। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान तीनों के 4-4 पाइंट्स हो जाएंगे। अफगानिस्तान सबसे बेहतर नेट रन रेट के साथ क्वालिफाई कर जाएगा। श्रीलंका और बांग्लादेश में बेहतर रन रेट वाली टीम अगले राउंड में एंट्री कर लेगी। बांग्लादेश को क्वालिफाई करना है तो श्रीलंका को 70 रन या उससे ज्यादा के अंतर से हारना होगा। अगर श्रीलंका की पहले बैटिंग आ गई तो टीम के 50 बाल या उससे ज्यादा के अंतर से हारने पर ही बांग्लादेश क्वालिफाई कर पाएगी।



● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

## 40 सेमी. से मेडल से चूके सचिन

- **86.27 मी. के साथ चौथे नंबर पर, नीरज चोपड़ा आठवें स्थान से बाहर, केशार्न वाल्काट ने बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड जीता**

**टोक्यो, वार्ता।** टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल नहीं जीत सके। भारत के एक अन्य थ्रोअर सचिन यादव ने करियर बेस्ट (86.27 मीटर) प्रदर्शन किया, लेकिन वे चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। सचिन महज 40 सेंटीमीटर के फासले से ब्रॉन्ज चूक गए। ब्रॉन्ज जीतने वाले खिलाड़ी ने 86.67 मीटर का थ्रो किया। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशार्न वाल्काट ने 88.16 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) ने सिल्वर और अमेरिका के कर्टिस थाम्पसन (86.67 मीटर) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। डिफेंडिंग चैंपियन नीरज पांच प्रयास में 84.03 मीटर का बेस्ट थ्रो ही निकाल सके। वे आठवें नंबर पर रहते हुए बाहर हुए। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम चार अटैम्प्ट में 82.75 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ 10वें नंबर पर रहे। नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 84.03 मीटर का रहा। उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा और वे मेडल की रेस से बाहर हो गए। दीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का थ्रो किया था। नदीम का दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए। इन दोनों से आगे सचिन यादव रहे। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। उन्होंने पां. चवें प्रयास में 85.96 और छठे प्रयास में 80.95 का स्कोर निकाला। इस तरह वे 86.27 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ चौथे नंबर पर रहे। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशार्न वाल्काट अपने चौथे प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ टॉप पर चल रहे हैं। तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हो चुके हैं। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए। पांचवें थ्रो के बाद सातवें और आठवें नंबर पर रहने वाला थ्रोअर बाहर हुआ। चौथे राउंड के बाद पाक के अरशद नदीम मेडल की रेस से बाहर हो गए है।

**खेल विशेष**

## भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे, पूरे देश में जश्न की तैयारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में सात नवंबर को विशेष समारोहों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए उलटी गिनती शुरु हो गई है। 1925 में पहली राष्ट्रीय खेल संस्था का गठन हुआ था। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित समारोह के तहत देश के हर जिले में एक पुरुष और एक महिला मैच खेला जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी समारोह में 36 हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है, और इस पहल का उद्देश्य देश के हर कोने से खिलाड़ियों को एक साथ लाना है। हॉकी के योगदान के महत्व पर हॉकी सबसे बुजुर्ग जीवित दिग्गज गुरबक्स सिंह ने 1964 के टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा, ष्भारत में आयोजित पहला हॉकी टूर्नामेंट 1895 में बेयटन कप था। राष्ट्रीय हॉकी संड्डा का गठन 1925 में हुआ और भारत ने इसके गठन के केवल तीन साल बाद 1928 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। उसके बाद भारत ने 1932 और 1936 में स्वर्ण पदक जीते और अगर द्वितीय विश्व युद्ध न होता, तो 1940 और 1944 में भी ये खेल आयोजित होते, तो हम दो और स्वर्ण पदक जीत सकते थे। वह ध्यानचंद का युग था और हमने पूरी दुनिया पर अपना दबदबा कायम कर लिया था। गुरबक्स ने बताया कि ब्रिटेन ने 'भारत से हारने' के डर से 1948 तक हॉकी टीम नहीं उतारी थी। हॉकी ने न केवल भारत के खेल इतिहास में, बल्कि राष्ट्रवाद में भी योगदान दिया है। टीम का प्रदर्शन एक राष्ट्र के रूप में एकता की भावना लाने के लिए महत्वपूर्ण था। अंग्रेजों ने 1948 में ही हॉकी टीम उतारी थी क्योंकि उन्हें भारत से हारने का डर था, जब वे हम पर शासन करते थे। और आजादी मिलने के बाद उन्हें उन्हीं के ड्डार में हराना भारतीय इतिहास के सबसे महान क्षणों में से एक था।

## एशिया कप के ड्रामे के बीच, एसीसी ने अधूरी वार्षिक आम बैठक फिर से बुलाई

**एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए**

**दुबई, वार्ता।** पिछले कुछ दिनों में दुबई और लाहौर में मैदान के अंदर और बाहर खेला गया एशिया कप का नाटकीय ड्डाटनाक्रम अब इस महीने के अंत में एसीसी की बैठक के दौरान बोर्डरूम में स्थानांतरित हो सकता है।

एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम), जिसे कुछ महीने पहले ढाका में अचानक स्थगित कर दिया गया था, अब 30 सितम्बर को दुबई में पुनर्निर्धारित की गई है। एशिया कप फाइनल के दो दिन बाद होने वाली इस बैठक में, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मो. हसिन नकवी करेंगे, जोरदार हंगामा होने की उम्मीद है - मौजूदा चैंपियनशिप से जुड़े मुद्दों और ढाका में 24 जुलाई को होने वाली बैठक में अधूरे रह गए कार्यों को लेकर। एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए हैं। हाथ मिलाने का विवाद, मैच रेफरी विवाद और पाकिस्तान के हटने की धमकी-जिन पर विचार-विमर्श किया जाना है। एक और विवाद भी छिड़ सकता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि एशिया कप कौन जीतता है, ट्रॉफी कौन प्रदान करता है, और समारोह का आयोजन कैसे होता है। बीसीसीआई से कौन भाग लेगा, यह भी एक कारक हो सकता है। महिला वनडे विश्व कप उसी दिन गुवाहाटी में शुरू हो रहा है, और बीसीसीआई सदस्यों के उद्ड्डाटन समारोह में व्यस्त रहने की उम्मीद है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि एसीसी बैठक में बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसे नामित किया जाता है। यह निर्णय दो दिन पहले, 28 सितम्बर को मुंबई में बीसीसीआई की अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लिया जाएगा। वर्तमान में, राजीव शुक्ला और आशीष शेलार एसीसी में बीसीसीआई के नामित प्रतिनिधि हैं। दोनों ने ढाका बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया था। 30 सितम्बर के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण विषय एसीसी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। बीसीसीआई द्वारा इस प्रक्रिया का विरोध करने के बाद ढाका में यह मामला अनसुलझा रह गया था।

## वेस्टइंडीज ने नेपाल दौरे के लिए टीम की घोषणा की

**इस सीरीज के दौरान कैरिबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया**

**एंटीगा, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने इस महीने शारजाह में नेपाल के साथ होने वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की ड्डाोषणा कर दी है।

इस श्रृंखला के दौरान कैरेबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। इनमे कप्तान शाई होप, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ व बल्लेबाज जॉनसन शामिल है। इस श्रृंखला में स्पिनर अकील कप्तान के रूप में टीम की अगुवाई करेंगे, जबकि नियमित खिलाड़ी फैबियन एलन, होल्डर और मेयर्स 27 सितम्बर से शुरू होने वाले तीन मैचों के दौरान टीम का समर्थन करेंगे। इस श्रृंखला के दौरान पांच खिलाड़ी बल्लेबाज अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, स्पिनर जिशान मोटारा, तेज गेंदबाज रेमन सिमंड्स और विकेटकीपर आमिर जंगू अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की कतार में हैं। वेस्टइंडीज क्रिकेट के निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने टीम के चयन को लेकर कहा कि यह श्रृंखला टीम को अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले प्रभावित करने के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के खिलाफ यह श्रृंखला विंडीज क्रिकेट के क्षितिज को व्यापक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## सिंधु, सात्विक व चिराग क्वार्टरफाइनल में




**शेनझेन, वार्ता।** दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी की भारतीय जोड्डी ने ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

भारतीय जोड़ी ने गुरूवार को केवल 33 मिनट में सीधे गेमों में चीनी ताइपे के चियु सियांग चीह और को 21-13, 21-12 से परा. जित किया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा। पीवी सिंधु ने राउंड ऑफ 16 में वर्ल्ड नंबर 6 थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय स्टार ने शेनझेन एरिना, शेनझेन में 41 मिनट में 21-15, 21-15 से सीधे गेमों में जीत दर्ज की।

## अल जवरा से 2-0 से हारी गोवा एफसी

- **पीजेएन स्टेडियम में हुए इस मनोरंजक मुकाबले में गोलकीपरों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एफसी गोवा ने गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः इराक की अल जवरा एससी से 0-2 से हार गई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंड्डा (एआईएफएफ) ने एक बयान में कहा, एफसी गोवा ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंततः बुधवार, 17 सितम्बर, 2025 को गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में इराक की अल जवरा एससी के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

पीजेएन स्टेडियम में हुए इस मनोरंजक मुकाबले में गोलकीपरों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंत में रेजिक बनिहानी और निज़ार अलराशदान के गोलों की बदौलत अल जवरा ने गोल कर अंक हासिल किए। मैच पर प्रकाश डालते हुए, एआईएफएफ ने कहा कि शुरुआत में



एकाग्रता में चूक एफसी गोवा को भारी पड़ गई क्योंकि महदी हुमैदान ने एक बैक पास को रोक लिया और बॉक्स में पहुंचकर मोहम्मद कासिम को क्रॉस दिया, जिसका ज़ोरदार प्रयास बार से टकरा गया।

मेजबान टीम ने आठवें मिनट में पहला मौका बनाया, देजान ड्राज़्कि को बाईं ओर से एक सटीक क्रॉस देने का मौका मिला, जिस पर जेवियर सिवेरियो ने अपना हेडर लगाया, लेकिन गेंद ऊपर से निकल गई। इसके बाद, पहले हाफ के अंतिम मिनटों तक मैच में गति. रोध बना रहा जब हसन अब्दुलकरीम के फ्री-किक पर निज़ार अलराशदान के शानदार हेडर पर एफसी गोवा के गोलकीपर ऋतिक तिवारी ने अपनी दाईं ओर एक शानदार बचाव किया। एआईएफएफ के अनुसार कि 44वें मिनट में अल जवरा को कोई मौका नहीं मिला। अब्दुलकरीम ने बॉक्स में कदीम राद को पास दिया और राद ने गेंद को बनिहानी की ओर बढ़ाया, जिनके प्रयास ने निम दोर्जी तमांग से डबल डिफ्लेक्शन लिया और जॉर्डन के स्ट्राइकर से टकराकर नेट में समा गया। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनट में ही इराकी टीम अपनी बढ़त दोगुनी करने से कुछ ही इंच दूर थी कि बनिहानी ने बाएं फ्लैंक से बॉक्स में ड्राइव किया।

## स्पेन 2014 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची

**नई दिल्ली, वार्ता।** जून और जुलाई में पहले फीफा क्लब विश्व कप की शानदार सफलता के बाद एक अंतराल के बाद, पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता इस महीने की शुरुआत में अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में फीफा विश्व कप 26 क्वालीफायर की एक श्रृंखला के रूप में वैश्विक मंच पर धमाकेदार वापसी कर रही है। फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग के अंतिम बार अपडेट होने के बाद से, दुनिया भर में 200 से ज्यादा प्रासंगिक राष्ट्रीय टीमों के मैच खेले जा चुके हैं, जिनका रैंकिंग पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।

सबसे बड़ा बदलाव शीर्ष पर हुआ है, जहां यूईएफए यूरो 2024 विजेता स्पेन एक स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, यह एक ऐसा स्थान है जो उन्होंने जून 2014 के बाद से पुरुष वर्ग में हासिल नहीं किया था।

## मिलानो कॉर्टिना 2026 के लिए 85 प्रतिशत स्टेडियम तैयार: आईओसी

- **शीतकालीन ओलंपिक 6 से 22 फरवरी 2026 तक होंगे इसके बाद 6 से 15 मार्च तक पैरालंपिक का आयोजन होगा**

**जिनेवा, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति समन्वय आयोग ने कहा कि मिलानो कॉर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए 85 प्रतिशत आयोजन स्थल तैयार हैं।

मिलान, कॉर्टिना, वाल्टेलिना, फिएमे घाटियों और वेरोना में शीतकालीन ओलंपिक छह से 22 फरवरी 2026 तक होंगे, इसके बाद छह से 15 मार्च तक पैरालिंपिक का आयोजन होगा। समन्वय आयोग की अध्यक्ष क्लोस्टर ने बुधवार को आयोग के छठे और अंतिम दौरे के बाद मिलान में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लगभग 85 प्रतिशत आयोजन स्थल पहले से ही मौजूद हैं। अगर हम आंकड़ों पर सटीक नजर डालें, तो ये खेल भी प्रभाव डाल रहे हैं। उत्साह बढ़ रहा है और अब तक के काम पर हमें गर्व है। कॉर्टिना में स्लाइडिंग सेंटर उम्मीदों से बढ़कर है। मिलान ओलंपिक विलेज पूरी तरह से तैयार है और आठ लाख से अधिक टिकटों की बिक्री राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर उत्सुकता को दर्शाती है। क्लोस्टर ने कहा कि अगले महीने का ध्यान जागरूकता बढ़ाने, प्रशंसकों को जोड़ने और खेलों से पहले होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों और उपलब्धियों को बढ़ावा देने पर होगा। हम अब परिचालन तैयारी के एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें खेलों के दौरान सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण कार्यक्रम और सिमुलेशन कार्यक्रम निर्धारित हैं।

## भारत आखिरी ग्रुप मैच में ओमान से भिड़ेगा

- **गत चैंपियन टीम ने ग्रुप चरण में मानसून की तरह तूफानी प्रदर्शन किया है, जिसमें यूएई और पाकिस्तान को धूल चटाई**

**अबु धाबी, वार्ता।** भारत शुक्रवार को शेख जायद स्टेडियम में एशिया कप टी-20 के ग्रुप-ए के आखिरी मुकाबले में ओमान से भिड़ेगा, जो शाम के अंधेरे में मंडराता हुआ बाड्डा है। सुपर 4 का टिकट पहले ही उनकी जेब में है। गत चैंपियन टीम ने ग्रुप चरण में मानसून की तरह तूफानी प्रदर्शन किया है - पहले यूएई को रनों से भिगोया, फिर सात विकेट शेष रहते पाकिस्तान को धूल चटाई। अब वे तीन में से तीन जीत के कगार पर हैं और आगे की कड़ी टक्कर से पहले अपने पंजे तेज करने को बेताब हैं। शीर्ष क्रम में, युवा अभिषेक शर्मा एक धधकते धूमकेतु की तरह बल्लेबाजी कर रहे हैं, जिससे पावरप्ले में भारत को रॉकेट जैसा ईंधन मिल रहा है। शुभमन गिल की विलो ने जहाज को स्थिर पतवार की तरह चलाया है, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने बीच के ओवरों में त्योहार की रोशनी जैसे चमकदार स्ट्रोक लगाए हैं। उनके पीछे संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल हैं - बेंच इतनी गहरी है कि अरब सागर को छू सकती है। गेंदबाजी में, कुलदीप यादव ने छल के जाल बिछाए हैं, वरुण चक्रवर्ती ने किसी जादूगर की तरह गेंदबाजी की है, और जसप्रीत बुमराह भारत के शस्त्रागार में वज्रपात की तरह हैं। दो भारी हार के बाद पहले ही बाहर हो चुका ओमान, उम्मीदों से भरे दिल के साथ एक कमजोर टीम के रूप में उतरेगा। कप्तान जतिंदर सिंह, अगर अपनी लय फिर से हासिल कर लेते हैं, तो जोश भर सकते हैं, जबकि आमिर कलीम और शाह फैसल को अपनी टीम को बचाए रखने के लिए अपनी क्षमता से ज्यादा प्रदर्शन करना होगा। शेख जायद की पिच बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होने का वादा करती है - शुरुआत में स्ट्रोक बनाने वालों के लिए अच्छी, और जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा, स्पिनरों के लिए टर्न का इंतजार रहेगा। मौसम गर्म और उमस भरा होगा, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं होने के कारण, अबु धाबी की रोशनी में क्रिकेट का बोलबा. ला रहेगा। अगर भारत पहले बल्लेबाजी करता है, तो उसका लक्ष्य 190-200 के बीच का विशाल स्कोर खड़ा करना होगा। ओमान अगर 150 रन का लक्ष्य रखता है, तो वह उसे एक बड़ा खजाना मानेगा। टॉस के लिहाज से, भारत की लक्ष्य का पीछा करने की प्रवृत्ति उन्हें पहले गें. दबाजी करने के लिए प्रेरित कर सकती है, जबकि ओमान बल्लेबाजी करके रन बनाना पसंद कर सकता है।

**एकादश:** भारत - अभिषेक, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

ओमान - आमिर कलीम, जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्ज़ा, विनायक शुक्ला (विकेट कीपर), वसीम अली, हसनैन शाह, शाह फैसल, जितेन रामानंदी, आर्यन बिष्ट, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

अपनी फॉर्म, आक्रामकता और चतुराई के साथ, भारत इस मुकाबले को एक रोमांचक मुक. ाबले में बदलने के लिए तैयार है। ओमान के लिए चुनौती बड़ी है, लेकिन जैसा कि सिद्धू खुद कह सकते हैं कि क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है।

## सुरजीत हॉकी आकादमी में खेल जगत के दिग्गजों ने खिलाड़ियों को हॉकी के गुर सिखाए

- **सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत अनुशासन और खेल के प्रति जुनून बेहद जरूरी है: लखविंदर सिंह**

**जालंधर, वार्ता।** राउंड ग्लास हॉकी अकादमी के तकनीकी प्रमुख ओलंपियन रा. जंदर सिंह (वरिष्ठ), सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर की कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा और पंजाब हॉकी के महासचिव श्री अमरीक सिंह पवार ने गुरुवार संयुक्त रूप से सुरजीत हॉकी अकादमी का दौरा किया और वहां प्रशिक्षण ले रहे युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्हें खेल की बारीकियां समझाईं, अपने अनुभव साझा किये और हॉकी के खेल से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इस अवसर पर ओलंपियन राजिंदर सिंह (वरिष्ठ) ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे पासिंग, ड्रिब्लिंग, डिफेंस और गोल-शूटिंग के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिये। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति जुनून बेहद ज़रूरी है। सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अकादमी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को हॉकी की कला सिखाना और देश के लिए अच्छे खिलाड़ी तैयार करना है। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे जोश के साथ कड़ी मेहनत करके देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। हॉकी पंजाब के महासचिव अमरीक सिंह पवार ने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए हॉकी प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क के महत्व पर ज़ोर दिया। इस दौरान अकादमी के कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन समिति भी मौजूद थी।

# चुनाव आयोग पर निशाना

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर चुनाव आयोग पर यह कहकर निशाना साधा है कि देश में वोट चोरी की जा रही है और सोची हुई रणनीति के तहत व्यवस्थित तरीके से विपक्षी दलों के मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार यह काम करने वालों को बचा रहे हैं।

एक तरह से वह कह रहे हैं कि ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और उनके खिलाफ की जा रही जांच में कोई मदद नहीं कर रहे हैं। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने इस संबंध में कई उदाहरण भी दिए। इसमें कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां 6018 मतदाताओं के नाम काटे गए, जिसके उनके पास सबूत हैं। उनका कहना था कि यह काम किसी एक स्थान पर नहीं बल्कि कई जगहों पर किया गया। उनका कहना था कि महाराष्ट्र के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में भी इसी तरीके से हुआ, वहां 6850 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। उनके अनुसार उप्र, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों में इसी तरीके से वोट चोरी का काम किया गया। राहुल गांधी ने सीधे कहा कि वह जानना चाहते हैं कि वोट चोरी का मास्टरमाइंड कौन है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास सबूत हैं कि मतदाताओं के नाम हटाने के लिए सॉफ्टवेयर व कॉल सेंटर का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने इस बात का भी दावा किया कि वोट चोरी का मास्टरमाइंड कौन है यह भी पता चल जाएगा। राहुल गांधी ने दृढ़ता के साथ कहा कि वह जो भी बोल रहे हैं सबूतों के साथ बोल रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कर्नाटक सीआईडी ने मामला दर्ज कराया और आयोग को 18 पत्र लिखकर यह बताने को कहा कि उसे गंतव्य यानि डेस्टिनेशन आईपी, डिवाइस, गंतव्य पोर्ट, फोन नंबर व उनके मालिकों के नाम बताए जाएं, वह कहते हैं कि फरवरी 2023 में प्राथमिकी दर्ज होती है और मार्च में कर्नाटक सीआईडी चुनाव आयोग से ब्यौरा मांगती है। अगस्त 2023 में उसको आधी जानकारी दी जाती है जिससे जांच पूरी न हो सके। उन्होंने तो यह दावा भी किया कि मार्च 2025 में कर्नाटक के चुनाव अधिकारी ने भी चुनाव आयोग से विवरण मांगा और आखिरी पत्र सितंबर में भेजा गया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिना सहमति के मतदाताओं के नाम सूचियों से हटाने के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि किसी भी मतदाता का नाम सूची से किसी भी सदस्य द्वारा ऑनलाइन नहीं हटाया जाता। यह देखना बेहद दिलचस्प है कि एक तरफ चुनाव आयोग पूरे देश में एसआईआर को लेकर गंभीर दिखाई दे रहा है, इसको लेकर वह सुप्रीम कोर्ट से भी टकराने के लिए तैयार दिखाई देता है, तो वहीं दूसरी तरफ वोटर लिस्टर को लेकर जो गंभीर आरोप लग रहे हैं, उसमें किसी तरह की गंभीरता दिखाता नजर नहीं आ रहा। निसंदेह इस समय चुनाव आयोग की साख पूरी तरह दांव पर लगी दिखाई दे रही है।

## कांग्रेस के वोटों को निशाना बनाया जा रहा



चुनाव आयोग जानबूझकर कांग्रेस के वोटों को निशाना बना रहा है और उनके नाम डिलीट कर रहा है, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है, महाराष्ट्र, हरियाणा और यूपी में यही हो रहा है, कर्नाटक के आलंद में 6018 वोटर्स को डिलीट करने की कोशिश हुई, 2023 के चुनाव में किसी ने 6,018 वोट डिलीट करने की कोशिश की, इसकी संख्या ज्यादा भी हो सकती है, हमें नहीं पता कि कुल कितने वोट डिलीट किए गए, इन्हें डिलीट करते समय गलती से मामला पकड़ में आ गया, आलंद में जिन वोटर्स के नाम डिलीट किए गए, उनको हटाने के लिए दूसरे राज्यों में ऑपरेट हो रहे मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया, गोदावाई के 12 पड़ोसी के नाम भी हैं, जिन्हें इन मोबाइल नंबर्स से डिलीट किया गया।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते सड़क हादसे



**रजनीश कपूर**



दिल्ली, भारत की राजधानी, जो तेजी से विकसित हो रही है, वहां सड़कें न केवल प्रगति का प्रतीक हैं, बल्कि मौत का भी सैलाब बन चुकी हैं। 14 सितंबर 2025 को दिल्ली में एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने दोषपूर्ण हत्या के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आए दिन हमें देश के अलग अलग शहरों से ऐसी घटनाओं की खबर मिलती है जो भारत की सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख देती हैं। हर साल लाखों दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें से अधिकांश रोकथाम योग्य हैं। लेकिन क्यों? इसका मुख्य कारण है आपातकालीन सेवाओं की घोर कमी, जनता द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करना और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सुस्ती।

सबसे पहले, हालिया दुर्घटना को समझें। नवजोत सिंह जैसे सम्मानित अधिकारी की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। पुलिस जांच से पता चला कि कार की रफ्तार निर्धारित गति सीमा से काफी अधिक थी। लेकिन हादसे के बाद जो सबसे बड़ी लापरवाही सामने आई, वह थी प्राथमिक चिकित्सा सहायता की अनुपस्थिति। दुर्भाग्यवश, दिल्ली जैसे महानगर में भी एम्बुलेंस पहुंचने में 20-30 मिनट लग जाते हैं। यदि 'गोल्डन ऑवर'कृयानी हादसे के पहले घंटे में उचित उपचार मिल जाता, तो शायद नवजोत की जान बच सकती थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत मौतें प्री-हॉस्पिटल चरण में ही हो जाती हैं, क्योंकि भारत में आपातकालीन सेवाएं अपर्याप्त हैं।

भारत में आपातकालीन सेवाओं की स्थिति बेहद दयनीय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2021 की रिपोर्ट के मुता. बिक, देश में 1,55,622 सड़क मौतें हुईं, जिनमें से 69,240 दोपहिया वाहनों से जुड़ी थीं। वहीं, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, 2022 में 4,64,910 दुर्घटनाओं में 1,47,913 मौतें हुईं। समस्या यह है कि भारत में एम्बुलेंस सेवाएं, जैसे 108 या 102, अक्सर ओवरलोडेड होती हैं। ग्रामीण और राजमार्गीय इलाकों में तो स्थिति और खराब है। यहां एम्बुलेंस पहुंचने में औसतन 45 मिनट से एक घंटा लग जाता है। एक अध्ययन के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना स्थल से ट्रॉमा सेंटर तक पहुंचने में देरी से 40 प्रतिशत मौतें बढ़ जाती हैं। दिल्ली में, जहां वाहनों की संख्या 1 करोड़ से अधिक है, ट्रैफिक जाम एम्बुलेंस को रोक देता है। फोरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि प्री-हॉस्पिटल इमरजेंसी केयर मजबूत होती, तो 30-50 प्रतिशत जानें बच सकतीं। लेकिन सरकार की '5ई' रणनीतिकृइंजीनियरिंग, एजुक. ेशन, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, में इमरजेंसी केयर पर निवेश न्यूनतम है। नतीजा? हर दिन 405 मौतें और 1,290 घायल। यह राष्ट्रीय संकट है, जो विकास की राह में बड़ा रोड़ा है।

अब जनता द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना की बात करें। इसका एक बड़ा कारण है 'चलता है' वाली मानसिकता। इंटरनेट पर कई प्लेटफॉर्म्स पर चर्चाओं से साफ है कि लोग नियमों को 'सजावटी' मानते हैं। ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट के ड्राइविंग, गलत लेन तोड़ना, ए आम हैं। क्यों? पहला, जागरूकता की कमी, स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की शिक्षापर्याप्त मात्रा में नहीं दी जाती, नतीजा बच्चे बड़े होकर भी नियमों को महत्व नहीं देते। दूसरा, जनसंख्या घनत्व 1।3 अरब आबादी वाले देश में सड़कें ओवरलोड हैं, लोग सोचते हैं, 'एक-दो नियम तोड़ लूंगा, क्या फर्क पड़ेगा?' तीसरा, सामाजिक दबाव, यदि कोई रेड लाइट पर रुकता है, तो पीछे से हॉर्न बजते हैं, गालियां पड़ती हैं। लोग जल्दबाजी में रहते हैं, ट्रैफिक में समय की कमी से तनाव बढ़ता है और नियम तोड़ना 'स्मार्ट' लगता है। चौथा, सांस्कृतिक पक्ष, भारत में 'जुगाड़' संस्कृति प्रचलित है। नियम तोड़ना 'चालाकी' माना जाता है। एक सर्वे के अनुसार, अधिकांश ड्राइवरों को नियमों की पूरी जानकारी ही नहीं। परिणामस्वरूप, 2023 में 35,000 पैदल यात्री और 10,000 बच्चे दुर्घटनाओं का शिकार बने। यदि जनता जागरूक होती, तो ए आंकड़े कम होते। इस अवहेलना का एक प्रमुख कारण है कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सुस्ती। ट्रैफिक पुलिस की कमी भयानक है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के अनुसार, 85,144 ट्रैफिक पुलिस पदों में 30 प्रतिशत और 58,509 कांस्टेबल पदों में 39 प्रतिशत रिक्त हैं। बिना सख्ती के, लोग नियम तोड़ते हैं। क्यों आलसी हैं एजेंसियां? पहला, संसाधनों की कमी। कैमरे, स्पीड गन्स, बॉडी कैमरे, आदि जैसे उपकरण अपर्याप्त हैं। मोटर व्हीकल एक्ट 2019 में सख्त जुर्माने जोड़े गए, लेकिन लागू नहीं होते। दूसरा, भ्रष्टाचार, छोटे-मोटे उल्लंघनों पर 50-100 रुपये में सेटलमेंट हो जाता है, जिससे डर समाप्त हो जाता है। तीसरा, प्राथमिकताएं, पुलिस अन्य अपराधों पर फोकस करती है, ट्रैफिक को सेकेंडरी मानती है। चौथा, प्रशिक्षण की कमी, अधिकारी सड़क डिजाइन या व्यवहार समझ नहीं पाते। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब सड़क डिजाइन और साइनेज भी दुर्घटनाएं बढ़ाते हैं, लेकिन प्रवर्तन कमजोर है। विदेशों की तरह यदि भारत में भी सख्ती हो, तो सुधार संभव है।


ये समस्याएं परस्पर जुड़ी हैं। अवहेलना से दुर्घटनाएं बढ़ती हैं, सेवाओं की कमी से मौतें। समाधान? पहला, आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करेंहर 10 किमी पर ट्रॉमा सेंटर हों। एकीकृत हेल्पलाइन '112' को मजबूत बनाया जाए। दूसरा, शिक्षा, स्कूलों में ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाए जाएं। तीसरा, प्रवर्तन, पुलिस भर्ती बढ़ाएं, ई-मॉनिटरिंग लागू करें, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। चौथा, बुनियादी ढांचा, सड़कें सुधारें, साइनेज बढ़ाएं। सरकार की 'रोड सेफ्टी' योजना को गति दें। नवजोत सिंह जैसीमौतें हमें झकझोरती है, यदि हम नहीं चेते, तो और कितने परिवार बिखरेंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनाली के पास छुपे हैं तीन शानदार हिल स्टेशन

**अगर आप भी मनाली के आसपास 100 किमी के अंदर अच्छी जगह ढूंढ रहे हैं, जहां पर जाने में अधिक समय नहीं लगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली से 100 किमी की दूरी पर स्थित कुछ हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं।**

जब भी लोग पहाड़ी जगहों पर घूमने जाने का प्लान करते हैं, तो वह आसपास की सभी जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान करते हैं। कई बार लोग ऐसी लोकेशन के बारे में सर्च करते हैं, जो आपकी लोकेशन के पास भी हो और साथ ही खूबसूरत भी हो। वहीं अपने शहर से दूर घूमने गए लोग हमेशा पूरी प्लानिंग करने के बाद जाते हैं। क्योंकि लंबे ट्रिप पर निकले लोग आसपास की जगहों को भी एक्सप्लोर करते हैं। ऐसे में अगर आप भी मनाली के आसपास 100 किमी के अंदर अच्छी जगहें ढूंढ रहे हैं, जहां पर जाने में अधिक समय नहीं लगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली से 100 किमी की दूरी पर स्थित कुछ हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं।



## मणिकर्ण

बता दें कि मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 100 किमी के अंदर है। आप यहां पर 2रू30 से 03रू00 घंटे में पहुंच जाएंगे। मनाली घूमने गए लोगों को आसपास की जगहों को कवर करना चाहिए। इससे न तो ज्यादा खर्च आएगा और न ही आपको लोकेशन तक पहुंचने पर अधिक समय लगेगा। मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 79 किमी दूर है। आप मणिकर्ण पहुंचकर कसोल भी जा सकते हैं। कसोल और मणिकर्ण की बीच की दूरी करीब 20 मिनट की है।

## कसोल

मनाली घूमने वाले लोगों को कसोल भी आना चाहिए। क्योंकि यह जगह मनाली से 100 किमी से भी कम दूरी पर स्थित है। अगर आपको ट्रैफिक नहीं मिलेगा, तो आपको यहां पहुंचने में करीब 2 घंटे का समय लगेगा। मनाली से कसोल की दूरी करीब 75 किमी है। बता दें कि कसोल और कसोली 2 अलग-अलग जगहें हैं। जिसमें कसोल ऊंचाई पर स्थित है और यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह जगह अपनी सुकून और शांति के लिए जाना जाता है।

## रोहतांग पास

मनाली के पास सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जगह रोहतांग पास है। मनाली घूमने जाने वाले लोग रोहतांग पास घूमने जरूर जाते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि मनाली से अधिक दूर नहीं है। इसलिए लोगों को यहां पर पहुंचने में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। मनाली से रोहतांग पास की दूरी करीब 50 किमी है। आप यहां पर 2 घंटे में आसानी से पहुंच जाते हैं और यहां पहुंचने में अधिक खर्च नहीं आने वाला है। ऐसे में अगर आप भी मनाली घूमने जा रहे हैं।

# हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम

भारतीय रेल्वे ने हाल ही में घोषणा की है कि हाइड्रोजन से चलने वाली एक ट्रेन ने सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैंय यह ट्रेन चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में विकसित की गई है। यह कदम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति का एक अच्छा संकेत है। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रति वर्ष कम से कम पचास लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जो 2070 तक देश में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

यह ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे मार्ग दौड़ेगी। यह ट्रेन जींद में स्थित 1 मेगावाट के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर द्वारा उत्पादित हाइड्रोजन पर निर्भर है, जहां प्रतिदिन 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन होता है। ट्रेन के ईंधन टैंक में हाइड्रोजन भरी जाएगी, ईंधन सेल हाइड्रोजन को बिजली में बदलेगा जिससे ट्रेन की इलेक्ट्रिक मोटरें चलेंगी। हाइड्रोजन बनाने का सिद्धांत काफी सरल है। विद्युत-अपघटक पानी के अणु को ऑक्सीजन, हाइड्रोजन आयन और इलेक्ट्रॉन में तोड़ता है। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया में ऋणात्मक इलेक्ट्रोड एनोड पर आणविक ऑक्सीजन मुक्त होती है, और मुक्त इलेक्ट्रॉन एक बाहरी परिपथ के माध्यम से धनात्मक इलेक्ट्रोड कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड और एनोड के बीच छन्ने के रूप में एक बहुलक विद्युत अपघटक झिल्ली होती है, जो केवल हाइड्रोजन आयन को कैथोड तक जाने देती है, जहां वे इलेक्ट्रॉनों के साथ मिलकर हाइड्रोजन अणु बनाते हैं। ए अणु गैस के रूप में ऊपर आते हैं। फिर इस गैस को संपीड़ित करके संग्रहित कर लिया जाता है। छन्ने के तौर पर इस्तेमाल झिल्ली आम तौर पर एक फ्लोरोपॉलीमर, जैसे नैफिऑन टेफ्लॉन से सम्बंधित, से बनी होती है। यह झिल्ली विद्युत की उम्दा कुचालक होती है, जो अपने में से इलेक्ट्रॉन्स को गुजरने नहीं देती। उत्पादित हाइड्रोजन और ऑक्सीजन एकदम अलग-अलग जगह बनते हैं।

हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों में हाइड्रोजन ईंधन सेल में उपरोक्त अभिक्रिया विपरीत दिशा में होती है। हाइड्रोजन को एनोड तक लाया जाता है, जहां उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रत्येक हाइड्रोजन अणु टूटकर दो हाइड्रोजन आयन और दो इलेक्ट्रॉन बनाता है। हाइड्रोजन आयन झिल्ली से होकर कैथोड तक जाते हैं जबकि इलेक्ट्रॉन इस झिल्ली को पार नहीं कर पाते और एक बाहरी परिपथ के जरिए कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड पर हाइड्रोजन आयन का संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन और एनोड तक बाहरी परिपथ के माध्यम से लाए गए इलेक्ट्रॉनों से होता है। इस प्रकार पानी बनता है। बाहरी परिपथ से प्रवाहित इलेक्ट्रॉन विद्युत धारा पैदा करते हैं जो वाहन को शक्ति प्रदान करती है।

ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं। इसमें विद्युत-रासायनिक रूप से सक्रिय सूक्ष्मजीव एनोड पर फलते-फूलते हैं और कृषि अवशेषों, अपशिष्ट जल जैसे कार्बनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण करते हैं, और इस प्रक्रिया में उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को एनोड तक पहुंचाया जाता है। उत्प्रेरक के तौर पर इसमें प्लैटिनम, इरिडियम जैसे महंगे पदार्थ चाहिए होते हैं। वर्तमान शोध का उद्देश्य महंगे तत्वों को निकल, कोबाल्ट, या लोहे जैसे सस्ते तत्वों से प्रतिस्थापित करना है। सस्ते हाइड्रोजन उत्पादन के शुरुआती कार्य में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के सीएनआर राव के समूह ने प्लैटिनम इलेक्ट्रोड के बराबर जल-अपघटन क्षमता वाले निकल-निकल हाइड्रॉक्साइड-ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड डिजाइन किए हैं। ऐसे शोध कार्यों को सौर ऊर्जा और सूक्ष्मजीव-चालित प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर एक ऐसा ईंधन तैयार किया जा सकता है जो पर्यावरण के अनुकूल भी हो और सस्ता भी।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**स्रोत फीचर्स**




**ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

### नवलनी को जेल में जहर दिया गया था: यूलिया

**लंदन।** रूस में विपक्ष के नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी की पत्नी ने कहा है कि 2024 में आर्कटिक दंड कॉलोनी में जेल की सजा काटते समय उन्हें जहर देकर मार दिया गया था। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में यूलिया नवलनया ने कहा कि दो देशों की प्रयोगशालाओं द्वारा तस्करी किए गए जैविक नमूनों के विश्लेषण से पता चला है कि उनके पति की 'हत्या' की गई थी। उन्होंने कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए जहर, नमूनों या विश्लेषण के बारे में विवरण नहीं दिया, लेकिन दोनों प्रयोगशालाओं को अपने परिणाम प्रकाशित करने की चुनौती दी। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक भ्रष्टाचार के विरोध में अभियान चलाने वाले और रूस के सबसे मुखर विपक्षी नेता का 16 फरवरी 2024 को 47 वर्ष की आयु में जेल में अचानक निधन हो गया था।

### अमेरिकी एनआईएच का पूरे स्वास्थ्य के लिए शोध अभियान

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) ने बुधवार को एक नई शोध पहल की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य के अध्ययन को आगे बढ़ाना और स्वस्थ शारीरिक क्रियाओं का एक एकीकृत ज्ञान नेटवर्क बनाना है। यह पांच वर्षीय शोध कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा, जिसमें मौजूदा वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करके स्वस्थ मानव शरीर क्रिया विज्ञान का एक संपूर्ण, कार्यशील मॉडल विकसित किया जाएगा। एनआईएच के अनुसार, आगे के चरणों में रक्तचाप, रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल जैसे सामान्य नैदानिक जांचों को प्रमुख शारीरिक क्रियाओं से जोड़ा जाएगा। एनआईएच के एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र की निदेशक हेलेन एम. लैंगविन ने कहा कि स्वस्थ शारीरिक क्रियाओं को संपूर्ण शरीर ज्ञान नेटवर्क में व्यवस्थित करके, शोधकर्ता स्वास्थ्य से संबंधित वैज्ञानिक प्रश्नों का एक नए तरीके से पता लगा सकेंगे।

### सिडनी हवाई अड्डे पर 'खसरे' का अलर्ट जारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य अधिकारियों ने सिडनी हवाई अड्डे पर खसरे का अलर्ट जारी किया है। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति की सूचना मिली है जो यात्रा के दौरान संक्रमित हो गया था। पूर्वी तटीय राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार रात जारी एक अलर्ट में कहा कि यह संक्रमित व्यक्ति हाल ही में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) से लौटा है, जहां खसरे का सक्रिय प्रकोप है और संक्रमित होने के दौरान उसने राज्य के उत्तरी क्षेत्र में कई स्थानों का दौरा किया था। बारह सितम्बर को वाशिगटन की राजधानी पर्थ से सिडनी जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों, साथ ही उसी दिन सिडनी से गोल्ड कोस्ट हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लक्षणों के विकास पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

# पाक-आर्मी चीफ ने सैनिकों को आंतकियों के जनाजे में भेजा

## जैश कमांडर बोला: जवानों ने वर्दी में अंतिम सलामी दी, ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए थे

**कोर कमांडरों को जनाजों के साथ चलने और वर्दी में उनकी सुरक्षा करने को कहा गया**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सैन्य अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शामिल होने का आदेश दिया था।

यह खुलासा आतंकी संगठन जैश- ए-मोहम्मद के प्रमुख कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने किया है। कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहा है कि जनरल हेडक्वार्टर ने शहीदों को सम्मानित करने और अंतिम सलामी देने का आदेश दिया है। कोर कमांडरों को जनाजों के साथ चलने और वर्दी में उनकी सुरक्षा करने को कहा गया। कुछ महीने पहले पाकिस्तानी सैनिकों की सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुई थी। इसमें सैनिक मारे गए आतंकी के अंतिम संस्कार में शामिल दिखाई दिए थे।

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की एयर स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरीदके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग भारत के हमले में मारे गए आतंकियों के नमाज- ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था। मसूद इलियास कश्मीरी ने अपने बयान में यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश- ए-मोहम्मद और बहावलपुर के आतंकी कैंपों के बीच के संबंधों को छिपाने की पूरी कोशिश की। यह बयान उस समय आया है, जब पाकिस्तान बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर यह दावा करता रहा है कि उसके देश में कोई आतंकी कैंप नहीं चल रहा है। पाकिस्तान सरकार और सेना ने हमेशा बहावलपुर में जैश के कैंपों के होने से इनकार किया है। इससे पहले लश्कर-ए-तैयबा के उप-प्रमुख सैफुल्लाह कसूरी ने टेलीग्राम पर वीडियो जारी कर भारत और पीएम मोदी को अंजाम भुगतने की धमकी दी।

**कुछ महीने पहले पाकिस्तानी सैनिकों की सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुई थी**

सैफुल्लाह 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में, कसूरी ने चेतावनी दी कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय बांधों, नदियों और इलाकों पर कब्जा करने की कोशिशें की जाएगी। कसूरी ने खुलासा किया कि पाकिस्तान सरकार और सेना आतंकवादी संगठन को मुरीदके में अपना मुख्यालय फिर से बनाने के लिए धन मुहैया करा रही है, जिसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाह कर दिया गया था।



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (DUSU) चुनाव में मतदान के लिए नॉर्थ कैंपस में कतार में खड़ी छात्राएं।

## लगातार इजरायली बमबारी फलस्तीन पर पड़ रही भारी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) के मानवीय सहायताकर्ताओं ने कहा कि गाजा शहर में बढ़ती इजरायली बमबारी और जमीनी कार्रवाई फलस्तीनियों पर लगातार भारी पड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा शहर के रंतिसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल पर रात भर कई बार हमला किया गया। इस अस्पताल में 80 मरीज थे, जिनमें 12 बच्चे और शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में थे।

आधे मरीज और उनके देखभाल करने वाले सुरक्षा की तलाश में गोलीबारी के बीच भागने को मजबूर हुए। संरा जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने कहा कि गाजा में इजरायली सैन्य अभियान के कारण

**महिलाएं बिना अस्पालों, डॉक्टरों या साफ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर**

महिलाएं बिना अस्पतालों, डाक्टरों या साफ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर हैं। इसमें कहा गया है कि 23 हजार महिलाएं बिना देखभाल के रह रही हैं और हर हफ्ते लगभग 15 बच्चे बिना किसी चिकित्सा सहायता के पैदा हो रहे हैं। ओसीएचए ने कहा कि उसके मानवीय सहयोगियों ने बताया है कि मार्च में युद्धविराम टूटने के बाद से, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य बाह्य रोगी सेवाएं प्रदान करने वाले 80 चिकित्सा केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 65 सेवा से बाहर हैं।

## लश्कर और जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई जरूरी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर- ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें।



**अफगानिस्तान को आतंक मुक्त करने के लिए यूएन में बोला भारत**

यह संदेश भारत के स्थाई प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया। हरीश ने कहा कि भारत लगातार अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा है। अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

## ब्रिटेन में ट्रम्प के राजकीय दौरे का विरोध

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राजकीय दौरे के विरोध में हजारों लोगों ने लंदन की सड़कों पर प्रदर्शन किया। इस रैली को 'स्टॉप ट्रम्प कोएलिशन' नामक संगठन ने निकाला। इसमें 50 से ज्यादा यूनियन और सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने लंदन के पोर्टलैंड प्लेस से संसद भवन चौराहे तक रैली निकाली। लंदन मेट्रोपालिटन पुलिस के मुताबिक करीब 5000 लोग इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सुरक्षा के लिए 1600 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। लोगों ने विरोध के लिए हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। इन पर 'ट्रम्प नाट वेलकम', 'नो टू रेसिज्म' और 'स्टॉप आर्मिंग इजराइल' यानी इजरायलको हथियार देना बंद करो, लिखा था। कई लोग ट्रम्प बेबी ब्लिम्प नाम के कास्ट्यूम के साथ भी पहुंचे। यह कास्टड्‌म 2019 में मशहूर हुआ था।

# ट्रम्प ने भारत-पाक समेत 23 देशों को ड्रग तस्कर बताया

## कहा: ये खतरनाक केमिकल बना रहे, इससे अमेरिका में इजरजेंसी जैसे हालात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 23 देशों को ड्रग तस्करी और अवैध ड्रग प्रोडक्शन करने वाले देशों की लिस्ट में शामिल किया है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, कोलंबिया, बोलिविया और वेनेजुएला जैसे देश शामिल हैं।



ट्रम्प ने अमेरिकी संसद को सौंपी गई 'प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन रिपोर्ट' में कहा कि इन देशों में अवैध ड्रग्स उत्पादन और तस्करी अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने कहा कि ड्रग तस्करी, खासकर फेंटेनाइल जैसे घातक ड्रग्स ने अमेरिका में नेशनल इमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। यह पब्लिक हेल्थ संकट का कारण बन रहा है और 18 से 44 साल के अमेरिकियों की मौत की प्रमुख वजह है। ट्रम्प ने कहा कि चीन फेंटेनाइल जैसे खतरनाक ड्रग्स बनाने वाले केमिकल का सबसे बड़ा सोर्स है। इसके साथ ही वो मेथामफेटामाइन जैसे अन्य नशीले पदार्थों को भी बढ़ावा दे रहा है। ट्रम्प ने चीन से इन रसायनों को रोकने और तस्करों पर कार्रवाई करने को कहा। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान, बोलिविया, म्यांमार, कोलंबिया, और वेनेजुएला जैसे देश ड्रग्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। इन देशों से ड्रग कंट्रोल के लिए और सख्त कदम उठाने की मांग की गई है। हालांकि मंत्रालय ने क्लियर किया कि इस लिस्ट में किसी देश का नाम होने का मतलब यह नहीं कि उसकी सरकार ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। ट्रम्प ने अफगानिस्तान पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तालिबान ने अवैध ड्रग्स पर प्रतिबंध का ऐलान किया था, लेकिन ड्रग्स का भंडार और मेथामफेटामाइन का प्रोडक्शन जारी है।

## पेन्सिलवेनिया में गोलीबारी, तीन पुलिस अधिकारियों की मौत, दो घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्वोत्तर राज्य पेन्सिलवेनिया के यॉर्क काउंटी में बुधवार दोपहर हुई गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी। सीबीएस न्यूज ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे यॉर्क काउंटी के नॉर्थ कोडोरस टाउनशिप में घटी है। चार अधिकारी उत्तरी यॉर्क काउंटी क्षेत्रीय पुलिस विभाग से थे, जबकि पांचवा यार्क काउंटी के डिप्टी शेरिफ है। अधिकारियों ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के कारण तीन अधिकारियों की मौत हो गई और दो का इलाज चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार पुलिस अधिकारी उस क्षेत्र में वारंट की तामील कर रहे थे, तभी एक संदिग्ध ने बंदूक निकाली और उन पर गोली चला दी।

# सऊदी-पाकिस्तान के बीच हुआ अहम सुरक्षा समझौता

## दोनों मिलकर हमले का जवाब देंगे, दावा: एटमी हथियार को भी इस्तेमाल शामिल

**रियाद।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा।

सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जाइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी। सऊदी अरब की राजधानी रियाद के यमामा पैलेस में हुई इस बैठक में क्राउन प्रिंस और शहबाज शरीफ ने चर्चा की।





**दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा**

**इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा**

शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। एक अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि यह समझौता किसी खास देश या घटना के खिलाफ नहीं हुआ है, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले गहरे सहयोग का आधिकारिक रूप है। इजरायलने 9 सितम्बर को कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-ह"या को निशाना बनाकर हमला किया था। इस हमले में अल-हय्या बच तो गया था, लेकिन 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 14 सितम्बर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जाइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जाइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। अफगानिस्तान और इराक में अमेरिका के राजदूत रह चुके जलमय खलीलजाद ने भी इस समझौते पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता हालांकि औपचारिक 'संधि' नहीं है, लेकिन इसकी गंभीरता को देखते हुए यह एक बड़ी रणनीतिक साझेदारी मानी जा रही है।

# पूर्व पीएम देउबा की पिटाई से डरे ओली का इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने गेन-जेड युवाओं के प्रदर्शन के दौरान 9 सितम्बर इस्तीफा दे दिया था। नेपाली न्यूज पोर्टल उकेरा ने दावा किया है उनके इस्तीफे से पहले प्रदर्शनकारियों ने 9 सितम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के घर में घुसकर मारपीट की थी, जिससे ओली डर गए थे।

इसके बाद ओली ने नेपाल सेना प्रमुख अशोक राज सिग्देल को फोन करके भागने के लिए हेलिकॉप्टर मांगा था। लेकिन सिग्देल ने उनके सामने शर्त रखी थी कि पहले इस्तीफा दो, तभी हेलिकॉप्टर मिलेगा। ओली इतनी हड़बड़ी में पीएम आवास से भागे थे कि उप-प्रधानमंत्री बिष्णु पौडेल भी पीछे छूट गए थे, क्योंकि हेलिकॉप्टर में जगह नहीं थी। 9 सितम्बर की रात को सेना ने देश की कमान अपने हाथ में ले ली थी, जिसके बाद कुछ हद तक हालात कंट्रोल में आए।

**सेना ने कहा: पहले इस्तीफा दो, फिर भागने के लिए हेलिकॉप्टर मिलेगा नेपाली मीडिया का दावा**

WALK IN INTERVIEW
Required: Staff For D.El.Ed.(B.T.C.)
Principal / H.O.D - 01
Lecturer For: Hindi, English, Sanskrit, Maths, Science, Urdu, Foundation, Phy. Edu., Music & fine Arts, Social Science.
Qualification and Salary:
As per NCTE Regulation 2014/ SCERT U.P./U.P. Govt. Norms
Appear for Interview on 29/09/2025 at 10:00 AM with Resume & Original Document with Colour Photograph in the Department of D.El.Ed.(B.T.C.) .
ISLAMIA DEGREE COLLEGE DEOBAND
Email: idcdeoband@gmail.com
Mob. : 9045143298, 8755525452
Add: Near Indra Park, Deoband, Saharanpur (247554)

# बांग्लादेश पहुंचे 120 अमेरिकी सैनिक

## बिना अपना नाम रजिस्टर किए चटगांव के होटल में ठहरे

**ढाका।** अमेरिका से 120 सैनिक 10 सितम्बर को जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के लिए बांग्लादेश पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये सैनिक चटगांव के 5 स्टार रैडिसन ब्लू होटल में ठहरे हैं। यहां उनके लिए 85 कमरे पहले से बुक किए गए थे, लेकिन होटल के रजिस्टर में उनके नाम नहीं हैं। ये सैनिक 20 सितम्बर को वापस जाएंगे।

इसके बाद मिस्र का एक सैन्य विमान 14 सितम्बर को चटगांव के शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरा। इसके अगले दिन अमेरिकी सैनिकों ने बांग्लादेश वायुसेना के पटेंगा एयर बेस का दौरा किया। पहले भी अमेरिकी और बांग्लादेशी सेना ने 'टाइगर लाइटनिंग' और 'ऑपरेशन लाइटनिंग' नाम से दो मिलिट्री एक्सरसाइज की थी। इनका मकसद दोनों देशों की सेनाओं का आपसी तालमेल बढ़ाना और शांति मिशनों की तैयारी करना था। इस साल की शुरुआत में सिलहट के जलालाबाद कैंटोनमेंट में बांग्लादेश सेना और अमेरिकी सेना के पैसफिक कमांड (यूएसएआरपीएसी) के बीच टाइगर लाइटनिंग-2025 अभ्यास हुआ था। यह अभ्यास शांति स्थापना, क्षेत्रीय सुरक्षा और आपसी सहयोग पर केंद्रित था। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान अभ्यास से पहले कतर और थाईलैंड की अग्रिम टीमें चटगांव भेजी गई थीं। विमानन ट्रैकर्स ने पुष्टि की कि अमेरिकी सेना अपने साथ दो बड़े अमेरिकी सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान, जिनमें से एक का काल साइन वाईजे-692 था, शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरे। ये सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान हैं, जो सामरिक हवाई परिवहन, राहत मिशन और विशेष अभियानों के लिए जाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कि ये विमान किसी भी मौसम में और बिना पक्के रनवे के काम कर सकते हैं। पिछले महीने अमेरिकी सेना के अधिकारी की ढाका में लाश मिली थी ढाका के वेस्टिन होटल में 31 अगस्त को अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज के एक अधिकारी टेरेन्स अरवेल जैक्सन की संदिग्ध स्थितियों में मौत हो गई थी।

**85 कमरे पहले से बुक किए गए थे, मिलिट्री एक्सरसाइज में हिस्सा लेंगे**

## बोल्सोनारों को त्वचा कैंसर के इलाज के बाद मिली अस्पताल से छुट्टी

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को त्वचा कैंसर का पता चलने और इलाज के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। राजधानी ब्रासीलिया स्थित जिस अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, उसने यह जानकारी दी। डीएफ स्टार अस्पताल के अनुसार, अंतर्घशिरा जलसेक उपचार के बाद बोल्सोनारो के लक्षणों में सुधार हुआ है लेकिन उन्हें अभी भी नैदानिक अनुवर्ती और नियमित समीक्षा की आवश्यकता है। अस्पताल ने उनके शरीर से निकाले गए त्वचा के घावों की रोग संबंधी जांच की। चिकित्सा रिपोर्ट से पता चला कि आठ त्वचा के घावों में से दो 'स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा इन सीटू' से संबंधित हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108